फाल्गुन शुक्ल पक्ष एकादशी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 20 मार्च 2024
वर्ष 5, अंक 123, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



ट्रंप मौलिक स्वतंत्रता के लिए खतरा : कमला हैरिस 16

फिल्म बड़की माई में नजर आएंगी मणि और रक्षा 15

## गृह विभाग के भी प्रमुख होंगे दीपक कुमार



- चुनाव आयोग ने तीन वरिष्ठ अफसरों के पैनल से चुना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार** : अपर मुख्य सचिव वित्त एवं माध्यमिक शिक्षा दीपक कुमार अब गृह विभाग की बागडोर भी संभालेंगे। भारत निवार्चन आयोग ने राज्य सरकार की ओर से भेजे गए वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों के नामों के पैनल में से उनके नाम पर मुहर लगा दी है। चुनाव आयोग ने मंगलवार परान्ह पांच बजे तक कार्यभार संभालने की रिपोर्ट मांगी थी, मगर दीपक कुमार दो दिन से बाहर हैं, उनके आते ही कार्यभार सौंपा जाएगा।

भारत निर्वाचन आयोग ने सोमवार को ही चुनाव आचार संहिता के तहत उप्र समेत छह राज्यों के मुख्यमंत्री सचिवालय में तैनात वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों से गृह विभाग का दायित्व वापस लेने का आदेश दिया था। यह विभाग सौंपने के लिए मुख्य सचिव से तीन वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों के नामों का पैनल मांगा गया था। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने सोमवार को ही चुनाव आयोग को अपर मुख्य सचिव वित्त दीपक कुमार, प्रमुख सचिव खेल आलोक कुमार और प्रमुख सचिव पीडब्ल्यूडी अजय चौहान के नाम का पैनल भेजा। निवार्चन आयोग के सचिव राकेश कुमार ने मंगलवार को मुख्य सचिव को पैनल में पहले स्थान पर शामिल दीपक कुमार को गृह विभाग का कार्यभार शाम पांच बजे तक सौंपने का आदेश देते हुए मुख्य सचिव और राज्य निर्वाचन अधिकारी से भी रिपोर्ट मांगी। आदेश के अनुपालन के लिए मुख्य सचिव ने नियुक्ति एवं कार्मिक विभाग को निर्देश जारी किया। इसके बाद नियुक्ति विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है।

### पश्चिम बंगाल में फिर बदलाव, अब संजय मुखर्जी नए डीजीपी



**कोलकाता।** निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को 1989 बैच के आईपीएस अधिकारी संजय मुखर्जी को तत्काल प्रभाव से पश्चिम बंगाल का पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) नियुक्त कर दिया। इससे पहले, सोमवार को डीजीपी राजीव कुमार को पद से हटाकर उनकी जगह विवेक सहाय को नया डीजीपी नियुक्त किया गया था लेकिन उन्हें भी 24 घंटे के भीतर पद से हटा दिया गया है। आयोग ने एक अधिसूचना में कहा कि उसने पश्चिम बंगाल के पुलिस महानिरीक्षक एवं महानिदेशक पद के लिए संजय मुखर्जी के नाम को मंजूरी दे दी है। आयोग ने मंगलवार को राज्य सरकार द्वारा भेजे गए तीन अधिकारियों के पैनल में से संजय मुखर्जी के नाम को मंजूरी दे दी।

## पशुपति पारस का केंद्रीय मंत्रिमंडल से इस्तीफा

नई दिल्ली, एजेंसी



- भाजपा पर सीट बंटवारे में नाइंसाफी करने का आरोप

केंद्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस ने मंगलवार को केंद्र सरकार से इस्तीफा दे दिया और आरोप लगाया कि भाजपा लोकसभा चुनाव के लिए बिहार में सीट बंटवारे की बातचीत में शामिल नहीं करके उनकी राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी (रालोजपा) के साथ नाइंसाफी कर रही है।

पारस ने एक संवाददाता सम्मेलन में यह घोषणा की। इससे एक दिन पहले ही भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने राज्य में अपने सीट-बंटवारा समझौते की घोषणा की थी और चिराग पासवान के नेतृत्व वाली लोजपा (रामविलास) को पांच सीट देने का एलान किया था। पारस ने अपनी भविष्य की योजनाओं के बारे में कुछ नहीं बताया। केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल भाजपा के किसी सहयोगी दल के एकमात्र नेता पारस ने सीट-बंटवारे को लेकर नाखुशी जताने से पहले प्रधानमंत्री को बड़ा नेता बताते हुए उनका आभार जताया।

### झामुमो छोड़ भाजपा में शामिल हुईं सीता सोरेन



**रांची/नई दिल्ली।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की भाभी और जामा से झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की विधायक सीता सोरेन ने मंगलवार को पार्टी से इस्तीफा दे दिया और भाजपा में शामिल हो गईं। उन्होंने नई दिल्ली में भाजपा महासचिव विनोद तावड़े और झारखंड के चुनाव प्रभारी लक्ष्मीकांत बाजपेई की मौजूदगी में पार्टी की सदस्यता ली। पार्टी सुप्रीमो और अपने ससुर शिबू सोरेन को लिखे इस्तीफे में सीता ने कहा कि वह झामुमो में उपेक्षित महसूस कर रही थीं।

### अशरफ ने जदयू महासचिव पद और पार्टी भी छोड़ा



**पटना।** जनता दल-यूनाइटेड (जद-यू) के राष्ट्रीय महासचिव मोहम्मद अली अशरफ फातमी ने मंगलवार को पार्टी छोड़ दी और दावा किया कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हाल में भाजपा के साथ फिर से गठबंधन करने से आहत होकर उन्होंने यह फैसला किया। फातमी पहले राजद (राष्ट्रीय जनता दल) में थे। उन्होंने राजद में लौटने की संभावना से इनकार नहीं किया और यह स्वीकार किया कि वह अपनी पसंद की सीट से लोकसभा चुनाव लड़ने के इच्छुक हैं।

# घर में घुसकर दो भाइयों का गला काटा हत्यारोपी मुठभेड़ में ढेर, शहर में बवाल

**10 और छह साल के थे दोनों भाई ● भीड़ ने किया पथराव ● आगजनी की कोशिश ● सीआरपीएफ तैनात**

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार** : सैलून चलाने वाले युवक ने पड़ोस के घर में घुसकर 10 और छह साल के दो भाइयों की चाकू और उस्तरा से गला काटकर हत्या कर दी। तीसरे भाई को भी मारने का प्रयास किया लेकिन वह बचकर भाग गया। हत्या करने के बाद आरोपी वहां से निकल भागा। पुलिस ने उसका पीछा किया और शेखूपुर जंगल के पास मुठभेड़ में मार गिराया । इधर दो बच्चों की हत्या से गुस्साये लोगों ने मंडी पुलिस चौकी पर प्रदर्शन किया। पुलिसकर्मियों से धक्का-मुक्की हुई। खोखों में आग लगा दी, पथराव किया। सांप्रदायिक तनाव उत्पन्न हो गया। डीएम, एसएसपी मौके पर पहुंच गए। केंद्रीय पुलिस बल और सात थानों की पुलिस ने स्थिति को नियंत्रण में किया। देर रात आईजी डॉ. राकेश कुमार भी पहुंच गए। बच्चों की हत्या की वजह का पता नहीं चल सका है।




घटना के बाद पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करते लोग। ● अमृत विचार

कोतवाली सिविल लाइन क्षेत्र की बाबा कॉलोनी नई बस्ती निवासी विनोद कुमार रुद्रपुर में रहकर ठेकेदारी करते हैं। उनकी पत्नी और तीन बेटे आयुष (10), आहन प्रताप (6) और पीयूष घर पर रहते हैं। मंगलवार देर शाम विनोद के घर के सामने नाई की दुकान करने वाला साजिद पुत्र बाबू उनके घर पहुंचा। विनोद की पत्नी से कहा कि उसकी पत्नी गर्भवती है और अस्पताल में भर्ती है। उसका मन नहीं लग रहा। कुछ देर के लिए यहीं रुक जाता हूं। इसी बीच वह तीसरी मंजिल पर चला गया। वहां अचानक आयुष और आहन प्रताप का गला छुरे और उस्तरे से काट दिया। चीख सुनकर तीसरा भाई पीयूष वहां पहुंचा तो साजिद ने उस पर भी छुरे से हमला किया लेकिन वह भाग गया।

इधर दूसरे समुदाय के युवक द्वारा दो भाइयों की हत्या की जानकारी लोगों को हुई तो आक्रोश फैल गया। भीड़ ने पुलिस को शव उठाने से रोक दिया। डीएम मनोज कुमार और एसएसपी आलोक प्रियदर्शी पहुंच गए। इसी बीच गुस्साए लोग केन में पेट्रोल लेकर मंडी चौकी पहुंच गए। दुकानों में आग लगाने का प्रयास किया। पुलिस ने सख्ती की तो भीड़ वहां से हत्यारोपी की दुकान पर पहुंची। शटर को तोड़ने का प्रयास किया। जमकर पथराव और पुलिसकर्मियों से धक्का-मुक्की की। गुस्साए लोगों ने मंडी समिति में एक खोखे और आसपास से कुछ सामान एकत्र करके चौराहे पर आग लगा दी। प्रशासन के हाथ पैर फूल गए। सीआरपीएफ बुलाई गई। शहर में पुलिस और केंद्रीय बल तैनात कर दिया गया है। डीएम मनोज कुमार ने बताया कि स्थिति नियंत्रण में है।

> दो बच्चों की हत्या हुई थी। खून से लथपथ आरोपी वहां से निकल गया। पुलिस टीम को पता चला तो उसका पीछा किया। शेखूपुर जंगल के पास उसने पुलिस पर फायर करके भागने का प्रयास किया। पुलिस ने भी जवाबी फायर किया जिससे आरोपी की मौत हो गई है। घटना के कारणों की जानकारी की जा रही है।
> – **डॉ. राकेश सिंह**, आईजी

## शीर्ष कोर्ट का सीएए पर रोक से इनकार, केंद्र को नोटिस

नई दिल्ली, एजेंसी



- तीन सप्ताह में पक्ष रखने को कहा अगली सुनवाई नौ अप्रैल को
- 237 याचिकाओं पर जवाब देने को केंद्र सरकार ने मांगे 4 सप्ताह

उच्चतम न्यायालय ने नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए)- 2019 और नागरिक संशोधन नियम- 2024 (11 मार्च 2024 को अधिसूचित) के कार्यान्वयन पर रोक लगाने की मांग वाली याचिकाओं पर मंगलवार को केंद्र सरकार को नोटिस जारी करते हुए अगली सुनवाई की तारीख नौ अप्रैल मुकर्रर की। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद केंद्र सरकार को जवाब देने का निर्देश दिया।

पीठ ने सीएए अधिनियम और नियमों के तहत नागरिकता देने से केंद्र सरकार को रोकने का निर्देश देने की याचिकाकर्ताओं की गुहार ठुकराते हुए कहा कि हम कोई प्रथम दृष्टया विचार व्यक्त नहीं कर रहे हैं। शीर्ष अदालत ने हालांकि, केंद्र सरकार को नोटिस जारी करके उसे अपना पक्ष तीन सप्ताह के भीतर रखने का निर्देश दिया। पीठ के समक्ष केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने दलील देते हुए जबाव के लिए चार सप्ताह का समय देने की गुहार लगाई। उन्होंने पीठ के समक्ष कहा कि दो सौ 37 याचिकाएं हैं। रोक (सीएए पर) लगाने की मांग करते हुए 20 आवेदन हैं। मुझे जवाब दाखिल करने के लिए समय चाहिए।

### मुस्लिम लीग व अन्य ने दायर की हैं याचिकाएं

याचिकाकर्ताओं की दलीलें सुनने के बाद पीठ ने केंद्र को नोटिस जारी करते हुए मामले को नौ अप्रैल के लिए सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया। याचिकाएं इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग और अन्य की ओर से दायर की गई थी। वरिष्ठ अधिवक्ताओं कपिल सिब्बल, इंदिरा जयसिंह और विजय हंसारिया ने पीठ से कहा कि वह सॉलीसीटर जनरल मेहता से बयान देने को कहें कि फैसला होने तक किसी को नागरिकता नहीं दी जाएगी, क्योंकि नागरिकता मिलने के बाद पूरी प्रक्रिया अपरिवर्तनीय हो जाएगी और मामला निरर्थक हो जाएगा।

**रमज़ान मुबारक**
नौंवा रोज़ा इफ्तार - 20 मार्च 2024
सुन्नी - 06:27 बजे | शिया- 06:35 बजे
दसवां रोज़ा सहरी - 21 मार्च 2024
सुन्नी - 04:53 बजे | शिया- 04:45 बजे
नोटः- सहरी व इफ्तार में क्षेत्रवार समय में परिवर्तन हो सकता है।

माह-ए-रमज़ान की दिली मुबारकबाद
An ISO 9001:2015 Certified Company
NOOR GLASS FABRICATION
If U Can Dream We Can Build
Bajrang Dhaba, Opp. SBI Bank, Pilibhit Bypass Road, Bareilly
9761560515
e-mail : ahmadmuneer13@gmail.com
website : www.noorglassfabrication.com










## भाजपा, कांग्रेस, बसपा व सपा को फिर भेजें नोटिस

विधि संवाददाता, लखनऊ

- जातीय रैलियों के मामले में हाईकोर्ट ने दिए आदेश

**अमृत विचार** : हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने प्रदेश में जातीय रैलियों पर रोक लगाने की मांग वाली जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए, भाजपा, कांग्रेस, सपा व बसपा को नई नोटिस भेजने का आदेश दिया है। न्यायालय ने पाया कि 11 नवंबर 2022 के आदेश के अनुपालन में भेजी गई नोटिस इन राजनीतिक दलों को प्राप्त नहीं हो सकी लिहाजा नई नोटिसें भेजी जाएं।

यह आदेश मुख्य न्यायमूर्ति अरुण भंसाली व न्यायमूर्ति जसप्रीत सिंह की खंडपीठ ने स्थानीय अधिवक्ता मोतीलाल यादव द्वारा वर्ष 2013 में दाखिल जनहित याचिका पर पारित किया। वहीं सुनवाई के दौरान चुनाव आयोग की ओर से बताया गया कि उसने ऑनलाइन जवाबी हलफ़नामा दाखिल कर दिया है। हालांकि रिकॉर्ड पर हलफ़नामा नहीं पाया गया। इस पर कोर्ट ने आयोग को जवाबी हलफ़नामा दाखिल करने का अंतिम अवसर देते हुए, अग्रिम सुनवाई के लिए 10 अप्रैल की तिथि तय की है। याची के अनुसार न्यायालय ने पूर्व के आदेश में चुनाव आयोग समेत केंद्र व राज्य सरकारों को जातीय रैलियों के विरुद्ध गाइडलाइन बनाने का आदेश दिया था।

## चुनाव के कारण सिविल सेवा-प्री परीक्षा स्थगित

**नई दिल्ली।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने 26 मई को होने वाली सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा को लोकसभा चुनाव के कारण 16 जून के लिए स्थगित कर दिया। आईएएस, आईएफएस और आईपीएस एवं अन्य अधिकारियों का चयन करने के लिए यूपीएससी प्रतिवर्ष तीन चरणों (प्रारंभिक, मुख्य और साक्षात्कार) में सिविल सेवा परीक्षा आयोजित कराता है। यूपीएससी ने कहा कि आसन्न आम चुनाव कार्यक्रम के मद्देनजर आयोग ने सिविल सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा -2024 को स्थगित करने का निर्णय लिया है, जो 26 मई के बजाय 16 जून 2024 को होगी।

## मोदी की गारंटी का हश्र इंडिया शाइनिंग वाला होगा : खरगे

नई दिल्ली, एजेंसी



- सीडब्ल्यूसी की बैठक में लोस चुनाव के घोषणा पत्र पर हुआ मंथन
- घोषणा पत्र में पांच न्याय और 25 गारंटी, कार्यकर्ता घर-घर जाएंगे

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मंगलवार को कहा कि देश बदलाव चाहता है तथा इस लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की गारंटी का वही हश्र होगा जो वर्ष 2004 में ''इंडिया शाइनिंग'' (भारत उदय) नारे का हुआ था। उन्होंने कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक में यह भी कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं को कांग्रेस के घोषणापत्र को घर-घर तक ले जाना होगा। कार्य समिति ने खरगे को लोकसभा चुनाव के लिए घोषणापत्र को मंजूरी देने और इसे जारी करने की तिथि निर्धारित करने के लिए भी अधिकृत किया। पार्टी का कहना है कि यह उसका सिर्फ एक चुनावी घोषणापत्र नहीं, बल्कि न्याय पत्र होगा तथा वह घर-घर गारंटी लेकर जाएगी। कार्य समिति की बैठक में घोषणापत्र के उस मसौदे पर विस्तृत चर्चा की गई जिसे पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम की अध्यक्षता वाली समिति ने तैयार किया है। कांग्रेस के अनुसार, उसका घोषणापत्र पार्टी के पांच न्याय- भागीदारी न्याय, किसान न्याय, नारी न्याय, श्रमिक न्याय और युवा न्याय पर आधारित होगा। इनमें 25 गारंटी होंगी जिनकी घोषणा कांग्रेस अध्यक्ष खरगे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पहले ही कर चुके हैं। सूत्रों का कहना है कि अगले कुछ दिनों के भीतर कांग्रेस अपना घोषणापत्र जारी कर सकती है। कार्य समिति की बैठक में पूर्व पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी एवं राहुल गांधी, महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा, संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, घोषणापत्र समिति के प्रमुख पी चिदंबरम और कार्य समिति के कई अन्य सदस्य शामिल हुए। बैठक के बाद वेणुगोपाल ने संवाददाताओं से कहा कि कांग्रेस कार्य समिति ने 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए घोषणापत्र पर विस्तृत चर्चा की। करीब साढ़े तीन घंटे तक चर्चा हुई। चर्चा के बाद कांग्रेस अध्यक्ष को अधिकृत किया गया कि वह घोषणापत्र को अनुमोदित करें और इसे जारी करने की तिथि निर्धारित करें।

## वाणिज्य कर का डीसी दो लाख रिश्वत लेते गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- हेल्पलाइन नंबर पर कंपनी प्रतिनिधि ने दी थी सूचना

**अमृत विचार** : सतर्कता अधिष्ठान ने मंगलवार को वाणिज्य कर के डिप्टी कमिश्नर को दो लाख की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई अधिष्ठान द्वारा जारी हेल्पलाइन नंबर पर एक कंपनी प्रतिनिधि की शिकायत पर की गई। अधिकारियों ने बताया कि रिश्वत विरोधी हेल्प लाइन पर एक एक्सपोर्ट कम्पनी के प्रतिनिधि ने कॉल करके बताया कि वाणिज्य कर के डिप्टी कमिश्नर (जीएसटी) धनेंद्र कुमार पांडेय द्वारा उनकी कंपनी के जीएसटी रिफंड पास करने के एवज में दो लाख रुपये की रिश्वत मांगी जा रही है। शिकायतकर्ता को कार्यालय बुलाकर पुलिस अधीक्षक अभिसूचना डॉ.अरविन्द चतुर्वेदी ने पूछताछ की। कंपनी ने दी गई जीएसटी के आधार पर लगभग 20 लाख का रिफंड क्लेम किया था। यह रिफंड वाणिज्य कर के डिप्टी कमिश्नर (जीएसटी) जोन 20 धनेन्द्र कुमार पांडेय द्वारा स्वीकृत किया जाना था। पांडेय ने रिफंड स्वीकृत करने के लिए दो लाख रिश्वत मांगी।

## पहले चरण के चुनाव के लिए अधिसूचना आज

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- लोकसभा की 8 सीटों के लिए आज से नामांकन 19 अप्रैल को होगा मतदान

**अमृत विचार** : प्रदेश में पहले चरण चरण में 8 लोकसभा सीटों के चुनाव के लिए 20 मार्च को अधिसूचना जारी की जाएगी। इस चरण में 19 अप्रैल को मतदान होगा। लोकभवन में मंगलवार को पत्रकारवार्ता में मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए 20 मार्च से चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो रही है। प्रथम चरण में 8 सीटों के लिए निर्वाचन की अधिसूचना जारी होगी। इसके साथ ही, इन निर्वाचन क्षेत्रों में नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। नामांकन सुबह 11 से दोपहर 3 बजे के बीच किए जा सकेंगे।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि पहले चरण में जिन 8 लोकसभा क्षेत्रों के लिए चुनाव होना है, उनमें सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना (अनु. जाति), मुरादाबाद, रामपुर व पीलीभीत लोकसभा क्षेत्र शामिल हैं। 8 सीटों में 7 सीटें सामान्य श्रेणी की हैं और एक सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। इन सीटों के लिए नामांकन भरने की अंतिम तिथि 27 मार्च है। नामांकन पत्रों की जांच 28 मार्च को की जाएगी। 30 मार्च को नाम वापसी की अंतिम तिथि है। पहले चरण का मतदान 19 अप्रैल को होगा। उत्तर प्रदेश की सभी निवार्चन क्षेत्रों की मतगणना 4 जून को होगी। प्रथम चरण की आठ सीटों पर में 1.43 करोड़ मतदाता हैं, जिनमें 76.23 लाख पुरुष, 67.14 लाख महिला व 824 थर्ड जेंडर हैं। इन निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 7693 मतदान केन्द्र व 14842 मतदेय स्थल हैं।

### सामान्य श्रेणी प्रत्याशी जमा करेंगे 25 हजार रुपये जमानत राशि

सामान्य श्रेणी प्रत्याशी को 25 हजार रुपये व एससी/एसटी प्रत्याशी को 12,500 रुपये जमानत धनराशि जमा करनी होगी। राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय दलों के प्रत्याशियों को निर्वाचन क्षेत्र का एक निर्वाचक प्रस्तावक के रूप में व पंजीकृत अमान्यता प्राप्त दल व निर्दलीय प्रत्याशियों को 10 प्रस्तावक की आवश्यकता होगी। नामांकन के समय रिटर्निंग /सहायक रिटर्निंग ऑफिसर के कार्यालय के 100 मीटर की परिधि में अधिकतम तीन वाहन और प्रत्याशी सहित अधिकतम पांच व्यक्ति प्रवेश कर सकेंगे। उम्मीदवारों को फार्म-ए व फार्म-बी दाखिल करना होगा।

## नोटिस का जवाब नहीं देने पर योग गुरु सुप्रीम कोर्ट में तलब

नई दिल्ली, एजेंसी

**भ्रामक विज्ञापन मामला**

- कोर्ट ने कहा-बाबा रामदेव, आचार्य बालकृष्ण व्यक्तिगत रूप से पेश हों

सुप्रीम कोर्ट ने योग गुरु बाबा रामदेव को पतंजलि आयुर्वेद के भ्रामक विज्ञापनों के मामले में उनके खिलाफ अदालत की अवमानना कार्रवाई के तहत जारी कारण बताओ नोटिस का जवाब दाखिल नहीं करने पर व्यक्तिगत रूप से अदालत में पेश होने का मंगलवार को निर्देश दिया।

न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने रामदेव और आचार्य बालकृष्ण के जवाब दाखिल करने में विफलता पर नाराजगी व्यक्त की और उनके बारे में कहा कि वे विज्ञापन के मामले में प्रथम दृष्ट्या दोषी करार दिए गए थे। उनका पक्ष रख रहे वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी से पीठ ने कहा कि आप हमारे आदेशों की अवहेलना कैसे कर सकते हैं...पहले हमारे हाथ बंधे हुए थे। पीठ ने उनसे कहा कि आप नोटिस का जवाब नहीं दे रहे और प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई थी। शीर्ष अदालत ने रोहतगी की राहत देने संबंधी तमाम दलीलें खारिज करते हुए कहा कि आदेश में संशोधन का कोई सवाल ही नहीं है।

## सियासी हलचल

### भाजपा की महानगर टीम का विस्तार किया



**बरेली, अमृत विचार :** भाजपा महानगर के चार रिक्त पदों पर मंगलवार को पदाधिकारियों की नियुक्ति कर दी गई है। महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना ने बताया कि महानगर टीम का विस्तार करते हुए सह कार्यालय मंत्री पुष्पेंद्र सिंह पटेल, सह कार्यालय मंत्री अजय कुमार सिंह चौहान, सह कोषाध्यक्ष विपिन रस्तोगी (भास्कर) और सह मीडिया प्रभारी राहुल लखोटिया को बनाया गया है। इस दौरान विष्णु शर्मा, देवेंद्र जोशी, मीडिया प्रभारी बंटी ठाकुर, सूर्यकांत मौर्य, ज्ञान प्रकाश लोधी, राजीव कश्यप, नरेंद्र मौर्य, मोहित तिवारी, राम बहादुर मौर्य ने पदाधिकारियों को बधाई दी। वहीं, दूसरी ओर लोकसभा चुनाव की शहर विधानसभा की चुनाव संचालन समिति की घोषणा मंगलवार को की गई, जिसमें 35 से अधिक लोगों को अलग-अलग जिम्मेदारियां दी गई हैं। इसमें रामकृष्ण शुक्ला, पुष्पेंद्र सिंह को शहर विधानसभा का मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है। लोकसभा संयोजक राजकुमार शर्मा, सह संयोजक डॉ. केएम अरोड़ा, भाजपा नेता अनिल सक्सेना आदि ने समिति को बधाई दी।

### कांग्रेस और सपा के पदाधिकारी संयुक्त रूप से चलाएंगे वार रूम



**बरेली, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में कांग्रेस और सपा मिलकर वार रूम में काम करेंगे। मंगलवार को महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय शुक्ला के निवास पर हुई बैठक में इसकी तैयारी की गई। बैठक में महानगर अध्यक्ष ने बेरोजगारी, महंगाई, भ्रष्टाचार के मुद्दे पर भाजपा सरकार को घेरते हुए कहा कि इस सरकार से सभी परेशान हैं। पूर्व पार्षद महेश पंडित ने बताया कि महानगर के 80 वार्ड को पांच सेक्टर में विभाजित कर दिया गया है। 12 वार्डों पर एक वार रूम स्थापित किया जाएगा। इस दौरान महानगर प्रवक्ता योगेश जौहरी, मुकेश वाल्मीकि, महसर खान, डॉ. सर्वत हुसैन हाशमी, फिरोज खान, अफसार खान, पप्पू सागर, नासिर अब्बासी, इस्लाम खान, रफीक, भारती, दिनेश वाल्मीकि,अब्दुल सत्तार आदि मौजूद रहे।

### प्रदेश उपाध्यक्ष ने किया संवाद

**बरेली, अमृत विचार :** भाजपा की बरेली लोकसभा संचालन समिति की बैठक मंगलवार को सिविल लाइंस स्थित कार्यालय पर हुई। इसमें प्रदेश उपाध्यक्ष, ब्रज क्षेत्र के प्रभारी एवं एमएलसी संतोष सिंह ने पदाधिकारियों से संवाद किया और संचालन समिति के सदस्यों को जिम्मेदारियां दीं। बैठक में क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्विजय सिंह शाक्य ने कहा कि विधानसभा चुनाव संचालन समिति की बैठक कर सभी को सक्रिय किया जाए। जिला प्रभारी चौधरी देवेंद्र सिंह, वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार, मेयर उमेश गौतम, जिलाध्यक्ष पवन शर्मा, महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना, विधायक डॉ. डीसी वर्मा, डॉ. एमपी आर्य, पूर्व मंत्री बहोरन लाल मौर्य, लोकसभा प्रभारी राकेश गुप्ता, लोकसभा संयोजक राज कुमार शर्मा, सह संयोजक डॉ. केएम अरोरा आदि मौजूद रहे।

# टिकट पक्के नहीं... लेकिन मुकाबला चालू

## बदायूं, बरेली और पीलीभीत में भाजपा के उम्मीदवारों के चयन पर नजर जमाए हुए है इंडिया का नेतृत्व

कार्यालय संवाददाता, बरेली

24 18वीं लोकसभा का चक्रव्यूह



- भाजपा की घोषणा में देरी से मंडल की पांचों सीटों पर अंतिम तस्वीर साफ नहीं
- पीलीभीत में आज से नामांकन, भाजपा-इंडिया दोनों ने घोषित नहीं किया है प्रत्याशी

**अमृत विचार :** चुनाव में उतरने से पहले ही भाजपा और इंडिया के टिकट के दावेदारों को सियासी शह और मात के दौर से गुजरना पड़ रहा है। बरेली में आठ बार सांसद रह चुके संतोष गंगवार को टिकट के लिए जोर लगाना पड़ रहा है। उधर, बदायूं और पीलीभीत में भी भाजपा सांसदों के समर्थकों को हाईकमान के निर्णय का इंतजार भारी पड़ रहा है। इंडिया की ओर से बदायूं और बरेली में उम्मीदवार घोषित किए जा चुके हैं लेकिन फिर भी उसका नेतृत्व इन दोनों सीटों पर भाजपा उम्मीदवारों की घोषणा पर नजर जमाए हुए हैं।

राजनीतिक हल्कों में इस बात की गंभीर चर्चा है कि बदायूं, बरेली, आंवला और पीलीभीत में अभी चुनाव की अंतिम तस्वीर साफ नहीं हुई है। सबसे ज्यादा कशमकश पीलीभीत सीट पर है जहां बुधवार से नामांकन प्रक्रिया शुरू होने जा रही है लेकिन पहली दो लिस्टों में भाजपा ने अपने मौजूदा सांसद वरुण गांधी को उम्मीदवार घोषित नहीं किया है। कुछ समय पहले तक महंगाई, बेरोजगारी और किसान आंदोलन जैसे मुद्दों पर विपक्ष के सुर में सुर मिलाने के बाद वरुण अब कुछ समय से शांत हैं लेकिन पार्टी हाईकमान का उनकी इस बयानबाजी पर अब तक रुख साफ नहीं हुआ है। कहा जा रहा है कि पीलीभीत में भाजपा के टिकट की घोषणा के साथ ही यह साफ होगा कि उनके अपनी ही पार्टी के नेतृत्व को चुनौती देने वाले इन बयानों को कैसे लिया गया।

बदायूं की सांसद संघमित्रा को भाजपा ने 2019 में उस वक्त टिकट दिया था, जब उनके पिता स्वामी प्रसाद मौर्य भी भाजपा में ही थे लेकिन विधानसभा चुनाव 2022 से ऐन पहले वह सपा में शामिल हो गए थे और अब अलग पार्टी बना चुके हैं। इस बीच हिंदू धर्म विरोधी उनके बयान काफी चर्चा में रहे हैं, इसलिए संघमित्रा के टिकट पर भी बहुत आश्वस्त करने वाली स्थिति नहीं है। पीलीभीत से पीडब्ल्यूडी मंत्री जितिन प्रसाद और बदायूं से डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के नाम इस बीच काफी चर्चा में रहे हैं, लेकिन हाईकमान का अंतिम फैसला क्या होगा, इसका सटीक अनुमान जताने की स्थिति में पार्टी का भी कोई नेता फिलहाल नहीं है। बरेली में संतोष गंगवार के साथ ऐसा कोई विवाद तो नहीं है लेकिन उनकी उम्र और दूसरे दावेदारों के दावों के साथ आठ बार के सांसद होने के बावजूद पहली दो सूचियों में उनका नाम न होने से असमंजस पैदा हो गया है। उनके समर्थकों में बेचैनी इसलिए कुछ ज्यादा है क्योंकि जिले की ही दूसरी सीट से सांसद धर्मेंद्र कश्यप को पार्टी ने फिर प्रत्याशी घोषित कर दिया है। शाहजहांपुर जहां चौथे चरण में चुनाव होना है, वहां भी पार्टी ने उम्मीदवार घोषित कर दिया है।

उधर, इंडिया गठबंधन ने भी पीलीभीत और शाहजहांपुर की सीटें खाली छोड़ी हुई हैं। कहा जा रहा है कि पीलीभीत में उसे भाजपा का प्रत्याशी घोषित होने का इंतजार है। इसके अलावा इंडिया का नेतृत्व इस पर भी निगाह जमाए हुए है कि बदायूं से संघमित्रा को भाजपा दोबारा टिकट देती है या नहीं। यह भी दावा किया जा रहा है कि बरेली मंडल में इंडिया के नेतृत्व ने अपनी रणनीति अभी अंतिम रूप से तय नहीं की है, लिहाजा यह अभी कहना मुश्किल है कि मंडल की पांचों सीटों पर चुनाव की अंतिम तस्वीर क्या होगी।

### संतोष दिल्ली में, आज तीसरी लिस्ट जारी होने की संभावना



सांसद संतोष गंगवार अधिसूचना जारी होने से पहले ही पूरे दमखम से चुनाव की तैयारी में जुटे हुए थे, लेकिन बुधवार को पार्टी हाईकमान की ओर से तीसरी लिस्ट जारी किए जाने की संभावनाओं के बीच अब वह दिल्ली पहुंच गए हैं। इससे पहले सोमवार को लिस्ट जारी होने की संभावना जताई जा रही थी, लेकिन सोमवार के बाद मंगलवार का भी दिन ऐसे ही गुजर गया। बताया जा रहा है कि बरेली से टिकट के कुछ और दावेदार भी दिल्ली में जमे हुए हैं।

### दिक्कत... संघमित्रा और वरुण चुनाव तो जरूर लड़ेंगे





पीलीभीत में वरुण गांधी और बदायूं में संघमित्रा के टिकट पर भाजपा हाईकमान की ओर से अभी कुछ भी ऐसा नहीं जताया गया है जिससे कोई अनुमान लगाया जा सके लेकिन दोनों के समर्थकों के बीच यह खबर जोरों पर है कि भाजपा से टिकट मिले न मिले, दोनों चुनाव जरूर लड़ेंगे। वरुण के पीलीभीत से ही चुनाव लड़ने को पक्का बताया जा रहा है तो संघमित्रा के बारे में क्षेत्र बदलकर किसी और मौर्य वोटर बहुल सीट से भी चुनाव में उतरने की संभावना जताई जा रही है। बता दें कि बदायूं के पड़ोस में आंवला भी मौर्य बहुल सीट हैं। इंडिया नेतृत्व की ओर से आंवला से नीरज मौर्य को प्रत्याशी घोषित किया गया है।

### बसपा ने भी बदायूं बरेली और आंवला में नहीं खोले पत्ते

**बरेली, अमृत विचार :** बसपा के पास बहुत ज्यादा विकल्प नहीं है लेकिन उसने भी बदायूं, बरेली और आंवला में अभी उम्मीदवारों की घोषणा नहीं की है। पिछले सप्ताह पीलीभीत से अनीस अहमद उर्फ फूल बाबू और उसके बाद शाहजहांपुर से डॉ. डीके वर्मा का नाम घोषित करने के बाद बसपा ने हाथ रोक लिया है।

- पीलीभीत के बाद सिर्फ शाहजहांपुर से डॉ. डीके वर्मा का नाम किया तय

पार्टी के नेताओं ने करीब दस पहले दावा किया था कि बरेली में उम्मीदवार का नाम तय किया जा चुका है लेकिन घोषणा अब तक नहीं की गई है। इसी तरह बदायूं में भी पेच फंसा हुआ है। आंवला के नगर पालिका चेयरमैन आबिद रजा हाल ही में सपा छोड़कर बसपा में शामिल हुए हैं। उनका आंवला से लोकसभा चुनाव लड़ना तय माना जा रहा है लेकिन पार्टी ने उनके भी नाम की घोषणा अभी नहीं की है। कहा जा रहा है कि सपा के एक और मुस्लिम नेता आंवला से चुनाव लड़ने के लिए गोटियां बिछा रहे हैं। हाईकमान अभी तय नहीं कर पा रहा है कि किसे टिकट दिया जाए। बसपा के मंडल प्रभारी ब्रह्मस्वरूप सागर ने बताया कि मंडल की बाकी तीनों सीटों पर भी प्रत्याशियों के नाम तय हो चुके हैं। इसी सप्ताह उनकी घोषणा कर दी जाएगी।

### चुनाव : नौ बिंदुओं पर कार्रवाई की समीक्षा करेंगे डीएम-एसएसपी

**बरेली, अमृत विचार :** जिला निर्वाचन अधिकारी रविंद्र कुमार चुनाव में क्षेत्र भ्रमण के दौरान निर्वाचन से जुड़े नौ बिंदुओं की समीक्षा करेंगे। इस संबंध में उन्होंने अफसरों को तैयारियां पूरी करने के आदेश दिए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा है कि वह और एसएसपी समय-समय पर जिले की सभी नौ विधानसभा क्षेत्र में भ्रमण करेंगे, जिसमें वे विधानसभा क्षेत्र में आने वाले वल्नरेबल और क्रिटिकल बूथों, एक मॉडल बूथ, पिछले विधानसभा, लोकसभा चुनाव में सबसे कम मतदान प्रतिशत वाले बूथ का भ्रमण, एसएसटी का नाका, सिक्योरिटी फोर्स ठहरने का स्थान, एआरओ की ओर से चिन्हित संवेदनशील स्थान, चुनाव बहिष्कार वाले स्थान आदि स्थान की स्थितियां देखेंगे। जिस क्षेत्र का भ्रमण किया जाएगा वहां के एसडीएम और सीओ को सूचना दो दिन पहले दी जाएगी।



**यह प्रशासन की कार्रवाई नहीं है**

लाल फाटक रोड पर आंवला सांसद धर्मेंद्र कश्यप की सांसद निधि से लगे यात्री शेड पर हो तो प्रचार ही रहा है लेकिन इसका प्रशासन के बजाय कोई और यह हाल कर गया। ● अमृत विचार

## जनता का मंच

### क्या राजनीति अब भी सेवा का माध्यम है..?

**बरेली, अमृत विचार :** कहीं धरना है कहीं प्रदर्शन और कहीं शिकायतें और ज्ञापन देने वालों की कतार लगी हुई है। आम जनता और अफसरशाही के बीच जनप्रतिनिधियों ने अपनी भूमिका लगभग खत्म कर ली है। चुनाव के मौके ही होते हैं जब नए वादों के साथ वे जनता के बीच होते हैं। राजनीति नेताओं के लिए राजसी ऐशोआराम देने का जरिया बन चुकी है। इसके जरिए जनता की सेवा की भावना कबकी खत्म हो चुकी है। इस सवाल पर यही कहना है लोगों का।



अब नेता जनता का नेतृत्व नहीं करते। अपनी राजनीति बनाने और बचाने में लगे रहते हैं। जनता के लिए अब राजनीति में कुछ नहीं बचाहै। योजनाएं बन जाती हैं तो लोगों तक नहीं पहुंच पाती। बेरोजगारी और महंगाई आज के समय में प्रमुख समस्याएं हैं। - **अवनीश कुमार**, रामपुर बाग



मुझे राजनीति और जनसेवा का तो नहीं पता लेकिन मेरे पति जो कमाते हैं, वह सब इस महंगाई में चला जाता है। हर महीने कुछ बचत करने की कोशिश करती हूं लेकिन न बचत हो पाती है न घर की जरूरतें पूरी हो पाती हैं। हमारे जैसे और भी परिवारों का यही हाल है। - **वसुंधरा देवी**,नकटिया



राजनीति में पहले लोग जनसेवा के लिए ही आते थे लेकिन अब जनता की सेवा भावना राजनीति में खत्म हो गई है। आम आदमी के लिए आज महंगाई सबसे अहम मुद्दा है। गरीब आदमी जो भी बचाने की कोशिश करता है, वह बढ़ती महंगाई की वजह से खर्च हो जाता है। - **मोहसिन**, सरायतल्फी



अब नेताओं में सिर्फ राजनीति ही रह गई है। इससे भी ऊपर सिर्फ फोटो और प्रचार की राजनीति, जनसेवा खत्म हो चुकी है। जीतने के बाद जब नेताओं के पास जाओ तो धक्के के सिवा कुछ नहीं मिलता। ऊपर से महंगाई और बेरोजगारी ने हमारी जेबें भी खाली कर दी हैं। - **प्रेमवती**,भोजीपुरा



राजनीति बदल चुकी है। कहने को हर राजनीतिक पार्टी की अपनी विचारधारा होती है लेकिन अब किसी भी पार्टी में किसी भी विचारधारा की पार्टी से आकर नेता जुड़ जाते हैं। जाहिर है कि यह सब वे जनता की सेवा के लिए नहीं करते। ऐसा पहले की राजनीति में ही होता। हालांकि यह बदलाव सिर्फ राजनीति के क्षेत्र में ही नहीं हुआ है, बाकी क्षेत्रों में भी यही हाल है। हर तरफ मूल्यों की कमी देखने को मिल रही है। चाहे वह राजनीति का क्षेत्र हो या शिक्षा, या कोई और।

- **डॉ. नीलम गुप्ता**, बरेली कॉलेज में राजनीति शास्त्र की प्रोफेसर

## प्रशासन की तैयारी

### सी विजिल और ई एसएमएस एप का प्रशिक्षण दिया



**बरेली, अमृत विचार :** संजय कम्युनिटी हाल में मंगलवार को लोकसभा चुनाव को सकुशल और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी रविंद्र कुमार और एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान ने निर्वाचन में लगाए अधिकारियों, कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि विधानसभा वार उड़न दस्ते तैनात कर दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि ई एसएमएस और सी विजिल एप के जरिए चेकिंग की कार्रवाई की जानी है। शस्त्र, शराब, रुपये वितरण करने, वस्तुओं के पकड़े जाने, प्रलोभन में लेने की शिकायतों पर टीमें तत्काल पहुंचकर कार्रवाई करेंगी। इसकी वीडियोग्राफी जरूर कराई जाए। कार्रवाई को सी विजिल एप और ई एसएमएस एप पर कैसे अपलोड करना है, इसका प्रशिक्षण भी दिया गया।। इस दौरान सीडीओ जगप्रवेश, एडीएम प्रशासन दिनेश, एडीएम आशीष, मुख्य कोषाधिकारी शैलेश कुमार, सिटी मजिस्ट्रेट राजीव शुक्ला, एसडीएम सदर रत्निका श्रीवास्तव, एसडीएम आंवला नहने राम समेत सभी एसडीएम, सीओ आदि मौजूद रहे।






### पुलिस सक्रिय: 310 तस्करों को जेल भेजा, 56 की खोली हिस्ट्रीशीट

**बरेली, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव से पहले दो महीने में पुलिस ने अपराधियों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई की। पुलिस ने इस दौरान 310 आरोपियों को जेल भेजा। इसके अलावा 56 की हिस्ट्रीशीट खोली गई और 36 पर जिला बदर की कार्रवाई की।

एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान ने बताया कि पुलिस ने दो महीने में गैंगेस्टर एक्ट के 13 मुकदमे पंजीकृत किए और 51 आरोपियों को गिरफ्तार किया और 16 करोड़ से अधिक की संपत्ति जब्त की गई। गुंडा एक्ट के तहत 158 आरोपियों पर कार्रवाई की गई। अवैध शराब की बिक्री करने वालों के खिलाफ 278 मुकदमे दर्ज कर तीन सौ आरोपियों को जेल भेजा गया और 4133 लीटर अवैध शराब बरामद की गयी। शस्त्र अधिनियम के तहत 217 मुकदमों में 229 को जेल भेजा गया। वहीं एनडीपीएस में 99 मुकदमे दर्ज किए गए। पुलिस ने 107/116 के तहत 60214 के खिलाफ कार्रवाई की। वहीं 41387 लोगों को मुचलका पाबंद किया गया।



चुनाव की वजह से बारादरी इलाके में पुलिस ने पैदल गश्त की। ● अमृत विचार

# ई वेइंग मशीन फेल, चुनाव के माहौल में नहीं मिल रहा राशन, लोग गुस्से में

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के माहौल में लोगों को सरकारी राशन नहीं मिल पा रहा है। होली भी आने वाली है, जिससे लोगों की परेशानी और बढ़ गई। नई ई-पॉस और वेइंग मशीनों से पांच दिन से राशन नहीं बंट पा रहा है, इसकी वजह से लोग राशन की दुकानों पर घंटों इंतजार कर रहे हैं। मंगलवार को भी लोगों ने राशन न मिलने से हंगामा किया। वहीं अधिकारी सर्वर की समस्या शासन स्तर से बता रहे हैं लेकिन इसका समाधान न तो जिला और न ही शासन स्तर से हो पा रहा है।

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत दिए नई मशीनों से राशन वितरण 15 मार्च से शुरू हुआ है। पांच दिनों से रोजाना सर्वर डाउन की वजह से कुछ ही कार्ड धारकों को राशन बंट पा रहा है। अब तक सिर्फ 25 प्रतिशत ही राशन बंट सका है लेकिन पहले इतने दिनों में अधिकांश राशन बंट जाता था। मंगलवार को पुराना शहर, ब्रह्मपुरा, जाटवपुरा, शाहबाद, सिकलापुर, कोहाड़ापीर समेत शहर की करीब दो सौ से ज्यादा दुकानों पर सुबह से ही राशन लेने के लिए कार्ड धारकों की भीड़ थी लेकिन दोपहर तक किसी दुकान पर एक तो किसी पर दो कार्ड ही चढ़ पाए थे। इससे गुस्साए लोगों ने हंगामा शुरू कर दिया। पूर्ति विभाग के अधिकारियों ने बताया सर्वर डाउन होने की समस्या पूरे प्रदेश की है। क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी विवेक श्रीवास्तव ने बताया कि शाम को करीब चार बजे सर्वर आया तो राशन का वितरण शुरू कराया गया है। जिले में 7.8 लाख से ज्यादा राशन कार्ड धारकों को खाद्यान्न का वितरण 28 मार्च तक किया जाना है। कई कोटेदारों ने बताया कि सुबह छह से आठ बजे के बीच सर्वर ठीक चल रहा है। ऐसे में कई कोटेदार इसी समय राशन बांट रहे हैं। सुबह आठ बजे के बाद समस्या शुरू हो जा रही है।



सर्वर की दिक्कत की राशन न बंटने से परेशान लोग।

- नई ई-वेइंग मशीनों से किया जा रहा राशन का वितरण
- राशन नहीं मिलने से गुस्साए कार्ड धारकों ने किया हंगामा

नई मशीनों से राशन न मिलने से परेशानी हो रही है। तीन घंटे में महज दो ही कार्ड चढ़ पाए हैं, लोग भी आपस में झगड़ा कर रहे हैं। -**नाजिम मियां**

मशीन चल ही नहीं रही है। कोटेदार ने कह दिया कि जब मशीन चलेगी तभी राशन मिलेगा। सुबह नौ बजे से खड़े-खड़े तीन घंटे हो गए हैं। -**नंदकिशोर**

सुबह से आकर खड़े हैं लेकिन अब तक राशन नहीं मिल सका है। दो-दो घंटे लग रहे हैं उसके बाद फिर वितरण रुक जा रहा है। केवल दो कार्ड सुबह से चढ़े हैं। -**उर्मिला देवी**


पांच दिन से कोशिश कर रहा हूं कि राशन मिल जाए लेकिन जब भी आता हूं तो नेटवर्क की दिक्कत होती है। यह नई मशीनें हैं या कबाड़ जो काम नहीं कर रहीं हैं। -**जिलानी खान**










शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई

गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

# तौकीर को हाईकोर्ट से भी राहत नहीं, 27 तक ट्रायल कोर्ट में पेश होने का आदेश

## गिरफ्तारी वारंट पर रोक लगाने के लिए तौकीर की ओर से दायर की गई थी याचिका, सरकारी वकील को दो सप्ताह के भीतर हलफनामा देने का निर्देश दिया

प्रयागराज, विधि संवाददाता



**अमृत विचार :** बरेली में 2010 के दंगे के मुख्य अभियुक्त करार दिए गए आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां को इलाहाबाद हाईकोर्ट से राहत नहीं मिल पाई। गिरफ्तारी वारंट के खिलाफ दायर याचिका पर मंगलवार को सुनवाई करते हुए कोर्ट ने तौकीर को 27 मार्च तक ट्रायल कोर्ट के समक्ष पेश होकर जमानत के लिए आवेदन करने का आदेश दिया है।

बरेली के फास्ट ट्रैक कोर्ट के स्पेशल जज रवि कुमार दिवाकर ने दंगे के केस की सुनवाई करते हुए 11 मार्च को अदालत में पेश न होने पर गैरजमानती वारंट जारी कर तौकीर की गिरफ्तारी का आदेश दिया था। इसके बाद से पुलिस की टीमें तौकीर को तलाश कर रही हैं। इस बीच तौकीर की ओर से इलाहाबाद हाईकोर्ट में गिरफ्तारी वारंट को चुनौती देते हुए याचिका दायर की गई थी। मंगलवार को इस पर न्यायमूर्ति राम मनोहर नारायण मिश्रा की एकल पीठ ने सुनवाई की। उन्होंने तौकीर को 27 मार्च तक ट्रायल कोर्ट में पेश होने का आदेश देने के साथ सरकारी वकील को दो सप्ताह के भीतर जवाबी हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया।

हाईकोर्ट ने इसके दो सप्ताह के भीतर याची को भी जवाबी हलफनामा दाखिल करने का आदेश दिया है। इससे पहले हाईकोर्ट में तौकीर के अधिवक्ताओं की ओर से पक्ष रखने के बाद सरकारी वकीलों ने तौकीर रजा के भड़काऊ बयानों का जिक्र करते हुए कई साक्ष्य प्रस्तुत किए। सरकारी अधिवक्ता ने याचिका का विरोध करते हुए कहा कि तौकीर बरेली में हुए सांप्रदायिक दंगों का मास्टरमाइंड है और उसके खिलाफ पर्याप्त सबूत हैं। शहर में मौजूद होने के बावजूद वह ट्रायल कोर्ट के आदेश पर पेश नहीं हुआ। इसी कारण उसके खिलाफ दंडात्मक प्रक्रिया शुरू की गई। सरकारी वकीलों ने तौकीर के कृत्य को सामाजिक ताने-बाने और सार्वजनिक व्यवस्था को बिगाड़ने की प्रकृति का बताया।

### ट्रायल कोर्ट में सुनवाई टली, अब पहली अप्रैल को होगी

**विधि संवाददाता, बरेली :** फास्ट ट्रैक कोर्ट में मंगलवार को दंगे के केस की सुनवाई टल गई। अदालत ने अब एक अप्रैल की अगली तिथि नियत की है। दरअसल, दंगे के एक अन्य आरोपी शाहरुख खान की ओर से केस की फाइल दूसरे कोर्ट मे ट्रांसफर कराने की अर्जी जिला जज विनोद कुमार की अदालत में दाखिल की थी जिस पर जिला जज ने केस की फाइल तलब कर ली है। इसी कारण ट्रायल कोर्ट मे मंगलवार को सुनवाई नही की गई। हालांकि तौकीर रजा के खिलाफ गैर जमानती वारंट बरकरार रहेगा। केस ट्रांसफर की अर्जी पर जिला जज की अदालत 21 मार्च को फैसला होना है। उधर, पुलिस अफसरों ने दावा किया है कि तौकीर को पुलिस की टीमें अब भी तलाश कर रही हैं।

## एक नजर

### सीबीगंज की छात्रा की हालत बिगड़ी, अस्पताल में भर्ती

**बरेली, अमृत विचार :** छेड़खानी का विरोध करने पर ट्रेन के आगे फेंक दिए जाने से अपने दोनों हाथ-पैर गंवा देने वाली सीबीगंज की छात्रा को मंगलवार को फिर तबियत बिगड़ने पर मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। परिजनों के अनुसार छात्रा के कटे पैर में पस पड़ गया है। मेडिकल कॉलेज में उसका इलाज शुरू कर दिया गया है। अक्टूबर 2023 में कोचिंग पढ़कर लौट रही 10वीं की छात्रा से गांव के ही एक युवक ने रास्ते में छेड़खानी की थी और इसका विरोध करने पर उसे ट्रेन के आगे धक्का दे दिया था। इस घटना में उसके दोनों हाथ-पैर कट गए थे। निजी मेडिकल कॉलेज में लंबे इलाज और कई सर्जरी के बाद उसकी जान बच पाई थी।

### रेजिडेंसी गार्डन में बनी सड़क ठीक कराएगा आरईएस

**बरेली, अमृत विचार :** रेजिडेंसी गार्डन में वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार की विधायक निधि से बनी सड़क की मरम्मत कराई जाएगी। अधिकारी सड़क को 31 मार्च तक ठीक कराने का दावा कर रहे हैं। रेजिडेंसी गार्डन में सितंबर 2023 में दस लाख रुपये की लागत से 110 मीटर सड़क का निर्माण ग्रामीण अभियंत्रण विभाग ने कराया था। सड़क बनने के कुछ दिनों बाद ही कई जगह से उखड़ना शुरू हो गई। इसके अलावा बीडीए कॉलोनी में भी वन मंत्री की विधायक निधि से 85 मीटर लंबी सीसी रोड उखड़ गई थी। अमृत विचार ने सड़कों की बदहाली की तस्वीर प्रकाशित की तो वनमंत्री ने नाराजगी जाहिर की। इसके बाद अफसर हरकत में आ गए। एक्सईएन विनय कुमार का कहना है कि रेजिडेंसी गार्डन में बनी सड़क को भी दुरुस्त कराया जाएगा। कहा कि सभी एई और जेई को सड़क की गुणवत्ता की निगरानी के निर्देश दिए हैं। कहीं भी लापरवाही मिलती है तो कार्रवाई की जाएगी।

# कुतुबखाना पुल : लाइफ लाइन बनने के बजाय सप्ताह भर में ही हो गया जाम के लिए बदनाम

## कोतवाली से कोहाड़ापीर तक इंस्पेक्टर समेत ट्रैफिक पुलिस के 12 जवान लगाए, फिर भी राहत नहीं

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** व्यापारियों के भारी विरोध और अतिक्रमण हटाने के विकल्प को नजरंदाज करके अफसरों और नेताओं ने जिस पुल को बनवाने के लिए 110 करोड़ रुपये खर्च कर दिए, वह उनके दावे के उलट शहर की लाइफ लाइन बनने के बजाय मुसीबत साबित हो रहा है। इतने भारी-भरकतम खर्च को सार्थक साबित करने में अफसरों के अब पसीने छूट रहे हैं। मंगलवार को कोतवाली से कोहाड़ापीर तक ट्रैफिक पुलिस इंस्पेक्टर समेत 12 जवानों की तैनाती का प्रयोग भी विफल हो गया। उधर, व्यापारियों का गुस्सा एक बार फिर अफसरों पर बढ़ने लगा है।

कुतुबखाना पुल को शुरू हुए अभी एक सप्ताह ही हुआ है लेकिन इतने ही वक्त में उसके दोनों सिरों पर लग रहे भीषण जाम ने आम लोगों के साथ दुकानदारों के भी होश उड़ा दिए हैं। संकट का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पुल के ऊपर, नीचे और उसके दोनों सिरों के साथ आसपास के इलाके भी जाम से बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। कोतवाली वाले सिरे पर जीआईसी रोड, पुराना रोडवेज अड्डा और नावल्टी चौराहे तक से गुजरना मुश्किल हो गया है।

बाजार में जाम लगने की वजह से लोग ही नहीं, दुकानदार भी परेशान हैं। दुकानदारों का कहना है कि पुल बनाने वालों ने अगर इन मुसीबतों का पूर्वानुमान लगाया होता तो ये हालात न होते। सात दिन में ही पुल जाम के लिए बदनाम हो गया है। अब पुल बनने के बाद उसके दोनों छोर और चौराहे पर पुलिस कर्मी तैनात किए जा रहे हैं, फिर भी जाम खत्म नहीं हो पा रहा है। इतने पुलिस कर्मी पहले तैनात कर दिए होते तो 110 करोड़ का पुल बनाने की जरूरत ही नहीं पड़ती। कोहाड़ापीर के दुकानदारों ने कहा कि उन्होंने पुल निर्माण शुरू होने से

### कोतवाली से नावल्टी चौराहे तक डिवाइडर बनाने पर विचार

**बरेली, अमृत विचार :** जाम को रोकने के लिए अब विकल्पों की तलाश की जा रही है। मंगलवार को सेतु निगम के डीपीएम अरुण कुमार और कार्यदायी संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर एमके सिंह पीडब्ल्यूडी के चीफ इंजीनियर संजय कुमार तिवारी से मिलने उनके कार्यालय पहुंचे और आधे घंटे तक पुल का नक्शा मेज पर रखकर विचार-विमर्श किया। इस दौरान कोतवाली से नावल्टी तक डिवाइडर बनाने कोतवाली और कोहाड़पीर चौराहे पर अतिक्रमण हटाने समेत कई विकल्पों पर मंथन हुआ। चीफ इंजीनियर ने बताया कि जाम की मुख्य वजह पुल के दोनों छोर पर अतिक्रमण है। कोतवाली के सामने से नावल्टी तक ट्रायल के तौर पर डिवाइडर बनाने का सुझाव दिया गया है। सेतु निगम के डीपीएम और कार्यदायी संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर मौके पर जाकर निरीक्षण करने के बाद निर्णय लेंगे।



कुतुबखाना पुल के नीचे कुमार टॉकीज के पास लगा जाम। ● अमृत विचार

- **बाजार में निकलना मुश्किल, दुकानदारों में फिर बढ़ने लगा गुस्सा**
- **बोले- अफसरों-नेताओं ने सुनी होती तो व्यर्थ नहीं फुंकते 110 करोड़**



कुतुबखाना पुल से उतरने के बाद नावल्टी चौक पर भी जाम में फंसे रहे वाहन। ● अमृत विचार

### रोडवेज अड्डे से बसों को कॉलेज रोड पर मोड़ने का भी प्रयोग बेनतीजा पुल की ओर आने वाले रास्तों को वन वे करने का फैसला वापस

**बरेली, अमृत विचार :** कुतुबखाना पुल की वजह से नावल्टी रोड पर जाम से मुक्ति के लिए मंगलवार को पुराना स्टैंड से रोडवेज की बसों के भी इधर आने पर रोक लगाकर बरेली कॉलेज रोड की ओर मोड़ दिया गया लेकिन यह प्रयोग भी काम नहीं आया। जाम थोड़ा कम तो हुआ लेकिन ज्यादा राहत नहीं मिल सकी। एसपी ट्रैफिक ने बताया कि रोडवेज बसों को डायवर्ट कर ट्रायल किया गया है। अगर यह सफल हुआ तो इसे स्थाई रूप से लागू कर दिया जाएगा। बता दें कि इससे पहले सोमवार को ट्रैफिक पुलिस ने नावल्टी चौराहे और जीआईसी चौराहे से पुल की तरफ ऑटो और ई-रिक्शा जाने पर पाबंदी लगाते हुए इस रोड को वनवे कर दिया था। इसका भी कोई नतीजा न निकलने पर मंगलवार को वनवे किए गए रोड को फिर खोल दिया गया।



जाम के समाधान के लिए निरीक्षण करने पहुंचीं कमिश्नर, आईजी, नगर आयुक्त और एसपी ट्रैफिक।

# कोहाड़ापीर पर पेट्रोल पंप के पास गोल होगा तिकोना पार्क, हटेगा ट्रांसफार्मर

- **बैठक के बाद आईजी, नगर आयुक्त, एसपी ट्रैफिक के साथ हालात देखने पहुंचीं कमिश्नर**

**बरेली, अमृत विचार :** कुतुबखाना पुल की वजह से जाम के मुद्दे पर मंगलवार शाम कमिश्नर सौम्या अग्रवाल ने आईजी डॉ. राकेश सिंह, नगर आयुक्त निधि गुप्ता वत्स और एसपी ट्रैफिक शिवराज के साथ बैठक करने के बाद मौके पर पहुंचकर निरीक्षण भी किया। इस दौरान पुल के आसपास खाली और कब्जाग्रस्त जगह को यातायात के लिए प्रयोग करने और कोतवाली के पास सड़क को चौड़ा करने का निर्णय लिया गया। कोहाड़ापीर की तरफ ट्रांसफार्मर को हटाकर तिकोने पार्क को गोल किया जाएगा ताकि ट्रैफिक गुजरने के लिए यहां भी ज्यादा जगह मिल सके। इससे पहले सुबह स्मार्ट सिटी के सहायक अभियंता सुशील सक्सेना ने पुल के दोनों छोर का निरीक्षण कर रिपोर्ट अफसरों को सौंपी थी जिस पर बैठक में विचार-विमर्श किया गया।

- कोतवाली से नावल्टी चौराहे तक कोतवाली की चारदीवारी के किनारे लगे बिजली के खंभों के साथ रोडवेज मोड़ के पास लगे पोल को भी पीछे हटाकर सड़क को चौड़ा किया जाएगा।
- नावल्टी चौक पर मूकबधिर विद्यालय से मजार तक मोड़ पर अभी टाइल्स लगी हैं, वहां अब डामर की सड़क बनाई जाएगी ताकि वाहनों को मुड़ने में आसानी हो।
- नावल्टी चौक पर पैथालॉजी के सामने और दूसरी तरफ लगे सारे बिजली के पोल भी सड़क पर पीछे हटाकर लगाए जाएंगे। निर्देश दिया गया है कि इन पोलों को शिफ्ट करते समय भवनों से उचित दूरी बनाए रखी जाए।
- कोहाड़ापीर साइड पर पुल से उतरते ही दाहिनी तरफ नाले पर ट्रांसफार्मर लगा है। इससे पुल की सर्विस लेन पर जाने में अड़चन पैदा हो रही है। इसे नैनीताल रोड पर पेट्रोल पंप की दीवार के आगे लगाने के निर्देश दिए गए हैं।
- पुल से उतरने के बाद सामने कलम दवात का तिकोना पार्क है। इसमें मूर्ति से 2 .5 फुट के दायरे में गोलाकार बनाया जाएगा। शेष भाग का इस्तेमाल यातायात के लिए किया जाएगा। पुल के अंत से तिराहे तक डिवाइडर भी बनाया जाएगा। यहां लगे जंक्शन बॉक्स को डिवाइडर के ऊपर लगाने के निर्देश दिए गए।
- कोहाड़ापीर से नैनीताल रोड की तरफ दोनों तरफ सड़कों को यथासंभव चौड़ा किया जाएगा। यहां दाहिनी ओर अतिरिक्त जगह पर सड़क को चौड़ कर बिजली के पोल भी नाले की तरफ शिफ्ट किए जाएंगे। बाईं तरफ छह मीटर अतिरिक्त जगह है। यहां साढ़े पांच मीटर चौड़ी रोड बनाते हुए आधा मीटर चौड़ा नाला बनाने का सुझाव दिया गया ताकि बानखाने की तरफ से आने वाले यातायात को नैनीताल रोड पर लाते हुए स्टेट बैंक के नाले की पुलिया के दाहिनी तरफ होते हुए पीलीभीत रोड पर मुड़ने में दिक्कत न हो।
- फ्लाईओवर से उतरने के बाद कोहाड़ापीर पर दायीं ओर पीलीभीत रोड को चौड़ा किया जाएगा।

# बहेड़ी में खुलेआम स्मैक तस्करी के वीडियो वायरल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** बहेड़ी में खुलेआम स्मैक की तस्करी की जा रही है। इसके कई वीडियो वायरल हो रहे हैं। एक व्यक्ति ने इन वीडियो को एक्स पर पोस्ट कर पुलिस अधिकारियों से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। वीडियो बहेड़ी के लाइन पार मोहम्मदपुर चौराहा का बताया जा रहा है। वीडियो में एक व्यक्ति सफेद कागज की पुड़िया बनाता है और कुछ दूर चलने के बाद एक युवक उससे रुपये देकर पुड़िया ले लेता है। वीडियो में स्मैक लेने वाला कहता है कि काफी देर से तुम्हारा इंतजार कर रहा था। वहीं दूसरे वीडियो में दो युवक एक स्थान स्मैक पीने का जुगाड़ कर रहे हैं। इसके अलावा तीसरे वीडियो में एक युवक बता रहा है कि चार तस्कर स्मैक बेचते हैं। ये लोग तीन सौ रुपये की एक पुड़िया बेचते हैं। तस्करों के साथ घरों तक पुड़िया पहुंचाते हैं। इसके बदले में उसे एक पुड़िया बेचने पर 60 से 70 रुपये भी मिलते हैं। इस मामले में बहेड़ी इंस्पेक्टर प्रवीण सोलंकी ने बताया कि वीडियो की जांच की जा रही है। तस्करों का भी पता किया जा रहा है।



स्मैक तस्करों की जानकारी देता युवक।



स्मैक की पुड़िया दे रहा युवक।

> वीडियो की जांच की जा रही है। जांच के बाद वीडियो में दिखाई दे रहे लोगों पर कार्रवाई की जाएगी।
> –**घुले सुशील चंद्रभान**, एसएसपी

- **वीडियो में आरोपी युवक को स्मैक की पुड़िया देता दिख रहा है**

## होली पर बंद रहेंगी शराब की दुकानें

**बरेली, अमृत विचार :** जिले में होली पर शराब की दुकानें बंद रहेंगी। जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने मंगलवार को शराब बंदी का आदेश जारी किया। आदेश के मुताबिक 24 मार्च की रात से 10 बजे से दुकानें बंद हो जाएंगी।

होली वाले दिन 25 मार्च को शाम 5 बजे तक जिले की सभी देसी, विदेशी, बीयर, भांग आदि दुकानें पूरी तरह से बंद रहेंगी। आदेश के उल्लंघन पर कार्रवाई की जाएगी।

# फैसले से इन्कार किया तो किसान को पुलिस चौकी में बंद करके पीटा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** सिरौली के बड़ागांव चौकी पर तैनात दरोगा पर एक मामले में फैसला न करने पर किसान को चौकी में बंद कर पीटने का आरोप लगा है। उससे ढाई हजार रुपये भी ले लिए। पीड़ित ने मंत्री धर्मपाल सिंह से शिकायत की है। बताते हैं कि मंत्री ने दरोगा को फटकार लगाई है। पुलिस किसान को चौकी बुलाकर मामले को सुलझाने का प्रयास करती रही, लेकिन पीड़ित चौकी नहीं गया।

बसंतपुर गांव के तेजपाल ने मंगलवार को मंत्री धर्मपाल सिंह को बताया कि चकबंदी में उसका एक खेत गांव के ही दूसरे पक्ष के पास चला गया। उसने खेत में यूकेलिप्टस के पेड़ लगा रखे थे। खेत जाने के बाद दोनों पक्षों में फैसला हुआ कि पेड़ काटने के बाद तेजपाल दूसरे पक्ष को खेत दे देगा। दो दिन पहले तेजपाल खेत पर पेड़ काटने गए तो दूसरे पक्ष ने विरोध किया और पुलिस बुला ली। पुलिस तेजपाल को पकड़ कर थाने ले गई। आरोप है उसे चौकी में बंद कर पीटा। पुलिस ने जबरन समझौतानामा लिखवा लिया। आरोप है कि किसान से पुलिस ने ढाई हजार रुपये भी ले लिए। पुलिस से छूटने के बाद तेजपाल ने कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह से शिकायत की। बताते हैं कि इस पर उन्होंने बड़ागांव चौकी पर तैनात दरोगा को फटकार लगाई। तेजपाल ने बताया कि चौकीदार के माध्यम से पुलिस कर्मियों ने रुपये वापस कर दिए हैं। प्रकरण में चौकी इंचार्ज बड़ागांव दीपक कुमार से बात करने का प्रयास किया गया, लेकिन संपर्क नहीं हो सका। वहीं, सिरौली थाने के प्रभारी लव सिरोही ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में नहीं है। कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह से भी इस संबंध में वार्ता करने का प्रयास किया गया, लेकिन फोन रिसीव नहीं हो सका।



पीड़ित किसान तेजपाल।

- **मंत्री धर्मपाल से शिकायत, ढाई हजार रुपये लेने का भी आरोप**
- **मंत्री की फटकार के बाद किसान को पुलिस ने फिर चौकी बुलाया**

> मामला संज्ञान में नहीं है। किसान ने भी मुझसे इस संबंध में शिकायत नहीं की है।
> – **दीप शिखा अहिबरन**, सीओ मीरगंज

# गोल्डन बाबा समेत दो कबाब कारीगर की हत्या के दोषी करार, सजा 21 को

विधि संवाददाता, बरेली

- **पिछले साल 4 मई को गोली मारकर की गई थी हत्या**

**अमृत विचार:** प्रेमनगर थाना क्षेत्र में बीडीए ऑफिस के पास कबाब कार्नर पर दो युवकों ने बेस्वाद कबाब बताकर कारीगर नासिर की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस मामले में मंगलवार को अपर सत्र न्यायाधीश देवाशीष की कोर्ट ने किला निवासी मयंक रस्तोगी उर्फ गोल्डन बाबा और तजीम शम्सी को दोषी पाते हुए दोष सिद्ध करार दिया। इस मामले में सजा 21 मार्च को सुनाई जाएगी।

सरकारी वकील अचिन्त्य द्विवेदी ने बताया कि शिकायतकर्ता अंकुर सब्बरवाल ने थाना प्रेमनगर में 4 मई 2023 को तहरीर देकर बताया था कि रात में नासिर अपने दो कारीगरों के साथ सेंटर पर काम कर रहा था। इसी दौरान उत्तराखंड नंबर की इनोवा कार से दो युवकों ने आकर कबाब का ऑर्डर दिया। दोनों युवक नशे में थे। कबाब देने पर दोनों युवकों ने कबाब को बेस्वाद बताया।

कारीगर नासिर के कमी पूछने और गाली का विरोध करने पर युवक ने तमंचे से नासीर के सिर में गोली मार दी। अस्पताल में नासिर को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया था और विवेचना में दोनों आरोपियों का नाम प्रकाश में आया था।

### 756 किलो मटर फ्लोर और 56 लीटर रिफाइंड जब्त

**बरेली, अमृत विचार :** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने मंगलवार को 14 अलग-अलग खाद्य पदार्थों के नमूने लिए। इसके अलावा परसाखेड़ा में 42 हजार रुपये से अधिक कीमत की 769 किलो मटर फ्लोर जब्त की। इसके अलावा नरकुलागंज से 56 लीटर रिफाइंड सोयाबीन ऑयल जब्त किया। जिला अभिहित अधिकारी अपूर्व श्रीवास्तव ने बताया कि सभी नमूनों को राजकीय खाद्य प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजा जाएगा। नमूनों की जांच रिपोर्ट आने के बाद नियमानुसार विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# प्लॉट में स्थाई कनेक्शन देने के मामले में मुख्य अभियंता ने मांगी रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** किला उपकेंद्र क्षेत्र में प्लॉट में स्थाई कनेक्शन देने के मामले में अवर अभियंता और कर्मचारी के खिलाफ जांच शुरू कर दी गई है। मुख्य अभियंता रणविजय सिंह ने अधीक्षण अभियंता अंबा प्रसाद वशिष्ठ से पूरे मामले की रिपोर्ट तलब की है।

पॉवर कॉरपोरेशन निगम के शहरी क्षेत्र के किला उपकेन्द्र के कर्मचारी और अफसर पर आरोप है कि उन्होंने पैसे लेकर एक खाली प्लॉट में स्थाई कनेक्शन जारी कर दिया। जबकि विभाग का नियम है कि खाली प्लॉट में स्थाई कनेक्शन नहीं दिया जा सकता। इस मामले को अमृत विचार ने प्रमुखता से प्रकाशित किया तो मामले का संज्ञान लेते हुए मुख्य अभियंता ने रिपोर्ट तलब की। अधीक्षण अभियंता ने बताया कि उन्होंने अधिशासी अभियंता द्वितीय से पूरे मामले की रिपोर्ट मांगी है। रिपोर्ट मिलने के बाद मुख्य अभियंता को सौंप दी जाएगी।


फिर रिश्वतखोरी: खाली प्लॉट को दे दिया स्थाई कनेक्शन

- **अधीक्षण अभियंता ने अधिशासी अभियंता से जांच कर रिपोर्ट देने को कहा**

# आजादनगर में युवक को सरेशाम मारी गोली

## गंभीर हालात में युवक को निजी अस्पताल में कराया भर्ती, बुला ले गए थे कुछ युवक

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** बारादरी थाना क्षेत्र में आजाद नगर में लेनदेन के विवाद में युवक को दो लोगों ने गोली मार दी। गंभीर हालत में युवक को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

हाफिजगंज के गांव काशी धर्मपुर निवासी रमेश चंद्र शर्मा ने बताया कि उनका बेटा विकास शर्मा मीरा की पैठ स्थित साईं डेंटल क्लीनिक में काम करता है। वह कटरा चांद खां में किराये पर कमरा लेकर रहता है। मंगलवार को विकास काम खत्म करके कमरे पर जा रहा था। पीलीभीत रोड स्थित विजय पेट्रोल पंप के पास विकास को कटरा चांद खां निवासी शीबू गुप्ता और विकास मौर्या मिले और विकास को बहाने से अपने साथ आजादनगर वाली गली में फाटक के अंदर खेतों में ले गए। वहां दोनों ने विकास शर्मा के सीने में गोली मार दी और फरार हो गए। गोली की आवाज सुनकर आसपास के लोगों ने बारादरी पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को सूचना दी और घायल को पीलीभीत रोड स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां घायल की हालत गंभीर बनी हुई है। सूचना पर सीओ तृतीय अनीता चौहान मौके पर पहुंची और घायल की स्थिति जानी। रमेश ने बताया कि पैसों के लेनदेन में आरोपियों ने बेटे गोली मारी है। उन्हें नहीं पता है कि विकास शर्मा के पैसे आरोपियों पर हैं या आरोपियों के पैसे विकास पर हैं।



अस्पताल में घायल से जानकारी लेती सीओ अनीता चौहान। ● अमृत विचार

> लेनदेन के विवाद में गोली मारने का आरोप है। दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की जा रही है।
> –**अमित कुमार पांडेय**, इंस्पेक्टर बारादरी

# लुटेरों के पर्स छीनने के दौरान बाइक से गिरी आंगनबाड़ी वर्कर घायल

- **सीबीगंज में दिल्ली हाईवे पर सोमवार रात हुई घटना**
- **पति के साथ जा रही थी, गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती**

**सीबीगंज, अमृत विचार :** दिल्ली हाईवे पर सोमवार रात पति के साथ बाइक पर जा रही आंगनबाड़ी वर्कर का बाइक सवार लुटेरों ने झपट्टा मारकर बैग छीन लिया। इस दौरान वह बाइक से नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गईं। उन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मीरगंज के गांव मुगलपुर धनेटा में मेडिकल स्टोर चलाने वाले नरोत्तम मौर्य सोमवार रात पत्नी ममता रानी के साथ मढ़ीनाथ स्थित अपने पैतृक घर लौट रहे थे। रात करीब साढ़े आठ बजे दिल्ली हाईवे पर मथुरापुर अड्डे के पास पीछे से आए बाइक सवार दो लुटेरों ने उनकी पत्नी के कंधे से बैग को झपट्टा मारकर छीनने की कोशिश की। लुटेरे एक बार में बैग नहीं छीन पाए तो दोबारा झपट्टा मारकर बैग छीन लिया। बैग को बचाने की कोशिश में ममता सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। ममता ने बताया कि उनके बैग में 25 हजार रुपये नकद थे। इंस्पेक्टर राधेश्याम ने बताया कि अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

हर दर्द का इलाज करते हैं
डॉ. रूप किशोर
समय प्रातः 10 से दोपहर 3 बजे तक
गठिया
फालिज
जोड़ों एवं नसों का दर्द
झनझनाहट
सुन्नपन
फातिमा हॉस्पिटल
जगतपुर रोड, बरेली
9267043010

जे. पी. क्लीनिक
डा. जितेन्द्र पाल सिंह
B.A.M.S., (Kanpur)
Ex. H.O. जिला अस्पताल
फेमिली फिजीशियन
• दाँद, खाँज, खुजली, मुँहासे का इलाज
• बच्चों के जिगर, सूखा रोग एवं काली खाँसी का इलाज
• जोड़ों, घुटनों व गठियाँ के दर्द का इलाज।
• गुर्दो की पथरी (Kidney Stone) व गदूद (Prostate) का इलाज
बच्चों के सूखा रोग का तेल मुफ्त दिया जाता है।
हमारे यहाँ भफारा (Nebuliser) मुफ्त दिया जाता है
पता : बाजार सन्दल खान, निकट दूल्हा मियाँ की मजार, किला सिटी स्टेशन रोड, बरेली मो. 8791532206
सुबह 11 से 3 बजे तक
सायं 7.30 से 9.30 बजे तक
रविवार अवकाश

# होली की भीड़ में आरक्षित सीटों पर सामान्य यात्रियों का कब्जा

## खचाखच भरकर आई सियालदह में यात्रियों के बीच हुई हाथापाई

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** होली पर लोगों के घर जाने की वजह से ट्रेनों में भीड़ बढ़ गई है। यात्रियों को ट्रेन के अंदर पैर रखने तक की जगह नहीं मिल रही है। इसकी वजह से यात्रियों में झगड़े भी हो रहे हैं। स्लीपर कोच में भी सामान्य कोच के यात्री घुस जा रहे हैं। ऐसे में आरक्षण कराने वालों को सीट नहीं मिल पा रही है। परेशान यात्री रेलवे के अधिकारियों से शिकायत कर रहे हैं।

सोमवार को 15910 अवध असम, 13152 सियालदह, 12332 हिमगिरी एक्सप्रेस आदि ट्रेनें ठसाठस भरी हुई बरेली जंक्शन पर पहुंचीं। ट्रेन में चढ़ने के लिए यात्रियों में हाथापाई और धक्कामुक्की हो गई। सियालदह एक्सप्रेस से उतरते वक्त दो युवकों में विवाद हो गया। वहीं मालविका भटनागर ने एक्स पर अधिकारियों से शिकायत की कि उनके बुजुर्ग पिता को अयोध्या जाना है।


बरेली जंक्शन पर ठसाठस भरी ट्रेनों में झड़प होने के नजारे आम हैं। • अमृत विचार

• **स्लीपर कोच में भी नहीं मिल रही जगह, यात्री कर रहे हैं शिकायतें**

**होली स्पेशल ट्रेनें चलनी शुरू:** होली पर रेल प्रशासन ने दो दर्जन से ज्यादा ट्रेनें चलाने का एलान किया है। कई ट्रेनें पहले से चल रही हैं तो कई बुधवार और गुरुवार से चलेंगी। इनमें 04518 चण्डीगढ़-गोरखपुर, 04517 गोरखपुर-चंडीगढ़, 05005 गोरखपुर-अमृतसर, 05006 अमृतसर-गोरखपुर, 04004 नई दिल्ली-सीतामढ़ी होली स्पेशल ट्रेनें शामिल हैं।

स्लीपर कोच में आरक्षण होने के बावजूद उन्हें बैठने की जगह नहीं मिल पाई है।

### जंक्शन पर कई ट्रेनें घंटों लेट पहुंचीं

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली जंक्शन पर मंगलवार को कुंभ एक्सप्रेस समेत आधा दर्जन ट्रेनें घंटों की देरी से पहुंचीं। इससे परेशान यात्रियों ने रेलवे अधिकारियों को एक्स पर पोस्ट कर शिकायत की। रेल प्रशासन ने यात्रियों को लेट होने के लिए ऑपरेटिंग कारण बताए। मंगलवार को 13151 सियालदह एक्सप्रेस 2 घंटा, 13009 दून तीन घंटा, 18103 जलियांवाला बाग एक घंटा 30 मिनट, 15651 लोहित दो घंटा 57 मिनट, 12369 कुंभ दो घंटा 40 मिनट, 13308 गंगा सतलुज एक्सप्रेस एक घंटा, 15910 अवध असम एक्सप्रेस दो घंटा 12 मिनट की देरी से बरेली जंक्शन पहुंची।

### बेगमपुरा एक्सप्रेस के ठहराव की मांग

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली जंक्शन पर 12238 और 12237 बेगमपुरा एक्सप्रेस के ठहराव की मांग यात्री कर रहे हैं। ट्रेन वाराणसी से जम्मूतवी तक चलती है। हिमांशु नाम के यात्री ने रेलवे अधिकारियों को एक्स पर पोस्ट की कि बेगमपुरा एक्सप्रेस का बरेली जंक्शन पर ठहराव नहीं है, जबकि शाहजहांपुर स्टेशन पर है। बरेली में ठहराव न होने से यात्रियों को काफी परेशानी होती है। डीआरएम मुरादाबाद के एक्स हैंडल से जवाब आया कि ट्रेन के जंक्शन पर ठहराव का प्रस्ताव अधिकारियों को भेजा जाएगा।

# महीने का बिजली बिल एक लाख, लोगों को लगा झटका

कार्यालय संवाददाता, बरेली

• **हरुनगला क्षेत्र के दो उपभोक्ता बिल सही कराने के लिए लगा रहे चक्कर**

**अमृत विचार :** एक तो लोग बिजली कटौती से परेशान हैं तो वहीं अब एक महीने का एक लाख तक का बिल देखकर उन्हें तगड़ा झटका लग रहा है। हरुनगला के दो उपभोक्ता एक लाख से अधिक का बिल आने से परेशान हैं और बिल सही कराने के लिए अधिकारियों के कार्यालयों के चक्कर लगा रहे हैं। वहीं अधिकारियों का कहना है कि घरेलू बिल को कॉमर्शियल करने की वजह से बिल अधिक भेजा गया।

एजाज नगर गौटिया निवासी नसीम बेगम ने बताया कि उनके मकान का बिजली बिल हर महीने 15 हजार रुपये के आसपास आता था लेकिन अब अचानक बिल करीब एक लाख रुपये आ गया। वहीं सिराज का भी घरेलू कनेक्शन पर एक महीने का बिल एक लाख से अधिक आ गया। अधिशासी अभियंता गौरव शुक्ला ने बताया कि किसी उपभोक्ता का गलत बिल नहीं आया है।

मुख्यालय के आदेश पर चेकिंग की जा रही है। अगर किसी के घरेलू कनेक्शन पर कामर्शियल इस्तेमाल होता हुआ मिला तो उनका कनेक्शन दो किलोवाट का कर दिया गया है। घरेलू कनेक्शन पर कॉमर्शियल इस्तेमाल करने पर जुर्माना भी लगाया गया है। इसकी वजह से लोगों को बिल अधिक लग रहा है। इस तरह की शिकायत आने वालों की समस्या का समाधान किया जा रहा है।

# मुंशीनगर और परवाना नगर में मरम्मत की वजह से बिजली गुल

**बरेली, अमृत विचार :** गर्मी लगातार बढ़ रही है लेकिन शहर में बिजली कटौती की समस्या से लोगों को निजात नहीं मिल पा रही है। रोजाना मरम्मत कार्य की वजह से बिजली कटौती की जा रही है। मंगलवार को मुंशीनगर और परवाना नगर में कई घंटे बिजली गुल रही है। इसके अलावा सिविल लाइंस में फाल्ट की वजह से सुबह बिजली गुल हो गई, जिससे पानी का भी संकट हो गया। आशुतोष सिटी, परवाना नगर और मुंशी नगर फीडर पर सुबह 11 से शाम 4 बजे तक मरम्मत कार्य की वजह से बिजली कटौती की गई। इसके अलावा सीबीगंज, स्वालेनगर, मढ़ीनाथ, कुतुबखाना और जगतपुर क्षेत्र में भी कटौती की गई। अधिशासी अभियंता गौरव शुक्ला ने बताया कि गर्मी में बेहतर बिजली आपूर्ति मिल सके इसके लिए मरम्मत कार्य कराए जा रहे हैं।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157

डा. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड
बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

यशस्वी क्लीनिक
डॉ. अनिल मिश्रा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
डायबिटीज एवं हृदय रोग विशेषज्ञ
मो. 9896567597
स्वास्थ्य परामर्श
• डेंगू, टायफाइड, मलेरिया का उचित इलाज
• दिल सम्बन्धित बीमारियां
• शुगर, ब्लडप्रेशर, सीने में दर्द
• बुखार, खांसी, सांस सम्बन्धित बीमारियां
• थायराइड, गठिया, खून की कमी
• जिगर, पेट, लीवर, अल्सर, भूख न लगना, वजन घटना, कब्ज, उल्टी एवं दस्त की बीमारी
• दिमागी बुखार, मिर्गी के दौरे, एन्सेफलाइटिस,
• लकवा, स्ट्रोक, सर दर्द, माइग्रेन
• गुर्दे एवं पेशाब की तकलीफ, गुर्दे की पथरी, प्रोस्टेट का बढ़ना, पेशाब में खून आना व जलन।
समयः प्रातः 9:30 से 2:00 बजे एवं सायं 5:00 बजे से 8:00 बजे तक
रविवार को अवकाश रहेगा।
पताः- फैज़ हास्पिटल के सामने बेसमेन्ट में, 100 फुटा रोड, बरेली
सम्पर्क सूत्रः- 7895161674, 7906502059

प्राइम हॉस्पिटल एण्ड ट्रामा सेन्टर
PRIME HOSPITAL
नरियावल बाजार के सामने, बिथरीचैनपुर रोड, नरियावल, बरेली
• मेडिसिन विभाग • सर्जरी विभाग • स्त्री एवं प्रसूति विभाग
• मानसिक रोग विभाग • हड्डी रोग विभाग
• न्यूरो विभाग • बाल रोग विभाग
आयुष्मान योजना के तहत फ्री ऑपरेशन व इलाज
24 घण्टे इमरजेन्सी सुविधा उपलब्ध
डॉ. मिनहाज अली खान एम.डी.
7302532226, 9758044442

डा० आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS DNB MINAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
Trust your eyes with us
भूतपूर्व चिकित्सक- शहीद भगत सिंह आई हॉस्पिटल, बरेली
TIME : 10:00 AM TO 5:00 PM
8077344353
ADITYA
50000 से अधिक आँखों के आपरेशन का अनुभव
अब इस पते पर उपलब्ध हैं :- आँखों का अस्पताल
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, रेड टेप शोरूम के बराबर में, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

चरक पैथलैब
विश्वसनीय परिणाम
स्वास्थ्य जाँच पैकेज की व्यापक रेंज
जांचों पर विशेष छूट
समस्त प्रकार की खून जांचे उपलब्ध
39-बी, एकता नगर, चाट बाजार के पास, नीरज लाईफ केयर हॉस्पिटल के सामने, बरेली
मो. 9410200042, 9410200047 समय प्रातः 8 से रात 9 बजे तक
घर से सैम्पल लेने की सुविधा उपलब्ध E-mail: pathlab.charak@gmail.com

नाक, कान व गला रोग विशेषज्ञ
डा. आरिफ हुसैन अन्सारी
M.B.B.S., M.S.
• Ex. Chief Resident-Sir J.J. Hospital Grant Medical College Mumbai
मरीज एन्डोस्कोपी द्वारा देखे जाते हैं।
परामर्श शुल्क ₹ 200/-
मिलने का समय
सुबह : 11 बजे से 3 बजे तक
शाम : 7 बजे से 9 बजे तक
(सोमवार से शनिवार)
सुविधायें
• नाक की टेढ़ी हड्डी को सही करना (Septoplasty)
• गले के बढ़े हुये टॉन्सिल का ऑपरेशन
• कान के फटे हुए पर्दे का ऑपरेशन (Tympanoplasty)
• थायराइड (घेंघा) का इलाज व ऑपरेशन
• दूरबीन द्वारा गले के कैंसर की जाँच व बायोप्सी
पता- बैंक ऑफ बड़ौदा के पास, मालियों की पुलिया, बरेली
(सेटेलाइट बस अड्डा व शाहमतगंज चौराहे के बीच में)
सम्पर्क करें
94566 58250, 70785 69786

### जिला अस्पताल को मिलेगी इन्फ्लूएंजा वैक्सीन

**बरेली, अमृत विचार :** जिला अस्पताल में जल्द ही इन्फ्लूएंजा वैक्सीन उपलब्ध होगी। इसकी कवायद अस्पताल प्रबंधन ने शुरू कर दी है। मौसम में बदलाव की वजह से पिछले करीब चार महीने से बुखार, सर्दी, खांसी के मरीज बढ़े हैं। जिला अस्पताल की एडीएसआईसी डॉ. अलका शर्मा ने बताया कि ड्रग हाउस को उत्तर प्रदेश मेडिकल कॉरपोरेशन की ओर से इन्फ्लूएंजा वैक्सीन भेजने की जानकारी दी गई है। जिला अस्पताल में फ्लू से ग्रसित मरीजों को वैक्सीन लगाई जाएगी। वैक्सीन की मांग के लिए सीएमओ को पत्र भेजा जाएगा।

### दरगाह शराफत मियां पर आज शुरू होगा छमाही उर्स

**बरेली, अमृत विचार :** दरगाह हजरत शाह शराफत अली मियां पर उर्स इंतजामिया कमेटी की बैठक हाजी सादकैन मियां की अध्यक्षता में हुई। दरगाह मीडिया प्रभारी हमजा सकलैनी ने बताया कि शराफत अली मियां का इस साल ( 57 वां छमाही) उर्स मनाया जाएगा। हजरत शाह मोहम्मद सकलैन का पहला छमाही उर्स होगा। उर्स के पहले दिन बुधवार को जुहर की नमाज के बाद कुरानख्वानी और तरावीह की नमाज के बाद महफिले नात और मनकबत का आयोजन होगा। दूसरे दिन भी इसी तरह से कार्यक्रम होंगे। तीसरे दिन शुक्रवार को शाम 5 :30 बजे कुल शरीफ होगा और खानकाह शरीफ पर रोजा इफ्तार कराया जाएगा। सभी रस्में सज्जादानशीन हजरत शाह मोहम्मद गाजी मियां की सरपरस्ती में अदा की जाएंगी।

### रामगंगा नगर योजना के आवंटी भूखंड की करा लें रजिस्ट्री

**बरेली, अमृत विचार :** रामगंगा नगर योजना में आवंटियों के भूखंड की रजिस्ट्री शुरू हो गई है। आवंटी आवंटन पत्र में दर्शाई राशि जमा कर रजिस्ट्री करा सकते हैं। बीडीए वीसी मानिकनंदन ए ने बताया कि आवंटी रजिस्ट्री कराने के लिए भूखंड से संबंधित अभिलेख संपत्ति लिपिक को जल्द उपलब्ध करा दें। आवंटन पत्र में अंकित धनराशि यदि शेष हो तो उसे प्राधिकरण के बैंक खाते में जमा करा दें ताकि रजिस्ट्री और कब्जा देने की कार्रवाई शुरू हो सके। बीडीए ने मोबाइल नंबर 9568006456 भी जारी किया है। इस नंबर पर लोग जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

सार-संक्षेप

## श्रीराम जन्म के मंचन के साथ रामलीला शुरू



**बरेली, अमृत विचार** : बड़ी बमनपुरी में मंगलवार से रामजन्म के मंचन के साथ रामलीला की शुरुआत हो गई। पहले दिन कथा व्यास मुनेश्वरदास ने कथा सुनाई कि संतों और सज्जनों की पीड़ा हरने के लिए राम ने जन्म लिया। उन्होंने राम कथा के साथ-साथ नारद मोह की कथा का भी वर्णन किया। इस दौरान रामलीला प्रमुख पंकज मिश्रा, विशाल मेहरोत्रा, विवेक शर्मा, महामंत्री अंशु सक्सेना, कोषाध्यक्ष सुनील रस्तोगी, नवीन शर्मा, राजू मिश्रा, महेश पंडित, राजकुमार गुप्ता, नवीन शर्मा, सर्वेश रस्तोगी, गौरव सक्सेना, विनोद, सुरेश कटिहा, विनोद रस्तोगी आदि मौजूद रहे।

## मानसिक स्वास्थ्य के लिए दैनिक व्यवहार में लाएं योग




**बरेली, अमृत विचार** : रोहिलखंड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में मंगलवार को स्वास्थ्य वृत्त एवं योग विभाग की ओर से मेंटल हेल्थ पर व्याख्यान दिया गया। इसमें योगा थेरेपिस्ट एवं काउंसलर अंशु त्रिपाठी ने बताया कि योग को दैनिक व्यवहार में लाना चाहिए। कार्यक्रम में बरेली इंटरनेशनल युनिवर्सिटी के प्रति कुलाधिपति डॉ. अशोक अग्रवाल, निदेशक डॉ. विशाल अग्रवाल, डॉ. आरके तिवारी, डॉ. मुकेश, डॉ. ज्ञानदेव, डॉ. शिव ज्योति, डॉ. राहुल पाराशर, डॉ. रामबाबू, डॉ. मायाप्रकाश, डॉ. सौरभ, डॉ. अनुराग, डॉ. कविता, नितेश मिश्रा, डॉ. आकांक्षा, डॉ. अखिन्ना, डॉ. सिमी, डॉ. कंचन, डॉ. प्रियंका कश्यप, डॉ. सचित्रा, डॉ. हिमानी, डॉ. प्रियंका, डॉ. राहुल यादव डा. गीता, डा. क्रांति व अन्य मौजूद रहे।

## कंपोजिट विद्यालय में छात्राओं को बांटे सेनेटरी पैड



**बरेली, अमृत विचार** : कंपोजिट विद्यालय बिथरी चैनपुर में बालिका शिक्षा और सुरक्षा अभियान के तहत माधवराव सिंधिया पब्लिक स्कूल के प्रबंधक डॉ. सौरभ कुमार अग्रवाल ने पैड वितरित किए। उन्होंने कहा कि बालिकाएं अपनी सेहत के प्रति जागरूक रहें। इंचार्ज प्रधानाध्यापक नरेश गंगवार आदि मौजूद रहे।

## आईएमए ने गोशाला को दान किए 51 हजार रुपये




**बरेली, अमृत विचार** : आईएमए के प्रतिनिधि मंडल ने मंगलवार को बरेली गोशाला सोसाइटी में 51 हजार रुपये दान दिए। गोशाला में आईएमए अध्यक्ष डॉ. राजीव गोयल, सचिव डॉ. गौरव गर्ग, कोषाध्यक्ष डॉ. निकुंज गोयल, उपाध्यक्ष डॉ. राजकुमारी मित्तल, कम्यूनिटी चेयरमैन डॉ. एसपी अग्रवाल ने गोसेवा भी की। डॉ. राजीव गोयल ने कहा कि आईएमए का यह सहयोग मनुष्य और जानवर दोनों के जीवन पर समान रूप से सार्थक प्रभाव डालने में सामूहिक कार्यशक्ति को प्रस्तुत करता है। डॉ. राजीव गोयल ने कहा कि लोग होली पर गोशाला से गायों के गोबर से बनी बलगुरियां लें।

## आइडियल कोचिंग की नई ब्रांच का उद्घाटन



**बरेली, अमृत विचार** : स्टेडियम रोड स्थित आइडियल क्लासेस की नई ब्रांच और लाइब्रेरी का मेयर डॉ. उमेश गौतम ने उद्घाटन किया। यहां कक्षा छह से इंटर तक के बच्चे कोचिंग कर सकेंगे। इस मौके पर मेयर ने कहा कि किसी भी बच्चे को अच्छी शिक्षा के लिए बरेली से बाहर जाने की जरूरत नहीं क्योंकि इस कोचिंग सेंटर राष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं हैं। आइडियल क्लासेस के डायरेक्टर अर्जुन यादव ने मेयर को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। राजा चावला, केशव शर्मा, अभिषेक मोहन, प्रियांक गंगवार, गगन यादव आदि मौजूद रहे।

# अधूरी तैयारियों के बीच आज से बेसिक स्कूलों में परीक्षाएं

## कई विद्यालयों में नहीं पहुंचे प्रशनपत्र, शिक्षकों ने जताया गुस्सा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- स्कूलों में सीटिंग अरेंजमेंट के लिए फर्नीचर नहीं, बिछाई गई दरी
- कुछ केंद्रों पर शिक्षकों ने अपने पैसे से मंगाईं कॉपियां

**अमृत विचार** : आधी-अधूरी तैयारियों के बीच बेसिक स्कूलों की वार्षिक परीक्षा बुधवार से शुरू होगी। मंगलवार को परीक्षा की तैयारी की गईं लेकिन कई स्कूलों में फर्नीचर नहीं होने की वजह से दरी बिछाई गईं। कुछ शिक्षकों ने केंद्रों पर प्रशनपत्र नहीं पहुंचने पर रोष जताया तो कुछ ने अपने पैसों से कॉपियों का इंतजाम किया। अधिकारियों ने बताया कि कुछ विद्यालयों का समूह बनाकर उनके क्लस्टर प्रमुख केंद्र से बुधवार सुबह को ही प्रश्नपत्र पहुंचाया जाएगा।

जिले के 2482 बेसिक स्कूलों में तीन लाख से अधिक परीक्षार्थी वार्षिक परीक्षा देंगे। परीक्षार्थी पहले दिन हिंदी, सामाजिक विषय व गणित की परीक्षाएं देंगे। परीक्षा से पहले कुछ शिक्षकों ने बताया कि उत्तर पुस्तिकाओं की खरीद के लिए कंपोजिट ग्रांट के तहत राशि खर्च करने को कहा गया, जबकि कंपोजिट ग्रांट में परीक्षा को लेकर कोई मद ही नहीं है। वहीं कुछ शिक्षकों ने निजी खर्च पर ही उत्तर पुस्तिकाएं खरीदीं। बीएसए संजय सिंह ने बताया कि परीक्षा बुधवार से शुरू होगी। सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को बैठक कर निर्देशित किया है।



परिषदीय विद्यालय में परीक्षार्थियों के बैठने के लिए बिछाई गई दरी। ● अमृत विचार

### परीक्षा की शुरुआत से घंटे भर पहले पेपर लेने जाएंगे शिक्षक

विभागीय व्यवस्था के तहत परीक्षा शुरु होने से एक घंटे पहले शिक्षक निर्धारित क्लस्टर प्रमुख विद्यालय से प्रश्नपत्र प्राप्त करेंगे। इसका एकल शिक्षक विद्यालय वाले शिक्षकों ने अंदरखाने विरोध जताया है। उन्होंने कहा कि जिन विद्यालयों में एक शिक्षक और प्रधानाध्यापक तैनात है, उन्हें परीक्षा के दौरान खासी समस्या आएगी। परीक्षा शुरू होने से पहले पेपर प्राप्त करने और कक्षा 8 और कक्षा 5 की कापियों परीक्षा तिथि में ही 3 :30 बजे तक संकलन केंद्र पर जमा करना अनिवार्य है। दोनों ही कक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं का संकलन अलग-अलग केंद्र पर होगा। शेष अन्य कक्षाओं की उत्तर पुस्तिका स्वकेंद्र पर जमा होंगी।

### विद्यालयों में पर्याप्त बेंच और टेबल नहीं

शहर व ग्रामीण क्षेत्रों के कई सरकारी विद्यालयों में छात्रों की संख्या के अनुपात में बेंच और टेबल नहीं है। ऐसे में विद्यालयों कई विद्यार्थी फर्श पर बैठ कर परीक्षा देने को मजबूर होंगे। वहीं कई विद्यालयों में एक बेंच टेबल पर एक साथ चार से पांच बच्चे परीक्षा देने को मजबूर होंगे। शहरी क्षेत्र में ही कुछ विद्यालयों में दरी बिछाकर सिटिंग अरेंजमेंट किया गया है।



भुता ब्लॉक के उच्च प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों ने पहली बार में अमृत विचार अखबार छपते हुए देखा तो रोमांचित हो गए।




शिक्षकों के साथ अमृत विचार की प्रिंटिंग यूनिट में पहुंचे बच्चे। ● अमृत विचार

## बच्चों ने देखा, कैसे छपता है अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार** : भुता ब्लॉक के उच्च प्राथमिक विद्यालयों के कक्षा 6 से 8 तक के सौ बच्चों का मंगलवार को शैक्षिक भ्रमण कराया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने अमृत विचार की प्रिंटिंग प्रेस में अखबार छपते देखा। उत्सुक बच्चों ने कई सवाल भी किए। भ्रमण के दौरान दस शिक्षक भी मौजूद रहे। खंड शिक्षा अधिकारी भुता भानु शंकर गंगवार ने बताया कि बच्चों को ये भ्रमण राष्ट्रीय अविष्कार अभियान एक्सपोजर के तहत कराया गया है। बच्चों ने अपने भ्रमण के दौरान अमृत विचार के संपादक शंभू दयाल वाजपेयी का आभार व्यक्त किया। इस दौरान एआरपी आमोद यादव व रघुवीर सिंह, शिक्षक अनिल गंगवार, अजय पाल गंगवार, रामकृष्ण रस्तोगी, नीरज शाक्य, सुरेंद्र शाक्य, डॉ. युनुस हुसैन, जय श्री शर्मा, खेमलता, इरफान खान समेत अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

# चुनाव के कारण कई पाठ्यक्रमों की परीक्षा का कार्यक्रम बदला

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- वोटिंग की तिथि के दौरान नहीं होगी परीक्षा
- स्नातक की परीक्षा 90 केंद्रों मंगलवार से हुई शुरू

**अमृत विचार** : लोकसभा चुनाव की तिथियां घोषित होने के बाद रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने स्नातक, परास्नातक और व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की परीक्षा में बदलाव किया है। अलग-अलग जिलों में वोटिंग की अलग-अलग तिथियां हैं। इन तिथियों के दौरान वोटिंग से पहले और बाद के दो-दो दिनों तक परीक्षा नहीं होगी। इन तिथियों पर जो पहले से परीक्षा निर्धारित थीं, उन्हें अब आगे बढ़ा दिया गया है। स्नातक की वार्षिक परीक्षा मंगलवार से शुरू हुई।

इसके अलावा व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की परीक्षा 1 अप्रैल और परास्नातक की परीक्षा 10 अप्रैल से शुरू होंगी। परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार के मुताबिक स्नातक की 16 से 21 तक और 25 से 28 अप्रैल, 5 से 8 और 12 से 14 मई को निर्धारित प्रश्नपत्रों की परीक्षा नहीं होगी।

पहले परीक्षा 27 मई को समाप्त हो रही थी लेकिन अब 18 जून को समाप्त होंगी। इसी तरह से परास्नातक की परीक्षा 16 से 21 और 25 से 28 अप्रैल की परीक्षा नहीं होगी। अब परास्नातक की परीक्षा 10 अप्रैल से 1 मई तक होगी। इसके अलावा व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की 16 से 21 अप्रैल तक की परीक्षा नहीं होगी। अब परीक्षा 1 से 24 अप्रैल तक होगी।

# मूल्यांकन : उत्तर पुस्तिकाओं से निकल रहे 50-100 रुपये के नोट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार** : यूपी बोर्ड परीक्षा के मूल्यांकन के दौरान परीक्षार्थियों की उत्तर पुस्तिकाओं से 50, 100 और 10 रुपये के नोट भी निकल रहे हैं। इसके अलावा उत्तर पुस्तिकाओं में परीक्षार्थियों की ओर से पास करने के लिए भावनात्मक निवेदन भी लिखे गए हैं। मूल्यांकन में किसी प्रकार की कोई गड़बड़ी न हो, इसके लिए उप प्रधान परीक्षक औचक 20 उत्तर पुस्तिकाओं का भी मूल्यांकन कर रहे हैं।

जिले में चार दिनों में अब तक 3,31,386 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन पूरा किया जा चुका है। अब अगले चार दिनों में शेष 3,34,424 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कर परिणाम प्रयागराज भेजा जाएगा। मंगलवार को 1,00,956 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया गया। इनमें जीआईसी में 27,622, इस्लामिया इंटर कॉलेज में 25,210, एसवी इंटर कॉलेज में 29,176, और जीजीआईसी में 36,663 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया गया। जिला विद्यालय निरीक्षक देवकी सिंह ने बताया कि आगामी चार दिनों में मूल्यांकन खत्म करने पर जोर दिया जा रहा है। जिससे नए सत्र को समय पर शुरू किया जा सके।

### मंगलवार को रोका गया 15 शिक्षकों का वेतन

डीआईओएस ने मूल्यांकन के दौरान मंगलवार को अनुपस्थित 15 शिक्षकों का वेतन रोकने का आदेश दिया। इन सभी शिक्षकों की ड्यूटी एसवी इंटर कॉलेज में हाईस्कूल की परीक्षा के मूल्यांकन में लगाई गई थी। इनमें पांच राजकीय और 10 अशासकीय शिक्षक हैं। मंगलवार को चार केंद्रों पर मूल्यांकन में 31 सौ शिक्षकों की तैनाती की गई, इसमें से 2130 ही मूल्यांकन में पहुंचे इसके अलावा 970 शिक्षक अनुपस्थित रहे। इनमें जीआईसी में 182, इस्लामिया इंटर कॉलेज में 257, एसवी इंटर कालेज में 242 और जीजीआईसी में 289 शिक्षक अनुपस्थित रहे। डीआईओएस देवकी सिंह ने बताया कि मंगलवार को अनुपस्थित शिक्षकों के प्रति अनुशासनात्मक कार्रवाई प्रस्तावित कर दी गई। साथ ही सभी का डाटा शासन को भेज दिया गया है। इनमें अशासकीय शिक्षकों के विद्यालयों की मान्यता निरस्त करने की भी संस्तुति की गई है।

## राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय में बीएड प्रवेश परीक्षा के आवेदन शुरू

**बरेली, अमृत विचार** : राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय में सत्र 2024-2025 के लिए बीएड और बीएड विशिष्ठ शिक्षा की प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन 19 मार्च से शुरू हो गए। दोनों पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए अभ्यर्थियों को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। मंगलवार को विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो. सीमा सिंह ने प्रवेश प्रक्रिया की शुरुआत की। इस दौरान निदेशक शिक्षा विद्या शाखा प्रो. पीके स्टालिन, मीडिया प्रभारी डॉ. प्रभात चंद्र मिश्र आदि मौजूद रहे। क्षेत्रीय अध्ययन केंद्र बरेली के समन्वयक डॉ. आरबी सिंह ने बताया कि ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 30 अप्रैल है। इसके बाद 10 मई तक विलंब शुल्क के साथ आवेदन होंगे। अभ्यर्थियों को 11 से 15 मई तक आवेदन में संशोधन का मौका मिलेगा।

## होली महोत्सव



**बरेली, अमृत विचार** : राम वाटिका स्थित संस्कृति हॉल में मंगलवार को तक्ष योगा ने होली महोत्सव रंगोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें अलग-अलग क्षेत्रों में कार्य करने वाली महिलाओं ने सांस्कृतिक गायन संध्या, बृज की होली, फूलों की होली, नृत्य का आयोजन किया। कार्यक्रम में तक्ष योगा की संचालक तक्षशिला गुप्ता, प्रतिभा, संगीता अग्रवाल, स्वाति गुप्ता, सपना गुप्ता, शीतल शर्मा, पूजा अग्रवाल, निशा गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## मुर्गियों में एंटीबायोटिक का विकल्प बना एसेंशियल ऑयल

**बरेली, अमृत विचार** : केंद्रीय पक्षी अनुसंधान संस्थान के वैज्ञानिकों ने मुर्गियों की शारीरिक वृद्धि पर अध्ययन किया, जिसमें पाया कि एंटीबॉयोटिक के कई विकल्प हो सकते हैं। इनमें एसेंशियल आयल, आर्गेनिक एसिड, प्रीबॉयोटिक, प्रोबॉयोटिक, सिम्बॉयोटिक और पोस्टबॉयोटिक हैं। वैज्ञानिक डॉ. गौतम कुल्लूर ने बताया कि टर्की प्रजाति की मुर्गियों पर अध्ययन चार ग्रुप में किया गया। पहले ग्रुप को कंट्रोल ग्रुप जिनमें मुर्गियों को सामान्य दाना दिया गया, दूसरे ग्रुप में मुर्गियों को दाने के साथ एंटीबायोटिक दी गई। इसके अलावा तीसरे ग्रुप में मुर्गियों को दाने के साथ एसेंशियल ऑयल, जिसमें थाईमोल और फार्मिक एसिड दिया गया और चौथे ग्रुप में खाने को कुछ नहीं दिया गया। अध्ययन में पाया कि तीसरे ग्रुप की मुर्गियों में एंटीबॉयोटिक के खिलाफ बनने वाली प्रतिरक्षा दूसरे ग्रुप के मुकाबले कम मिली। इस अध्ययन के आधार पर एंटीबॉयोटिक के विकल्प के रूप में एसेंशियल ऑयल को शामिल किया जा सकता है। अध्ययन में डॉ. गौतम के साथ डॉ. एसके भांजा, डॉ. जयदीप रोकड़ें रहे। निदेशक डॉ. अशोक कुमार तिवारी ने बताया कि अध्ययन में एंटीबॉयोटिक के विकल्प में एसेंशियल ऑयल बेहतर विकल्प है।




# ज्यादातर लोग डेंटोफोबिया के शिकार दांतों के लिए डॉक्टर की सलाह जरूरी

**बरेली, अमृत विचार** : बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज में ओरल हेल्थ माह आरंभ हो गया। बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के इंस्टिट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज के प्रधानाचार्य प्रो. सत्यजीत ने बताया कि दांतों की समस्या के होने के बावजूद लोगों को डॉक्टर के पास जाने से डर लगता है इसे डेंटोफोबिया कहा जाता है। अधिकांश लोग इस श्रेणी में हैं। इन सभी डर को दूर कर डॉक्टर से इलाज कराएं।

### इन बातों का रखें ध्यान

- दांतों की सफाई कराने से दांत कमजोर होकर हिलते नहीं है।
- दांत उखड़वाने से कभी भी आंखों या फिर सिर को कोई नुकसान नहीं होता।
- अल्ट्रासोनिक मशीन की सफाई से कभी भी दांतों को कोई नुकसान नहीं होता।
- दूध के दांतों का इलाज कराना उतना ही जरूरी है जितना की पक्के दांतों का।
- दांतों को साफ करने के बाद होने वाली झनझनाहट स्वयं दूर होती है।
- दांतों को ब्रश करने से ही दंत रोग रोका नहीं जा सकता।
- हर छह महीने में एक बार अपने दंत चिकित्सक से जांच भी कराना आवश्यक है।

### डेंटल कॉलेज में मनाया जाएगा ओरल हेल्थ मंथ

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेस में विश्व मुख स्वास्थ्य दिवस के मौके पर ओरल हेल्थ माह में दांतों से जुड़ी जानकारी के साथ दांतों का परीक्षण किया जाएगा। प्रधानाचार्य प्रो. सत्यजीत ने बताया कि स्वस्थ मुख ही जीवन का आधार है। मुख और दांतों की समस्याओं, मिथ्या और समाधान के लिए 20 मार्च से 20 अप्रैल तक लेख के माध्यम से बचाव और इलाज के प्रति जागरूक किया जाएगा।

## अग्रसेन पार्क में आज लगेगा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर

**बरेली, अमृत विचार:** मैक्स हॉस्पिटल वैशाली की ओर से बुधवार को रामपुर गार्डन स्थित महाराजा अग्रसेन पार्क में सुबह 11:30 से दोपहर 2:30 बजे तक निशुल्क शिविर आयोजित किया जाएगा। इस शिविर को आयोजित कराने में ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. प्रमेंद्र माहेश्वरी और पार्षद राजेश अग्रवाल की विशेष भूमिका रही है। शिविर में हड्डी रोग विशेषज्ञ और जनरल फिजिशियन परामर्श और जांच करेंगे। डॉ. प्रमेंद्र ने बताया कि शिविर में बोन मिनरल डेंसिटी, रेंडम ब्लड शुगर, ईसीजी की भी फ्री जांच होगी। उन्होंने कहा कि वह भी शिविर में मरीजों को परामर्श देंगे। पार्षद राजेश अग्रवाल ने कहा कि इस तरह के कैंप उन लोगों के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण हैं जो वरिष्ठ डॉक्टरों की राय लेना चाहते हैं लेकिन दूर-दराज के क्षेत्रों में जाने में असमर्थ हैं।

## हास्य कवि सम्मेलन में खूब गूंजे ठहाके कवियों को सम्मानित भी किया



हास्य कवि सम्मेलन में काव्य पाठ करते कवि। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार:** आल इंडिया रियल फॉर कल्चरल, एजुकेशनल, वेलफेयर सोसाइटी ने संयुक्त रूप से अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन और पांचाल शिरोमणि सम्मान समारोह पुराने बस अड्डे पर आयोजित किया। इसमें नोएडा से आईं अनिता सिंह ने अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों को गुदगुदाया। इस दौरान दर्शकों की तालियां गूंजती रहीं।

बजाक संस्था के संस्थापक डॉ. रजनीश सक्सेना ने बताया कि पीलीभीत के जीतेश राज नक्श को कबीर दास, डॉ. राकेश यदुवंशी को धर्मशील चतुर्वेदी, उमेश त्रिगुणायत को अल्हड़ बीकानेरी, डॉ. अनीता सिंह को चकाचक बनारसी, डॉ. जयंत शाह को हुल्लड़ मुरादाबादी, उपेन्द्र अर्पण को कैलाश गौतम, श्यामल मजूमदार को निर्भय हाथरसी, उर्मिलेश सौमित्र को शैल चतुर्वेदी, आर्यन उपाध्याय को प्रदीप चौबे, टिल्लन वर्मा को काका हाथरसी, अनिल गंगवार को गोपाल प्रसाद व्यास और शिल्पी सक्सेना को जैमिनी हरियाणवी स्मृति सम्मान से सम्मानित किया गया।



समस्या आपकी समाधान
INTERNATIONAL SEXOLOGIST
• Growth Hormone
• Testosterone Hormone
• L.H Hormone
• F.S.H.Hormone
• Vitamin D
• Prolactin Hormone
• Suger/ • B.P
• ALL OLD DISEASES ONLINE TREATMENT POSSIBLE
सभी जाँच करवा कर
WhatsApp पर करें
और घर वैठे इलाज करवायें

नरेन्द्र कुमार-
मेरी शादी को 4 वर्ष हो चुके थे। मैं शीघ्रपतन रोग से पीड़ित था। कम्प्यूटर इंजीनियर होने के साथ-साथ जॉब में अपने पार्टनर से मिलता था तब मुझे 30 से 40 सेकेन्ड में मेरा शीघ्रपतन हो जाता था। एक दिन हम दोनो ने फैसला लिया और सीधे सिंह क्लीनिक पहुंचे दोनों ने इलाज करवाया। डॉ. सिंह ने जैसे मुझे दवाई दी मैं एक सप्ताह में ठीक हो गया। मुझमें वही जोश आने लगा जो जोश जवानी में आता था। आज मेरा वैवाहिक जीवन सफल हुथा। आज में जो कुछ हूं वो डॉ. सिंह की वजह से हूं।

पवन कुमार-
आयु 11 वर्ष बदायु बरेली, मेरा बेटा 11 वर्ष का हो चुका था शारीरिक एवं मानसिक रूप से देखने में ठीक था जन्म से लिंग एवं अण्डकोष छोटे थे जिसकी वजह से हम अत्यधिक परेशान रहते थे किस डाक्टर को दिखाएं एक दिन हमने अपने बच्चे को डॉ. वी.पी. सिंह को दिखाया पहले उन्होंने जाँच कराई और जाँच के बाद इलाज सही तरीके से करवाया 8 महीने में बच्चे के लिंग का विकास होने लगा और क्रमश: बेटा ठीक हो गया।
धन्यवाद..DR. V.P. SINGH

नि:संतान स्त्री एवं पुरूष गुप्त रोगों से पीड़ित महिलायें ल्यूकोरिया पुरानी से पुरानी ल्यूकोरिया बांझपन आदि फलोपियन ट्यूब का बन्द होना IUI (इंट्रा यूटेराईन इन्सेमिनेशन, (इन विट्रो फर्टिलाइजेशन) IVF करवाना व पुरूषों में शुक्राणुओं का कम बनना आदि के लिए उचित परामर्श लें।

Singh Clinic™
An ISO 9001-2008 Certify Clinic
Marriage Counseling
Pre n Post Marriage & Married Counsltant
Dr. V.P. Singh
D.Lit. (Ayurveda)
स्त्री एवं पुरूष गुप्त रोग विशेषज्ञ
International Sexologist
रायल कालोनी, पीलीभीत बाईपास रोड, सैटेलाइट बस स्टैण्ड से 1 किमी. आगे, सतीपुर चौराहा, बरेली
9837057107
9837343729
Website: sexologistvpsingh.com
Website: drvpsinghsexologist.com
Google Maps
FOLLOW US :

# 920 करोड़ का बकाया...इस बार किसानों की फीकी रहेगी होली

## मंडल में 16 में सिर्फ एक मिल ने किया किसानों का भुगतान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** इस बार गन्ना किसानों की होली फीकी रहेगी, क्योंकि मंडल की 16 में 15 चीनी मिलों पर किसानों का चालू पेराई सत्र का 920 करोड़ रुपये से अधिक बकाया है। गन्ना किसानों को 14 दिन के भीतर भुगतान के दावे हवाई साबित हो रहे हैं। जिले में सिर्फ फरीदपुर की द्वारिकेश चीनी मिल ने किसानों को शत प्रतिशत भुगतान किया है।

- पांच लाख किसान करते हैं मिलों को गन्ने की आपूर्ति, जिले की चीनी मिलों पर 351 करोड़ बकाया

मंडल में पांच लाख गन्ना किसान 16 चीनी मिलों को लगभग 1200 लाख क्विंटल गन्ना की आपूर्ति करते हैं। होली का त्योहार सिर पर है। किसान चाहते हैं कि इस सत्र में बेचे गए गन्ने का पूरा भुगतान होली से पहले मिल जाए, लेकिन चीनी मिलें बकाए पर कुंडली मारे बैठी हैं। वहीं, विभागीय अफसर भी खामोश हैं। गन्ने का भुगतान नहीं हुआ तो अधिकांश किसानों को होली पर हाथ खाली रहेगा।

### किसानों का पैसा रोककर कमाई करने में लगीं मिलें

सूत्रों के अनुसार जिले की समस्त चीनी मिलें सहकारी समितियों से गन्ने की बुवाई के समय खाद और बीज देती हैं तो उसका पैसा ब्याज समेत गन्ना बिक्री के समय काटा जाता है। मगर, गन्ने का बकाया मिलों पर कितने ही दिन बना रहे, किसानों को चीनी सस्ती होने का बहाना बनाकर बकाया पर ब्याज नहीं दिया जाता। बरेली की बहेड़ी, पीलीभीत की बरखेड़ा, शाहजहांपुर की मकसूदा चीनी मिल तो हमेशा से ही किसानों का बकाया लंबे समय रोककर बिना ब्याज भुगतान करती हैं। इस बार भी मंडल की महज एक चीनी मिल छोड़ बाकी पंद्रह मिलों ने किसानों को तय समय के अंदर भुगतान नहीं किया है।

### मंडल की ज्यादातर चीनी मिलों पर करोड़ों बकाया

मंडल के किसानों का बहेड़ी की केसर मिल पर 230.84 करोड़, नवाबगंज की ओसवाल मिल पर 77.25 करोड़, मीरगंज की मिल पर 27.70 करोड़, सेमीखेड़ा की सहकारी मिल पर 16.09 करोड़, पीलीभीत में बरखेड़ा की बजाज मिल पर 147.80 करोड़, एलएच पर 43.03 करोड़, बीसलपुर की बजाज मिल पर 15.73 करोड़, पूरनपुर की सहकारी मिल पर 13.32 करोड़, शाहजहांपुर की मकसूदापुर स्थित बजाज मिल पर 166.74 करोड़, निगोही में डालमिया मिल पर 38.07 करोड़, रोजा की बिरला मिल पर 30.01 करोड़, तिलहर की सहकारी मिल पर 20.70 करोड़, पुवायां की सहकारी मिल पर 6.93 करोड़, बदायूं की बिसौली यदु चीनी मिल पर 73.54 करोड़ और सहकारी मिल पर 12.18 करोड़ रुपये बकाया है।

## 25 दिन बाद दरोगा और फर्जी पत्रकारों की गिरफ्तारी नहीं

**बरेली, अमृत विचार :** बेकरी कारोबारी को फंसाकर सात लाख रुपये की मांग करने वाला दरोगा, सिपाही और फर्जी पत्रकारों की 25 दिन बाद भी पुलिस गिरफ्तारी नहीं कर सकी है। इस पर एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान ने थाना पुलिस को फटकार लगाते हुए जल्द से जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी का आदेश दिया।

बता दें कि परसाखेड़ा के बेकरी कारोबारी रामपुर के शहजादनगर निवासी मुस्तकीम को 24 फरवरी को होटल में बुलाकर तत्कालीन किला चौकी इंचार्ज सौरभ कुमार और सिपाही कोलेंद्र के माध्यम से फर्जी पत्रकार नावेद, चांद अल्वी और आजाद ने सात लाख रुपये की मांग की थी। एसएसपी के आदेश पर सभी आरोपियों के खिलाफ किला पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने इस मामले में होटल में मिलने वाली किशोरी को गिरफ्तार किया था लेकिन अन्य आरोपियों को अभी तक गिरफ्तार नहीं कर सकी है। इस मामले में विवेचक दरोगा राजकुमार का कहना है कि पुलिस की टीमें लगातार तलाश कर रही हैं।

## गंदगी डालने का विरोध करने पर दबंगों ने किया हमला



जिला अस्पताल में मौजूद घायल। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- छह लोग घायल, पैरोल पर बाहर आया है एक आरोपी

**अमृत विचार :** सुभाषनगर में करेली मठिया के पास गंदगी करने का विरोध करने पर झगड़ा हो गया। हमले में एक पक्ष के छह और दूसरे पक्ष के दो लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने घायलों को मेडिकल परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भेजा है। एक आरोपी पैरोल पर जेल से बाहर आया है।

करेली मठिया निवासी प्रेमवती ने बताया कि उनके ससुर रामभरोसे घर के पास स्थित मठिया पर पूजा करते हैं। वह प्रतिदिन उसके आसपास सफाई करते हैं। उनके पड़ोसी शराब बेचते हैं और दूसरे समुदाय के लोगों को बुलाकर मठिया के पास गंदगी कराते हैं। मंगलवार रात को आरोपी गंदगी कर रहे थे। इस रामभरोसे ने मना किया तो दो लोगों ने उन पर हमला कर दिया। बचाने के दौरान आरोपियों ने अमन, राजपाल, राजवीर, सुदामा और उनके साथ मारपीट की। वहीं दूसरे पक्ष का आरोप है कि रामभरोसे पक्ष ने उन लोगों पर हमला किया है। इंस्पेक्टर सुभाषनगर सतीश कुमार राय ने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। एक हमलावर कुछ दिन पहले पैरोल पर बाहर आया है।

## प्रेम जाल में फंसाकर जेवर ले जाने का आरोप

**बरेली, अमृत विचार :** सुभाषनगर क्षेत्र में रहने वाले एक युवक ने दूसरे समुदाय की महिला पर प्रेमजाल में फंसाने का आरोप लगाया है। आरोप है कि महिला उसके जेवर भी लेकर फरार हो गई है। युवक की मां ने मंगलवार को एसएसपी कार्यालय में शिकायत की।

मढ़ीनाथ निवासी महिला ने बताया कि उनका 21 साल का बेटा शादीशुदा हैऔर उसका एक बच्चा भी है। वह कोरियर का काम करता था। बेटा मठलक्ष्मीपुर की 45 साल की दूसरे समुदाय की महिला के घर कई बार पार्सल देने गया था। इस दौरान महिला से उसकी जान पहचान हो गई। महिला ने उनके बेटे को अपने वश में कर लिया। बेटे ने महिला को नकदी और जेवर भी दिए।

## स्टंट करने वाली लड़की की तलाश



बाइक पर स्टंट करती युवती।

**बरेली, अमृत विचार :** रील बनाने के लिए युवा जानलेवा स्टंट कर रहे हैं। मंगलवार को एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें युवक-युवती बाइक से स्टंट कर रहे हैं। यह वीडियो बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र में रामगंगा आवासीय क्षेत्र का बताया जा रहा है। इस वीडियो को पुलिस अधिकारियों के एक्स अकाउंट पर पोस्ट कर कार्रवाई की मांग की गई है। पुलिस युवती को तलाश कर रही है। वायरल वीडियो 16 सेकेंड का है। इसमें एक युवती स्पोर्ट्स बाइक पर बैठी है और दूसरा युवक बाइक पर हेलमेट लगाकर आता दिख रहा है।

## चोरी की बाइक काटकर ठेला बनाया, एक पकड़ा

**बरेली, अमृत विचार :** इज्जतनगर थाना पुलिस ने चोरी की बाइक के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। बाइक काटकर ठेला बना लिया गया था। पुलिस ने युवक को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया। वहीं पुलिस ने भी चोरी की रिपोर्ट 18 दिन बाद दर्ज की और उसके दूसरे दिन बाइक बरामद होने का दावा किया। एसआई चेतन कुमार ने बताया कि बांके छावनी थाना प्रेमनगर निवासी रूप बसंत की बाइक 25 फरवरी को इज्जतनगर क्षेत्र से एक बरात घर से चोरी हो गई थी। इस मामले में 17 मार्च को रिपोर्ट दर्ज की गई थी। 18 मार्च को चेकिंग के दौरान रूप बसंत ने फोन करके बताया कि उनकी बाइक का रूप परिवर्तित करके ठेला बना लिया गया है। ठेले को एक व्यक्ति डेलापीर से आईवीआरआई की ओर लेकर जा रहा है। सूचना पर थाना गेट के सामने ठेला को रोक लिया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसका नाम सूरज है। वह रामलीला गौटिया थाना प्रेमनगर का रहने वाला है। कुछ दिन पहले शास्त्रीनगर निवासी ईशान से उसने पांच हजार रुपये का ठेला खरीदा था। पुलिस ने ईशान के घर पर दबिश दी तो पता चला कि ईशान दिल्ली भाग गया है। इंस्पेक्टर जयशंकर सिंह ने बताया कि अब ठेले वालों की भी चेकिंग की जाएगी।



जलभराव की समस्या के समाधान के लिए सुभाषनगर पुलिया के नीचे स्मार्ट सिटी के तहत लाखों रुपये खर्च कर काम कराए गए। मंगलवार को बिन बरसात पुलिया के नीचे पानी भर गया। इसकी वजह से लोगों को निकलने में परेशानी हुई। • अमृत विचार

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।



बरेली कॉलेज के जंतु विज्ञान विभाग में पीजी फोरम के तहत एमएससी छात्रों की फ्रेशर पार्टी आयोजित की गई। इसमें अंशु राणा को मिस्टर और श्वेता को मिस फ्रेशर चुना गया। • अमृत विचार

## फार्म जमा करने के लिए परेशान हो रहे छात्र

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय की वार्षिक परीक्षा मंगलवार से शुरू हो गई लेकिन अब भी छात्र फार्म जमा करने के लिए परेशान हो रहे हैं। इनमें सबसे ज्यादा परेशान छात्र बरेली कॉलेज के हैं। मंगलवार को कई छात्रों के फार्म कॉलेज में शुल्क जमा कर बाबू से फारवर्ड कर विश्वविद्यालय में जमा करने के लिए गए लेकिन वहां मना कर दिया गया।

## पुराने बस अड्डे पर राष्ट्रीय संघर्ष समिति ने की बैठक



**बरेली, अमृत विचार :** राष्ट्रीय संघर्ष समिति की बैठक मंगलवार को पुराने बस अड्डे पर कार्यकारी मंडल अध्यक्ष गंगा प्रसाद लोधी की अध्यक्षता में हुई। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों का संघर्ष जारी रहेगा। बैठक में सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि यदि केंद्रीय नेतृत्व आह्वान करता है तो संगठन चुनाव में अपना प्रत्याशी खड़ा करेगा। बैठक में महेश कुमार अग्रवाल, जेपी मेहरोत्रा, आरएस गुप्ता, महेश कुमार अग्रवाल, वेद पाल सिंह, दीनानाथ, शिशु पाल सिंह, उमेश चंद्र जौहरी, एसके भारती, मक्खन लाल आदि मौजूद रहे।

## प्रो. विजय बहादुर और रश्मि अग्रवाल बने संकायाध्यक्ष

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय परिसर में प्रो. विजय बहादुर सिंह यादव को मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान संकाय और प्रो. रश्मि अग्रवाल को शिक्षा एवं सहबद्ध संकाय का अध्यक्ष बनाया गया है। कुलपति प्रो. केपी सिंह के आदेश पर कुलसचिव अजय कृष्ण यादव ने संकायाध्यक्षों की नियुक्ति का आदेश जारी किया है। इसके अलावा केजीके कॉलेज मुरादाबाद के प्रो. अजय कुमार सिंह को विधि संकायाध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

## पीआरडी स्वयंसेवकों को दी आंतरिक विषयों की जानकारी

**बरेली, अमृत विचार :** युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षा दल विभाग के स्वयंसेवकों को सिमरा बोरीपुर में यूनिसेफ के मंडलीय सलाहकार बाल संरक्षण अमरेंद्र कुमार और वन स्टाप सेंटर की केंद्र प्रबंधक चंचल ने बालश्रम व बाल विवाह रोकथाम, पेंसिल पोर्टल, साइबर क्राइम आदि की जानकारी दी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की पैरालीगल वॉलेंटियर पूजा ने सभी को कानूनी सहायता के बारे में समझाया।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

## दो पक्षों में चले लाठी डंडे

**बरेली, अमृत विचार :** किला में विवाद में जमकर लाठी-डंडे चले। इसमें एक महिला घायल हो गई। महिला ने किला थाना में शिकायत की है।

किला छावनी निवासी साबिर ने बताया कि दो दिन पहले बच्चों को लेकर पड़ोसी से विवाद हो गया था। मंगलवार को आरोपियों ने दोबारा हमला कर दिया।

# होली में दावत के बहाने राजनीतिक गतिविधियां करने पर होगी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- पीस कमेटी की बैठक में डीएम, एसएसपी ने अफसरों को किया सतर्क
- होली पर कोई नई परंपरा न डाली जाए, जबरन न लगाएं किसी को रंग

**अमृत विचार :** होली शांतिपूर्ण तरीके से मनाने लिए जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान के साथ मंगलवार को विकास भवन में पीस कमेटी की बैठक की। इसमें उन्होंने कहा कि होलिका दहन परंपरागत स्थानों पर ही हो। कोई नई परंपरा न डाली जाए। राम बरात भी निर्धारित रूट से ही निकाली जाए।

उन्होंने बैठक में मौजूद सदस्यों से कहा कि अगर लोग त्योहार में दावत करते हैं और गिफ्ट देते हैं तो इस बात का ध्यान रहे कि उसमें राजनीतिक गतिविधियां न हों। इसमें वोट न मांगे जाएं और किसी पार्टी का झंडा भी न लगा हो। अगर ऐसा करते हैं तो आचार संहिता के उल्लंघन में कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अफसरों से कहा कि लाउडस्पीकर की अनुमति देते समय आवाज निर्धारित डेसिबल में रहे। उन्होंने पीस कमेटी के सदस्यों की ओर से बताई समस्याओं के समाधान के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि जबरन किसी को रंग न लगाया जाए, क्योंकि इससे माहौल बिगड़ सकता है। एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान ने कहा कि राम बरात के अलावा अन्य शोभायात्राओं में आयोजकों को अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। आयोजन में शामिल लोगों को पहचान पत्र या कोई पहचान चिन्ह जरूर उपलब्ध कराएं। सीडीओ जग प्रवेश, एडीएम प्रशासन दिनेश, एडीएम वित्त एवं राजस्व संतोष बहादुर सिंह, एडीएम सिटी सौरभ दुबे, एसपी सिटी राहुल भाटी, सिटी मजिस्ट्रेट राजीव कुमार शुक्ला, सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह, सभी एसडीएम, सीओ मौजूद रहे।



विकास भवन में अफसरों के साथ पीस कमेटी की बैठक करते डीएम-एसएसपी।

### सोशल मीडिया पर किसी भी पोस्ट की करें जांच

डीएम और एसएसपी ने लोगों से अपील की कि सोशल मीडिया पर विवादित कमेंट करने पर भावुक और उत्तेजित होकर कोई भी कदम उठाने से पहले सच्चाई को जरूर जान लें। अफसरों ने कहा कि सभी लोग शांति व्यवस्था के प्रति संवेदनशील रहे।

VARUN ARJUN UNIVERSITY
N.H.-24, Banthra, Shahjahanpur
Pharmacy PCI Approved
D.Pharm/B.Pharm
VARUN ARJUN MEDICAL COLLEGE & ROHILKHAND HOSPITAL
VAMCRH SHAHJAHANPUR
Excellence towards profession
We focus on interdisciplinary research though collaboration with industry, medical college & develop students for future endeavors in healthcare We educate student to serve society by take care of challenges Pharmaceutical industry. We prepare our students for various competitions like exit Exam. Experienced and dedicated faculties are the hallmarks of our institute, who are continuously helping student in publishing research & obtaining patent.
Direct Admission Open
Session 2024-25
100% Placement
Admission Helpline:9455113105
SUN LUPIN Pfizer pil Psychotropics India Limited MACLEODS Canixa Life Sciences
Website:-www.varunarjunmedicalcollege.com, Email ID: varunarjun trust@gmail.com

## एक नजर

### घर में घुसकर की महिला से छेड़खानी, विरोध पर पीटा

**मीरगंज, अमृत विचार** : एक गांव में युवक ने घर में घुसकर महिला के साथ छेड़खानी की। विरोध करने पर पीटा। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। शाही क्षेत्र की एक महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 17 मार्च को रात में गांव का ही एक व्यक्ति नशे में उसके घर में घुस आया और उसके साथ छेड़खानी करने लगा। उसने बहन को आवाज लगाई तो आरोपी मारपीट कर भाग गया। महिला ने बताया कि आरोपी पहले भी ऐसी हरकत कर चुका है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी राजकुमार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### गांजा और चरस के साथ महिला समेत दो गिरफ्तार

**देवरनियां, अमृत विचार** : पुलिस ने गांजा और चरस के साथ महिला समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर देवेंद्र सिंह धामा ने बताया कि सूचना पर एसआई राजपाल सिंह की अगुवाई में पुलिस टीम ने बहेड़ी बार्डर से ग्राम जाफरा निवासी अहमद हुसैन उर्फ बच्चा मियां और इस्लामनगर गौंटिया निवासी रेशमा को गिरफ्तार किया। रेशमा से 280 ग्राम चरस और अहम हुसैन से डेढ़ किलो से अधिक गांजा बरामद हुआ। दोनों को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। उधर, रिछा चौकी इंचार्ज श्रीषचन्द्र यादव आदि ने रिछा निवासी कफील उर्फ कल्लू मिन्तरपुर को एक धार्मिक स्थल के समीप तमंचा और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है।

# ऐसे दावे... बिना पानी के ही अमृत सरोवर

## सूखे से निपटने को बने थे ब्लॉकों में तालाब, अधिकांश में पानी नहीं

संवाददाता, बिथरी चैनपुर

अमृत विचारः अमृत सरोवर योजना के तहत लाखों रुपये खर्च कर ब्लाकों में तालाब बनाए गए, मगर उनमें पानी भरने का कोई इंतजाम नहीं किया गया। इस वजह से अधिकांश तालाब सूख गए हैं।

जल संरक्षण और सूखे जैसी स्थिति से निपटने के लिए अप्रैल 2022 में मिशन अमृत सरोवर शुरू किया गया था। इसके तहत जिले भर में करीब 75 अमृत सरोवर बनाने का लक्ष्य रखा गया था। बिथरी चैनपुर ब्लॉक में करीब 17 ग्राम पंचायतों में अमृत सरोवर बनाए गए, जिनमें मोहरानिया, वैसपुर गुलड़िया, पुरनापुर, बिथरी समेत कई ग्राम पंचायतों में अमृत सरोवर सूखे पड़े हैं। जल संरक्षण के दावे दम तोड़ रहे हैं। वहीं, पुरनापुर समेत कई ग्राम पंचायतों में अमृत सरोवरों में सुरक्षा के इंतजाम ही नहीं किए गए हैं।



बिथरी में सूख पड़ा अमृत सरोवर। ● अमृत विचार

"जिन अमृत सरोवर में पानी न होने के साथ जो भी कमियां हैं। उन्हें जल्द दुरुस्त कराया जाएगा।
-**बीरपाल**, बीडीओ, बिथरी चैनपुर

### खोदाई पर खर्च किए लाखों, मगर पानी का ठहराव नहीं हो सका

बिना जांच के ग्राम पंचायत भिंडालिया में तालाब को लेकर खोदाई शुरू करा दी गई। लाखों रुपये खर्च कर दिए गए। जब तालाब में पानी नहीं रुका तो उसे रिजेक्ट कर दिया गया। इससे सरकारी धन की बर्बादी हुई। ग्राम पंचायत सचिव विजय मिश्रा ने बताया तालाब की लंबाई ज्यादा होने की वजह से पानी का ठहराव नहीं हो पा रहा था।



गांव मोहरनिया के अमृत सरोवर में भी नहीं है पानी। ● अमृत विचार

# रिश्तों में दहेज ने डाली गांठ... टूटा घर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- कार तो किसी ने पैसों की मांग पूरी न होने पर विवाहिताओं को घर से निकाला
- तीन मामलों में पुलिस ने पति और ससुरालियों के खिलाफ लिखी रिपोर्ट

**अमृत विचार** : दहेज ने रिश्तों में गांठ डाल दी। जिंदगी भर साथ निभाने का वादा करने वालों ने बीच सफर में ही हमसफर को छोड़ दिया। कार के लिए तो किसी ने दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिताओं को घर से निकाल दिया। पुलिस ने दहेज उत्पीड़न के तीन मामलों में पति और ससुरालियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

मीरगंज के मोहल्ला मीर खां बाबर नगर निवासी शमीम ने बताया कि पुत्री शहीना की शादी 26 दिसंबर 2023 को अकरम निवासी ग्राम कमोरा थाना शहजादनगर जिला रामपुर के साथ की थी। शादी के बाद ससुराली बेटी पर मायके से कार दिलाने का दबाव बना उत्पीड़न करने लगे। वह पुत्री को घर बुला लाए। एक सप्ताह बाद उसका पति अकरम बुलाने आया। उसने आश्वासन दिया कि दोबारा ऐसे कृत्यों की पुनरावृत्ति नहीं होगी। इस पर उन्होंने पुत्री को भेज दिया। कुछ समय फिर ससुराली बेटी को परेशान करने लगे। 16 मार्च 2024 को उनकी बेटी को पीटकर घर से निकाल दिया गया। शिकायत पर पुलिस ने मो. अकरम, पप्पू, यूनिस, सलीम, हवीवन निवासी कमोरा थाना शहजादनगर जिला रामपुर के खिलाफ रिपोर्ट की है।

ग्राम खजुरिया निवासी कमलेश ने थाना शाही में दी तहरीर में बताया कि उनकी शादी गांव परचई निवासी सुशील के साथ हुई थी। शादी में मिले दहेज से ससुराली संतुष्ट नहीं थे। कुछ समय बाद ससुराली बाइक, टीवी और पचास हजार रुपये की मांग करने लगे। असमर्थता जताई तो ससुरालियों ने जेवर ले लिया और उसे घर से निकाल दिया। थाना प्रभारी सतीश कुमार नैन ने बताया कि शिकायत पर पति सुशील कश्यप, सास गंगा देवी, राम अवतार, विजेंद्र, अंजू और पूजा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। बहेड़ी कस्बे की एक महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी 2021 में कस्बे के युवक से हुई थी। कुछ समय बाद ससुराली मायके से पांच लाख दिलाने की मांग कर उत्पीड़न करने लगे। देह व्यापार में धकेलने की कोशिश की। विरोध करने पर ससुरालियों ने जबरन गर्भपात करा दिया और घर से निकाल दिया। पुलिस ने पति समेत सात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### तालाब में जहर डालकर मार दीं मछलियां

**देवरनियां, अमृत विचार** : कस्बा निवासी जावेद ने थाने में दी तहरीर में बताया कि उन्होंने नगर पंचायत से एक तालाब 10 वर्षों के लिए ठेके पर ले रखा है, जिसमें वह मछली पालन करते हैं। रविवार रात किसी ने तालाब में जहर डाल दिया, जिससे तालाब की सारी मछलियां मर गईं। सोमवार सुबह उन्हें इसकी जानकारी हुई।

## दहेज हत्या के आरोप में पति समेत पांच पर रिपोर्ट

**आंवला, अमृत विचार** : महिला की मौत के मामले में परिजनों ने पति और ससुरालियों पर दहेज हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले में पति समेत पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

तुमड़िया गांव निवासी राजपाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उन्होंने बेटी रेखा की शादी 28 मई 2023 को करूआताल गांव निवासी अमित के साथ की थी। वे सभी लोग वर्तमान में दिल्ली में रहते है। शादी के तीन माह बाद बेटी के ससुराली एक लाख रुपये और कार की मांग करने लगे। असमर्थता जताने पर बेटी को प्रताड़ित करने लगे। बेटी तीन माह की गर्भवती थी। आरोप है कि ससुरालियों ने बेटी के पेट में लात मार दी, जिससे उसके पेट में दर्द होने लगा। चार दिन पहले ससुरालियों ने बेटी की तबीयत खराब होने की सूचना दी। वह अस्पताल पहुंचे तब तक उसकी बेटी की मौत हो चुकी थी। आरोप है कि ससुरालियों ने उनके साथ अभद्रता की। पुलिस ने पति अमित, ससुर जंडैल सिंह, जेठ अरुण कुमार, सुनील कुमार, ननद रिंकी निवासी करूआताल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। तीन दिन पूर्व महिला की मौत के बाद समझौते की रकम को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद हुआ था।

### प्रेम विवाह से नाराज परिजन बेटी को ले गए

**सिरौली, अमृत विचार** : एक युवक को प्रेम विवाह करना महंगा पड़ गया। लड़की पक्ष के लोग घर में घुस आए। आरोप है कि आरोपियों ने उसकी भाभी से छेड़खानी की और उसकी पत्नी को गाड़ी में डालकर ले गए। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने बताया कि उसने वृंदावन के एक मंदिर में 30 नवंबर 2023 को गांव की एक लड़की से प्रेम विवाह किया था। 20 फरवरी को वह और उसका भाई खेत पर गए थे। इसी बीच लड़की पक्ष के लोग बंदूक, तमंचा व लाठी लेकर घर में घुस गए। आरोपियों ने भाभी के कपड़े फाड़ दिए। विरोध करने मां को पीटा। आरोपी पत्नी को गाड़ी में डालकर ले गए। आरोपियों पर जेवर और 20 हजार की नकदी ले जाने का आरोप है। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने ऋषिपाल सिंह, सूर्य प्रताप सिंह, रोहित, रमेश चन्द्र, शिशुपाल सिंह निवासी शिवपुरी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### नायब तहसीलदार ने अवैध खनन में लगी जेसीबी पकड़ी

**रिठौरा, अमृत विचार** : इज्जतनगर क्षेत्र के गांव मोहनियां, नौगवां जागीर, अणुपुरा में लंबे समय से सरकारी भूमि पर अवैध खनन हो रहा है। ग्रामीणों ने मंगलवार को एसडीएम सदर के यहां शिकायत की। इसपर नायब तहसीलदार विदित कुमार ने टीम के साथ छापेमारी की तो जेसीबी से अवैध खनन होते मिला। टीम को देखकर खनन माफिया जेसीबी छोड़कर फरार हो गए। जेसीबी अहलादपुर पुलिस चौकी की सुपुर्दगी में दे दी गई है। गौरतलब है कि रिठौरा क्षेत्र में भी लगातार अवैध खनन हो रहा है। इसके बाद भी कार्रवाई नहीं की जा रही है। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि पुलिस जानकर भी अंजान बनी हुई है।

### सड़क पर गड्ढों की भरमार



नवाबगंज क्षेत्र में कई सड़कें बदहाल हैं। जहां से आवाजाही में लोगों को परेशानी हो रही है। औरंगाबाद–नौवानगला रोड पूरी तरह से गड्ढों में तब्दील हो चुका है। वहीं ईद जागीर के समीप बालीजीपुरम में मुख्य मार्ग जर्जर है। यहां जलभराव की स्थिति बनी रहती है।



## सार-संक्षेप

### युवाओं को देश की संस्कृति को समझना चाहिए



**राजपुर कला, अमृत विचार** : राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने मंगलवार को श्री चित्रगुप्त इंटर कॉलेज राजपुर कला में युवा सम्मेलन आयोजित किया, जिसमें अलीगंज, बिशारतगंज, गैनी, अनिरुद्धपुर, कुंडरिया फैजुल्लापुर आदि ग्रामों के स्वयंसेवकों ने भाग लिया। जिला प्रचारक धर्मेंद्र आर्य ने कहा कि युवा अपने लक्ष्य का निर्धारण करें और उसे पूरा कर माता-पिता को गौरवान्वित करें। एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय के प्रो. विमल यादव ने कहा कि युवाओं को देश की संस्कृति को समझना चाहिए। अध्यक्षता पूर्व सह जिला कार्यवाह प्रवीन कुमार ने की। सोमपाल, दिनेश अवस्थी, विक्रम, हरीश, रोहित कुमार, अनुराग उपाध्याय, रामपाल, भगवान स्वरूप, तेज प्रकाश, ओम प्रकाश, पंकज, गोकरन लाल, प्रमोद कुमार, निर्दोष शर्मा, मनोज कुमार मौजूद रहे।

### दर्जन भर सपाइयों ने थामा भाजपा का दामन



**आंवला, अमृत विचार** : सपा के दर्जनभर कार्यकर्ता मंगलवार को पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए। कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह ने प्रधान, प्रधान पति, सभासद पति आदि को पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई। मंत्री ने कस्बा स्थित कार्यालय पर कहा कि समाजवादी पार्टी समाज की नहीं परिवार की ही पार्टी है। देश की जनता ने पीएम मोदी को अपना परिवार मान लिया है। मंत्री ने सभासद पति संजय अग्रवाल उर्फ बॉबी, पूर्व चेयरमैन रामपाल गुप्ता, भगवान शरन मौर्य, ग्राम गुलेली के प्रधान पति राजू सिंह, अलीनगर के भगवानदास, उरला गांव के दिनेश सिंह चौहान एडवोकेट, अंकुर सिंह राठौर आदि को भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराई। जिलाध्यक्ष आदेश प्रताप सिंह, सांसद धर्मेन्द्र कश्यप, मनोज मौर्य, रामवीर प्रजापति, प्रभाकर शर्मा आदि मौजूद रहे।

### संचारी रोग दस्तक अभियान को सफल बनाने का आह्वान

**शेरगढ़, अमृत विचार** : एक से 30 अप्रैल तक आयोजित होने वाले संचारी रोग दस्तक अभियान को लेकर ब्लॉक टास्क फोर्स कमेटी की बैठक हुई। इसमें सभी विभागों के कर्मचारियों से अभियान में सहभागिता निभाने का आह्वान किया गया। सीएचसी सभागार में हुई बैठक में चिकित्सा अधीक्षक डॉ. गजेंद्र सिंह, खंड प्रेरक प्रेम प्रकाश शर्मा, डॉ. मयंक सागर, बीपीएम प्रेम गंगवार, बीसीपीएम अनीता विश्वकर्मा, यूनिसेफ प्रतिनिधि योगेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

### प्रशिक्षण में बच्चों के पोषण से संबंधित जानकारी दी



**फरीदपुर, अमृत विचार** : सीएचसी में आयोजित पांच दिवसीय प्रशिक्षण में आशा आदि को बच्चों के पोषण से जुड़ी जानकारी दी गई। इससे पहले राज्य प्रशिक्षक अमित कुमार सिंह तोमर ने प्रशिक्षण की शुरुआत की। बच्चों की पोषण संबंधी स्थिति में सुधार लाने, स्तनपान, एमसीपी कार्ड और संचार किट का उपयोग, आहार आदि विषयों पर चर्चा की गई। प्रशिक्षक डिम्पल, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अनुराग गौतम, बीसीपीएम अनुपम कुमार, आशा सरला देवी, निशू देवी, मीनू सिंह, विद्यावती, माला देवी, रीता, ममता, शकुंतला देवी, सुषमा देवी, विमलेश कुमारी आदि मौजूद रहीं।

### एसडीएम को पोलिंग बूथ का रास्ता खराब मिला



**मीरगंज, अमृत विचार** : लोकसभा चुनाव को लेकर एसडीएम देश दीपक सिंह ने मंगलवार को प्राथमिक विद्यालय ठिरिया ठाकुरान, प्राथमिक विद्यालय रफियाबाद, कंपोजिट विद्यालय मीरापुर, प्राथमिक विद्यालय रहपुरा जागीर आदि विद्यालयों में बने पोलिंग बूथों का निरीक्षण किया। प्राथमिक विद्यालय ठिरिया ठाकुरान में बने बूथ तक पहुंचने का रास्ता खराब मिला। उन्होंने खंड विकास अधिकारी क्यारा को आठ दिन में मार्ग को ठीक करवाने के निर्देश दिए।

### दीक्षांत समारोह में बच्चों को बांटे रिपोर्ट कार्ड

**मीरगंज, अमृत विचार** : बीडीएम पब्लिक स्कूल में मंगलवार को दीक्षांत समारोह आयोजित कर बच्चों को रिपोर्ट कार्ड वितरित किए गए। इस दौरान बच्चों के साथ उनके अभिभावक भी उत्साहित नजर आए। विद्यालय के वाइस प्रेसिडेंट अचल मिश्रा और प्रधानाचार्या नमिता दीक्षित ने बच्चों को रिपोर्ट कार्ड सौंपे। राजेश्वरी, सेजल रुहेला, रोहित शर्मा आदि मौजूद रहे।

### प्रधानमंत्री पर टिप्पणी आरोपी की तलाश में पुलिस

**रिठौरा, अमृत विचार** : मोहल्ला जाटवपुरा के एक व्यक्ति ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर टिप्पणी की। इस दौरान किसी ने उसका वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। इसकी जानकारी होने पर गोरक्षा संगठन से जुड़े हिमांशू पटेल ने एक्स के माध्यम से पुलिस अफसरों को ट्वीट कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। मामला आला अफसरों के संज्ञान में आने पर हरकत में आई थाना पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गई है। हालांकि, अभी तक आरोपी पुलिस के हाथ नहीं आया है।

### मारपीट में तीन लोग घायल, चार पर रिपोर्ट

**आंवला, अमृत विचार** : पनवड़िया गांव निवासी अभिषेक ने बताया कि वह गांव में ही आटा चक्की और सेलर चलाते हैं। सोमवार सुबह कुछ लोग लाठी डंडे लेकर घर में घुस आए और मारपीट की, जिसमें वह, राजेश और राजेश की पत्नी सरला घायल हो गईं। शिकायत पर पुलिस ने राजेश, वीरेश निवासी टिटौली बिनावर बदायूं, सुमित, बंटी निवासी पनवड़िया के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
हेल्पलाइन नं0 9045372695 रिसेप्शन नं0 : 0581-2526012,11
कमरा नं. 1089A
ओ.पी.डी. समय : प्रातः 9.00 से 3.00 बजे तक
हृदय रोग विभाग की सुविधाएं
- अनुभवी चिकित्सकों द्वारा हृदय रोग का सम्पूर्ण इलाज व सुविधाएं
- इंजियोग्राफी
- एंजियोप्लास्टी
- पेसमेकर
- टी.एम.टी.
- होल्टर टेस्ट (Holter Test)
- बैलून बाल्बोटामी
- इकोकार्डियोग्राफी
- कार्डिएक रीसिंक्रनाइज़ेशन थेरेपी (CRT)
- इम्प्लांटेबल कार्डियोवर्टर-डीफिब्रिलेटर (ICD)



हृदय रोग के लक्षण
- क्या छाती में दर्द या भारीपन रहता है और चलने पर बढ़ जाता है?
- क्या आपके पैरों में सूजन आती हैं?
- क्या खाना खाने के बाद सीने या पेट में जलन या दर्द होता है?
- क्या चलने में साँस फूलती है, हाथों में दर्द होता है एवं अचानक बेहोशी आना।
- क्या चलने पर घबराहट होती है?
- क्या आपको डाइबिटिज (शुगर) या हाई कोलेस्ट्रोल, या हाई ब्लडप्रेशर की शिकायत है और साँस फूलती है?

इस प्रकार का कोई भी लक्षण होने पर तुरन्त परामर्श करें
रोहिलखण्ड मेडिकल कालेज एण्ड हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए भर्ती होने पर इलाज मुफ्त
इमरजेंसी एवं आई.सी.यू. सुविधा 24 घण्टे उपलब्ध अनुभवी चिकित्सकों की देखरेख में
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में इम्पैनल्ड संस्थायें
इम्पैनलमेंट संस्थाओं के नाम (कैशलेस-इलाज)
1. आयुष्मान भारत योजना
2. राष्ट्रीय अन्धता नियंत्रण कार्यक्रम (NBCP)
3. हौसला साझेदारी (परिवार नियोजन)
4. केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना (CGHS)
5. सी.ए.आर.आई. (CARI)
6. एक्स-सर्विसमैन कंट्रीब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ECHS)
7. आई.वी.आर.आई. (IVRI)
8. कर्मचारी राज्य बीमा कारपोरेशन (ESIC)
इम्पैनलमेंट टी.पी.ए. कंपनी (कैशलेस-इलाज)
1. एचडीएफसी एर्गो
2. एरिकसन इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड
3. सेफवे इंश्योरेंस टी.पी.ए. प्राइवेट लिमिटेड
4. रिलायंस हेल्थ इंश्योरेंस
5. आदित्य बिरला ग्रुप जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड
6. जेनिन्स इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड
एन.ए.बी.एच.* 'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था

### कल्चरल फेस्ट में छात्र-छात्राओं ने लिया भाग



**मीरगंज, अमृत विचार** : अनुबिस डिग्री कॉलेज में मंगलवार को वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग की प्रवक्ता शिखा आर्या और आशुतोष अग्रवाल ने कल्चरल फेस्ट का आयोजन किया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। विभाग ने स्वयंसेवकों का गठन किया। सचिव सत्येंद्र सिंह यादव एवं ट्रस्टी जितेंद्र सिंह यादव ने विद्यार्थियों और प्रवक्ताओं को सम्मानित किया। प्राचार्य नागेश्वर प्रसाद शुक्ल, डॉ. प्रताप सिंह, डॉ. प्रीति मल्होत्रा, प्राची मिश्रा, अनवर हुसैन, प्रशासनिक अधिकारी गयाराम आदि मौजूद रहे।

### उच्च प्राथमिक शिक्षक संघ ने नए बीईओ का किया स्वागत

**नवाबगंज, अमृत विचार** : उच्च प्राथमिक संघ ने मंगलवार को नए बीईओ सतीश कुमार वर्मा का स्वागत किया। बीईओ ने कहा कि सभी शिक्षक अपने कर्तव्यों का निर्वाह ईमानदारी से कर बच्चों का सर्वांगीण विकास करें। प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष प्रेमबाबू गंगवार, मंत्री योगेश गंगवार, भगवान दास, ओमेंद्र पाल सिंह, मो हाशिम अंसारी, मो. अफजाल, अतीक अहमद, विनोद कुमार, देवेंद्र सक्सेना, भरतवीर गंगवार, भूपेंद्र गंगवार आदि मौजूद रहे।

### कुएं में गिरा सांड़, पुलिस ने जेसीबी की मदद से निकाला

**शिवपुरी, अमृत विचार** : गांव शिवपुरी में सोमवार रात एक सांड़ कुएं में गिर गया। मंगलवार सुबह ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। हिंदू रक्षा दल के जिलाध्यक्ष आशीष कठेरिया और पुलिस मौके पर पहुंची। हल्का प्रभारी नाहर सिंह ने जेसीबी और ग्रामीणों की मदद से सांड़ को बाहर निकाला। विनीश शर्मा, मुनीश शर्मा, आनंद मौर्य, राजुल, अंकित सिंह, भगवानदास आदि मौजूद रहे।

आवश्यकता है
खुसरो कालेज
सीं0बी0 गंज, बरेली। (एम.जे.पी. रो.वि.वि., बरेली से सम्बद्ध)
B.A./B.Sc./B.Com/BBA/BCA & M.A./M.Sc./M.Com कक्षाओं हेतु आवश्यकता है
Assistant Professor की
विषयः रसायनिक विज्ञान, जन्तु विज्ञान भौतिक विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, गणित, कॉमर्स, अंग्रेजी, इतिहास, गृह विज्ञान, अर्थशास्त्र, सामाजिक विज्ञान, राजनैतिक शास्त्र आदि प्रत्येक विषय में दो दो पद। योग्यता : U.G.C. एवं MJPRU के मानकानुसार
21 दिन के अन्दर निम्न पते पर समस्त शैक्षिक प्रमाणपत्र साहित बायोडाटा प्रेषित करें।
चेयरमैनः खुसरो मैमोरियल हॉस्पिटल, मिनी बाईपास रोड, कर्मचारी नगर, बरेली।
मो. 9368884063, 8171114080

### भाकियू ने छुट्टा पशु और बकाया गन्ना भुगतान का मुद्दा उठाया



**नवाबगंज, अमृत विचार** : भारतीय किसान यूनियन (हरपाल गुट) की मासिक पंचायत में छुट्टा पशु और बकाया गन्ना भुगतान का मुद्दा उठाया गया। ग्राम परोथी और लाईखेड़ा में प्राथमिक स्कूल के पास आबादी से शराब की दुकानों को हटाने की मांग की गई। पदाधिकारियों ने इस संबंध में एसडीएम के नाम संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा। ज्ञापन में कहा कि छुट्टा पशुओं से किसान परेशान हैं। इस समस्या का निदान किया जाए। नन्दीशालाएं बनवाई जाएं। सड़कों के निर्माण में गोलमाल होने का भी आरोप लगाया। हरद्वारी लाल ने अध्यक्षता की। जिलाध्यक्ष महेन्द्र पाल गंगवार, महाराणा सिंह, बुद्धसेन, ओमप्रकाश, श्याम बिहारी, सुखलाल गंगवार, छेदालाल, भूपराम, शेरसिंह, रामौतार आदि किसान मौजूद रहे। संचालन भगवान दास ने किया।

### सड़क निर्माण में हो रही मानकों की अनदेखी

**आंवला, अमृत विचार** : भारतीय किसान यूनियन (शंकर गुट) ने मंगलवार को क्षेत्र में सड़क निर्माण कार्यों में मानकों की अनदेखी करने का आरोप लगाकर पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि आंवला—शाहबाद रोड के चौड़ीकरण में मानकों का पालन नहीं किया जा रहा है। रेलवे स्टेशन से राजपुर कलां को जाने वाले मार्ग के मध्य कुछ निर्माण कार्य शेष छोड़ दिया गया है। जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह, अमित शर्मा, आकाश कुमार आदि मौजूद रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
मैं अपने पुत्र मंजूर अली खां उसकी पत्नी यासमीन गुड़िया के गलत आचरण व दुर्व्यवहार से दुखी होकर दोनों से सम्बन्ध विच्छेद करता हूँ और अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। **रज्जाक अली खां पुत्र मो. यार खां, धारूपुर, थाना बिथरी चैनपुर, बरेली**

सूचना
मो0 यामीन पुत्र श्री न्याज अहमद आदि निवासी ग्राम सिंघाई मुराबान थाना भुता, बरेली व कमर खां आदि निवासी परतापुर, इज्जतनगर के मध्य एक जमीन का नोटरी एग्रीमेंट दिनांक 05.12.2023 को हुआ था, जो आपसी सहमति से दिनांक 15.12.2023 को निरस्त कराया जा चुका है।

सूचना
रूबी पुत्री शिवशंकर शुक्ला के नाम से खाता संख्या 21740179147 इंडियन बैंक जंगबहादुरगंज में संचालित है। इस नाम की जगह सरिता मिश्रा पत्नी अनिल कुमार के नाम कर दिया जाए। इस पर कोई आपत्ति करता है तो इसकी समस्त जिम्मेदारी मेरी खुद की है। मेरा आधार कार्ड भी सरिता मिश्रा के नाम से है।

सूचना
मैंने अपने पुत्र तुषार व पुत्रवधू अंजली को इनके गलत आचरण व दुर्व्यवहार से तंग आकर इन दोनों से सम्बन्ध विच्छेद करते हुये अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। ये अपने कृत्यों व लेनदेन के स्वयं जिम्मेदार होंगे, मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता न होगा। **जय प्रकाश पुत्र श्री झगरू, निवासी- 248, जाटवपुरा, थाना प्रेमनगर, जिला बरेली**

सूचना
हमने अपने पुत्र लक्ष्मण कश्यप एवं पुत्रवधु अनीता को गलत आचरण के कारण अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिए है। वह दोनों अपने कृत्य व लेनदेन के स्वयं जिम्मेदार होंगें। **उषा कश्यप व जियालाल कश्यप पुत्र मंगलीराम, 292, राजीव कालोनी, सुभाषनगर, बरेली।**

**वैधानिक सूचना** :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।



## 68 चरणों में हुआ था पहला लोस चुनाव

- देश में पहला लोकसभा चुनाव 25 अक्टूबर 1951 से लेकर 21 फरवरी 1952 तक चला था। उस समय पूरे देश में चुनाव कराना एक जटिल प्रक्रिया थी। सब कुछ नया भी था। देश का पहला आम चुनाव 68 चरणों में कराया गया था। पहले इलेक्शन कमीशन ने तय किया था कि वोटिंग 1952 के फरवरी और मार्च महीने में होगी। लेकिन हिमाचल प्रदेश की चिनी तहसील के लोगों को अक्टूबर 1951 में ही मौका मिल गया, क्योंकि सर्दियों में बर्फबारी के चलते यह इलाका बाकी जगहों से कट जाता है। देश के पहले लोकसभा चुनाव में 401 निर्वाचन क्षेत्रों की कुल 489 सीटों के लिए मतदान हुआ था। तब बैलेट पेपर पर चुनाव हुआ करता था।

## प्रत्याशी घोषित करने में भाजपा आगे

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ।** लोकसभा चुनाव के लिए केवल एक महीने का ही समय बचा है। चुनाव की तारीखों की घोषणा होते ही समाजवादी पार्टी ने उप्र. में अपने छह नये उम्मीदवारों को लाने के साथ 42 उम्मीदवार मैदान में उतार दिए। कांग्रेस को सपा के साथ साझेदारी में जो 17 सीटें मिलीं हैं उनमें से एक पर भी अभी उम्मीदवार नहीं उतारे। बसपा ने अब तक 13 उम्मीदवारों की घोषणा ही की है। इस मामले में उप्र. से 51 उम्मीदवार घोषित करने के साथ भाजपा गठबंधन रेस में आगे है। देशभर की बात की जाए तो भाजपा ने सबसे पहले 2 मार्च को 195 सीटों पर अपने उम्मीदवारों को उतारा था। इनमें 34 केंद्रीय मंत्री हैं।


**▸▸ सपा ने अब तक 37 सीटों पर ही उतारे उम्मीदवार, कांग्रेस अभी शांत**


**▸▸ एक पर टीएमसी, बसपा रुको-देखो की राह पर**


पहली सूची में उप्र. में वाराणसी से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नाम प्रमुख है। उधर, इस कड़ी में कांग्रेस पार्टी ने भी अब तक अपने उम्मीदवारों की दो सूची जारी की है। कांग्रेस ने 8 मार्च को अपनी पहली लिस्ट जारी की थी। कांग्रेस का कई राज्यों में चुनावी गठबंधन है। पहली सूची में पार्टी ने छत्तीसगढ़, केरल, मेघालय, कर्नाटक, सिक्किम, तेलंगाना और त्रिपुरा में लोकसभा उम्मीदवारों का तो ऐलान किया लेकिन उत्तर प्रदेश से अब भी कोई उम्मीदवार सामने नहीं आया है। पहली ही सूची में राहुल गांधी को वायनाड से उम्मीदवार बनाया गया जबकि उप्र. अमेठी, रायबरेली में कांग्रेस के उम्मीदवार पर मुहर नहीं लगी है। दरअसल, उप्र. में कांग्रेस और सपा मिलकर चुनाव लड़ रहे हैं। 80 सीटों में सपा 62 और कांग्रेस 17 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। सपा ने यहां एक सीट टीएमसी को दी है। सपा अब तक 42 सीटों पर प्रत्याशी घोषित कर चुकी है। ऐसे में केवल राज्य में ही सपा ने करीब 70 फीसदी से ज्यादा उम्मीदवार उतारे हैं। वहीं, बात अगर बसपा नेत्री मायावती की करें तो उन्होंने उप्र. की अब तक पार्टी ने कुल 13 उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की है।

# सत्ता की कुर्सी तय करेगा उत्तर प्रदेश

## बीते डेढ़ दशक में प्रदेश की राजनीति के साथ वोटों का ध्रुवीकरण बदला




धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव की रणभेरी बजते ही सबकी नजरें उत्तर-प्रदेश पर है। सत्ता की कुर्सी पर काबिज होने का रास्ता यहीं होकर जाता है। राजग ने नरेंद्र मोदी की हैट्रिक के लिए उनके करिश्में और योजनाओं के सहारे मिशनः80 (यानी सभी सीटें) जीतने का लक्ष्य तय किया है। जबकि विपक्षी गठबंधन ''इंडिया'' के प्रमुख घटक कांग्रेस और समाजवादी पार्टी रास्ता रोकने की पूरी कोशिश में लगे हैं।

लोकसभा चुनाव की रणभेरी बजने के बाद प्रदेश में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के साथ-साथ पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली टीएमसी भी ''इंडिया'' गठबंधन से मैदान में है। जबकि बसपा एकला चलो की राह पर मुकाबले को त्रिकोणीय बनाती हुई दोनों को नुकसान पहुंचाती दिख रही है। यहां सभी सात चरणों के तहत 19 अप्रैल से शुरू होकर एक जून को समाप्त होगा। पिछले डेढ़ दशक में यहां की राजनीति की बात करें, तो स्वरूप और जातीय मतों का ध्रुवीकरण दोनों बदल गया है। भाजपा की सीटें छह गुना हो गई है, जबकि वोट शेयर करीब तीन गुना बढ़ा है।

2009 के आम चुनाव में 17.5 प्रतिशत वोट के साथ 10 सीटों पर कमल खिला, जबकि कांग्रेस ने 18.3 प्रतिशत वोट हासिल करके 21 सीटें जीती थी। सपा ने सबसे अधिक 23 और बसपा ने 20 सीटें जीती। हालांकि बसपा को सर्वाधिक 27.4 प्रतिशत वोट मिले थे, जबकि सपा को 23.3 प्रतिशत।

2014 के आम चुनाव में भाजपा ने गुजरात के मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नया कीर्तिमान रचते हुए 42.6 प्रतिशत वोट हासिल करके सर्वाधिक 71 सीटें जीती। विपक्ष के बड़े-बड़े धुरंधरों की जमानत जब्त हो गई। सहयोगी अपना दल (एस) ने भी दो सीटें जीतीं। बसपा अबतक का सबसे खराब प्रदर्शन करते हुए 19.8 फीसदी वोट पाकर भी शून्य पर सिमट गई। जबकि सपा 22.3 फीसदी वोट के साथ सिर्फ कुनबे की 5 सीटें बचा सकी।

भाजपा के कांग्रेस मुक्त नारे का इतना जबरदस्त असर हुआ कि हाथ के पंजे को सिर्फ दो सीटें और 7.5 फीसदी वोट मिला। बीते 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा का वोट प्रतिशत बढ़कर 50 फीसदी हुआ, लेकिन सीटें घटकर 62 रह गईं। सहयोगी अपना दल (एस) दो सीटें जीतने में कामयाब रहा। हालांकि बाद के उपचुनाव में भाजपा ने रामपुर और आजमगढ़ जैसा समाजवादी गढ़ भी फतह कर लिया। चुनाव में सपा और बसपा गठबंधन से बसपा को फायदा हुआ। उसकी सीटें शून्य से 10 हो गईं। जबकि वोट प्रतिशत पिछले चुनाव से दशमलव 4 फीसद कम ही था। हां, गठबंधन में सपा को कोई फायदा नहीं रहा, वोट प्रतिशत भी करीब 5 फीसदी घट गया, जबकि रालोद भी साथ था। जाहिर था आरोप-प्रत्यारोप के बाद गठबंधन टूट गया। कांग्रेस 6.4 फीसदी वोट के साथ मात्र एक सीट सीट रायबरेली से सोनिया गांधी की बचा पाई। राहुल गांधी तक अमेठी से चुनाव हार गए। जमानत जब्त होने वालों की तो कतारें लगी थी। राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) खाता भी नहीं खोल सकी।

### भाजपा से मुस्लिम प्रत्याशी बना सवाल

प्रदेश में पिछड़े'' पसमांदा मुसलमानों के बीच भाजपा ने पहुंच बनाने की कोशिश तो की है, लेकिन किसी भी सीट पर मुस्लिम प्रत्याशी देना सभंव होगा, अनुत्तरित सवाल बना हुआ है। पार्टी के बड़े नेता सिर्फ इतना कहते हैं कि मोदी सरकार में तीन तलाक उन्मूलन से मुस्लिम महिलाओं की स्थिति में सुधार हुआ है। सभी योजनाओं का लाभ बगैर भेदभाव मिल रहा है। लेकिन प्रत्याशी को लेकर सब चुप हैं।

### इस बार ज्यादा चुनौती

2024 के लोकसभा चुनाव में रालोद के नेता जयंत चौधरी के समाजवादी पार्टी को छोड़कर भाजपा के साथ गठबंधन करने के कदम से पश्चिमी उत्तर प्रदेश में राजग को जाटलैंड में चुनौती आसान दिख रही है। जयंत चौधरी के दादा और किसान नेता पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को मरणोपरांत भारत रत्न की घोषणा से समीकरण और मजबूत हुआ है। विपक्षी गठबंधन ''इंडिया'' में सपा और कांग्रेस गठबंधन खोई हुई प्रतिष्ठा के लिए मैदान में हैं। एक बार फिर प्रचार के दौरान 2017 विधानसभा चुनाव का दृश्य ताजा होगा। जब अखिलेश यादव और कांग्रेस नेता राहुल गांधी के जोड़ी मंचों पर दिखेगी।

**▸▸ भाजपा ने छोटे दलों से गठबंधन की राजनीति में भी विपक्ष से मारी बाजी**









जनता के बीच भाजपा की लोकप्रियता का असर रहा कि 2017 और 2022 का विधानसभा चुनाव भी भाजपा के पक्ष में रहा और योगी आदित्यनाथ प्रदेश में सबसे अधिक समय तक मुख्यमंत्री रहने का रिकार्ड भी अपने नाम कर गए।

# भाजपा के मिशन 80 की ढाल बनेगी रालोद

पद्माकर पाण्डेय, लखनऊ


जयंत चौधरी

**बागपत व बिजनौर की मिली सीटों के बाद जाट व गूजर बाहुल्य सीटों पर रालोद ने कमर कसी**

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के ठीक पहले रालोद ने एनडीए में शामिल होकर इंडिया गठबंधन के लिए मुश्किलें खड़ी कर दी हैं। भाजपा ने 2019 के सपा-बसपा और रालोद गठजोड़ की मजबूती का संज्ञान लेते हुए अब पश्चिम में रालोद का साथ लेकर उप्र. में मिशन 80 को अंजाम तक पहुंचाने की फिराक में है। दूसरी तरफ 2024 का चुनाव जयंत चौधरी के लिए भी अग्निपरीक्षा है, क्योंकि रालोद पहली बार अजित सिंह के बिना लोकसभा चुनाव लड़ेगी। पश्चिम उप्र में जाट, मुस्लिम व दलित मतदाताओं की बाहुलता वाली करीब 26 सीटें है। जातीय समीकरण देखे तो मुस्लिम मतदाता की संख्या 36 प्रतिशत है, 17 प्रतिशत जाट मतदाता हैं, 26 प्रतिशत मतदाता दलित समुदाय से हैं। प्रदेश भर के जाट मतदाताओं की बात करें तो 80 प्रतिशत जाट मतदाता पश्चिम उप्र. में है जो कि लगभग दो दर्जन सीटों पर अपनी अहमियत रखते हैं। यही वजह है कि भाजपा ने चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देकर न केवल जयंत चौधरी का दिल जीत लिया, बल्कि पश्चिम उप्र में अपनी चिंता दूर करने में सफल होती नजर आ रही है।

### इन सीटों पर फिर से अपना कब्ज़ा जमाना चाहेगी भाजपा

2019 के लोकसभा चुनाव देखे तो रालोद के सहयोग से सपा-बसपा गठबंधन ने भाजपा से छीनकर सात सीटों पर जीत हासिल की थी। इनमें सपा ने रामपुर, मुरादाबाद, संभल सीट जीती थी और बसपा को सहारनपुर, बिजनौर, नगीना और अमरोहा कुल चार सीटें मिली थी। रालोद को अपने में लाकर भाजपा इन सीटों पर फिर से अपना कब्ज़ा जमाना चाहेगी।

### 80 सीटों पर जीत में कोई संदेह नहीं है : दुबे

रालोद के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे का कहना है कि किसान, किसान होता है जाति कोई भी हो, देश भर का किसान चौधरी चरण सिंह को मसीहा मानता है, इसलिए दो राय नहीं है कि रालोद के साथ आ जाने से देश भर के किसान भाजपा प्रत्याशी को वोट देंगे। पश्चिम उप्र में जयंत चौधरी ने घर-घर पहुंच कर लोगों की समस्याएं सुनी हैं और उन्हें खत्म भी किया है। इसलिए पार्टी को मिली बिजनौर व बागपत सीट पर रालोद की जीत होने के साथ ही पूरे पश्चिम उप्र में इंडिया गठबंधन का सफाया होने वाला है। व्यापारी प्रकोष्ठ के रोहित अग्रवाल ने कहा कि सपा के अखिलेश यादव, कांग्रेस की सोनिया गांधी व राहुल गांधी द्वारा चुनाव मैदान छोड़ने से प्रतीत होता है कि भाजपा की 80 सीटों पर जीत में कोई संदेह नहीं है, इसमें रालोद की अहम भूमिका है।

# ढाई लाख का लक्ष्य, बढ़ा पाए 47 हजार

**▸▸ लोकसभा चुनाव में युवाओं की संख्या बढ़ाने के लिए अक्टूबर से शुरू हो गई थी कवायद**

**▸▸ युवाओं को जोड़ने के लिए प्रशासन ने चलाये कई अभियान**

**▸▸ 8131401 युवक व 120473 युवतियों को शामिल करना था लक्ष्य**

**▸▸ 16 मार्च तक महज 25383 युवक और 21855 युवतियों को ही मतदाता सूची में जोड़ा जा सका**

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदाता बढ़ाने के लिए चलाई गई मुहिम बहुत कारगर साबित नहीं हुई। 18-19 वर्ष के युवाओं की अनुमानित जनसंख्या को रखकर शुरू किए गए अभियान के बाद 16 मार्च तक 25,383 युवा और 21,855 युवतियों को ही मतदाता सूची में जोड़ा जा सका। जो लक्ष्य का महज 20 प्रतिशत ही रहा। जबकि 2,51,874 को मतदाता बनाने का लक्ष्य रखा गया था। बता दें कि लोकसभा चुनाव में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए बैठक हुई और उसके बाद मतदाता जागरुकता अभियान शुरू किया गया। अभियान दिसंबर माह तक चला। जगह-जगह शिविर लगाए गए और नए मतदाताओं को जोड़ने का प्रयास किया गया। साथ ही एप और निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर जाकर भी मतदाता बनने के लिए जागरूक किया गया। 18-19 वर्ष के युवाओं की 1,31,401 और युवतियों की 1,20,473 अनुमानित जनसंख्या मानते हुए अभियान चला। लगभग दो माह तक चले अभियान के बाद भी पचास प्रतिशत युवा मतदाताओं को नहीं जोड़ा जा सका। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी अभय किशोर ने कहा कि युवाओं को मतदाता सूची से जोड़ने के लिए हर संभव प्रयास किया गया।

### 18-19 वर्ष के मतदाता


| विधानसभा | पुरुष | महिला | कुल |
|---|---|---|---|
| मलिहाबाद | 2321 | 1856 | 4177 |
| बक्शी का तालाब | 3874 | 3392 | 7266 |
| सरोजनीनगर | 3460 | 2790 | 6250 |
| लखनऊ पश्चिम | 3522 | 3122 | 6644 |
| लखनऊ उत्तर | 3298 | 3106 | 6404 |
| लखनऊ पूर्व | 2394 | 2054 | 4448 |
| लखनऊ मध्य | 1894 | 1708 | 3602 |
| लखनऊ कैंट | 2241 | 2061 | 4302 |
| मोहनलालगंज | 2379 | 1766 | 4145 |
| महायोग | | | 47239 |

### राजधानी में 224 अतिसंवेदनशील और संवेदनशील केंद्र

लोकसभा चुनाव को लेकर अतिसंवेदनशील और संवेदनशील बूथों पर भी मंथन शुरू हो गया है। पिछले चुनाव में जिले में 224 अतिसंवेदनशील और संवेदनशील बूथ थे। चुनाव में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी न हो इसके लिए प्रशासनिक अधिकारियों की टीम इस पर नए सिरे से मंथन कर रही है। अधिकारी पिछले लोकसभा और विधानसभा चुनाव से संबंधित दस्तावेज पलट रहे हैं और नए सिरे से अतिसंवेदनशील और संवेदनशील बूथों की संख्या को लेकर मंथन कर रहे हैं। सूत्रों की मानें तो इनकी संख्या बढ़ या घट सकती है।

# एम फैक्टर ने बढ़ाई सियासी दलों की धड़कन

नितिन श्रीवास्तव,कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी


अजय सिंह


विनय सिंह


अरविंद मौर्या


मो. मोहसिन

**अमृत विचार:** वैसे तो बाराबंकी जिला हमेशा से समाजवादियों का गढ़ रहा है। लेकिन बीते कुछ सालों में सपा के इस गढ़ में विरोधी दलों ने सेंधमारी कर अपनी गहरी पैठ बना ली है। लोकसभा चुनाव की तारीख का ऐलान होते ही यहां अपने-अपने समीकरण साधने में जुटे दलों की नजर शांत बैठे एम फैक्टर यानी मुस्लिम मतदाताओं पर जा टिकी है। बाराबंकी सदर, जैदपुर, रामनगर, हैदरगढ़ और कुर्सी विधानसभा सीटों को अपने में समेटे करीब 19 लाख मतदाताओं वाली यह सुरक्षित लोकसभा सीट जातीय समीकरण के मामले में भी खासी अहम है। क्योंकि ज्यादातर मौकों पर जीत-हार का दारोमदार 20 से 25 फीसदी मुस्लिम मतदाताओं पर ही निर्भर करता रहा है।

इस बार के लोकसभा चुनाव में यह सीट इंडिया गठबंधन की सहयोगी कांग्रेस के खाते में जाने से यहां की जंग और भी ज्यादा दिलचस्प हो गई है, क्योंकि कांग्रेस और सपा दोनों की साझा उम्मीदें इसी मुस्लिम वोटबैंक से ज्यादा हैं। हालांकि पिछले चुनावों से लाभार्थीजन का एक और बड़ा फैक्टर उभरा है। ऐसे में भाजपा अपनी सरकार की तमाम जन कल्याणकारी योजनाओं के सहारे इस बार मुस्लिम वोटबैंक में बड़ी सेंधमारी कर करिश्मे की उम्मीद लगाए बैठे है। उसका मानना है कि योगी और मोदी सरकार की ज्यादातर योजनाओं का लाभ मुस्लिम समाज को सबसे ज्यादा मिला है। ऐसे में यह वोटबैंक अपना दिल बड़ा करके उनके साथ जरूर आएगा।

राजीनीतिक विश्लेषक अजय गुरुजी कहते हैं कि इस दफा लाभार्थीजन फैक्टर भाजपा के लिए काफी अहम साबित होने वाला है। जिले का करीब 50 फीसदी मुस्लिम मतदाता सरकार की योजनाओं का लाभ मिलने के कारण भाजपा के पक्ष में आ सकता है। ऐसे में अगर यह वोटबैंक बंट गया तो भाजपा को फायदा होगा ही होगा। हालांकि अभी मुसलमान मतदाता खामोश है और वह यह जाहिर नहीं होने दे रहा कि उनका रुझान किस तरफ है। बीजेपी की यही कोशिश है कि मुस्लिम मतों में ज्यादा से ज्यादा बंटवारा हो जाए ताकि वह जीत जाए।

बाराबंकी की सियासत को करीब से जानने वाले विनय सिंह का कहना है कि यहां पर मुस्लिमों के साथ कुर्मी, पासी और यादव बिरादरी के मतदाताओं की भी खासी तादाद है। इन्हें लेकर सभी उम्मीदवारों के अपने-अपने दावे हैं।


चुनाव की चर्चा करते मुस्लिम समुदाय के लोग।

**▸▸ कांग्रेस और सपा दोनों को ही मुस्लिम वोट बैंक से हैं उम्मीदें, समाजवादियों के गढ़ में भाजपा लगा चुकी है सेंध**

> मुस्लिम समुदाय ने हमेशा कांग्रेस का साथ दिया है। सपा के साथ गठजोड़ होने के चलते पूरा भरोसा है कि मुस्लिम समाज इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को बाराबंकी से सांसद बनाने में पूरा साथ देगा।
>
> **-मो. मोहसिन,** जिलाध्यक्ष, कांग्रेस

### गढ़ सपा का फिर कांग्रेस को मौका क्यों

नाम न छापने की शर्त पर जिले की नगर पंचायत के एक चेयरमैन का तो यहां तक कहना है कि जब बाराबंकी सपा का गढ़ है तो सीट कांग्रेस के खाते में गई क्यों। हम लोग तनुज पुनिया को जीत दिलाकर अपना ही किला क्यों कमजोर करें। उन्होंने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के फैसले पर ही सवाल खड़ा कर दिया। उनका कहना है कि जिले में सपा के कमजोर होने का कारण कहीं न कहीं आलाकमान के गलत फैसले ही हैं। अगर इस बार सपा के किसी प्रत्याशी को मौका मिलता तो बाराबंकी लोकसभा सीट जरूर हमारे खाते में आती।

> सरकार की तमाम जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ बिना किसी भेदभाव के मुस्लिम समुदाय को भी मिला है। मोदी और योगी के नाम पर भाजपा को समाज के सभी वर्गों का वोट मिलेगा। मुस्लिम समाज भी आज भाजपा के साथ ही खड़ा है।
>
> **-अरविंद मौर्या,** जिलाध्यक्ष, भाजपा

### अधिकृत मीडियाकर्मियों को डाक से वोट की सुविधा

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने आम चुनावों के संदर्भ में मीडिया कर्मियों को आवश्यक सेवा श्रेणी के तहत अधिसूचित कर डाक से मतदान करने का अधिकार दिया है। आयोग की ओर से मंगलवार को इस अधिसूचना को साझा करते हुए कहा कि दिल्ली में वे मीडियाकर्मी जो मतदान के दिन कवरेज के लिए आयोग द्वारा अधिकृत हैं, वे डाक मतपत्र के माध्यम से वोट डाल सकते हैं। इसके लिए वे मीडियाकर्मी उस संसदीय क्षेत्र के संबंधित डीईओ/आरओ के कार्यालय से फॉर्म 12 डी प्राप्त कर सकते हैं, जहां वे मतदाता के रूप में पंजीकृत हैं।


**सम्मन मुद्दालय**

**न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी (न्यायिक) आंवला, बरेली**

वाद सं.-9569 सन् 2023

**श्रीमती सोमवती बनाम रमेश आदि**

धारा-134 उ.प्र.रा. संहिता
ग्राम-सरदारनगर
थाना-भमोरा
तहसील-आंवला, जिला बरेली।

1. रमेश पुत्र शेर सिंह, 2. नत्थू उर्फ तौले पुत्र सत्यपाल सिंह, 3-नन्हें पुत्र रमेश, निवासीगण-ग्राम सरदारनगर, थाना भमोरा, तहसील आंवला जिला बरेली।

चूँकि मुसम्मी सोमवती ने आपके नाम एक नालिश वास्ते वेदखली के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म दिया जाता है कि आप तारीख 01. 04. 2024 को असालतन या मारफत वकील के जो हालात मुकद्मा से वाकिफ हो मय कागजात मुतलका के हाजिर हो। वरना आपकी गैर हाजिरी में मुकद्मा हाजा फैसला होगा।

आज तारीख 19.03.2024 मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से जारी किया गया।

**आदेशानुसार**
**उपजिलाधिकारी (न्यायिक) आंवला (बरेली)।**

**पब्लिक नोटिस**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सलमान अली पुत्र श्री मोहम्मद यूनिस, निवासी मोहल्ला तलपुरा बहेड़ी, बरेली ने एक किता आवासीय प्लाट रकबई 85.315 वर्ग मी. वाकै अकबरा वाद खसरा नं.-69 तहसील बहेड़ी व जिला बरेली को एस.एम.एफ.जी. इण्डिया होम फाईनेन्स कम्पनी लि. बरेली में बंधक कर ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन किया है। उक्त सम्पत्ति को सलमान अली ने द्वारा बैनामा जिसकी रजिस्ट्री दिनांक 02.08.2023 वही नं.-1 जिल्द सं.-6916 पृष्ठ संख्या-25 से 48 क्रमांक 5992 स.र., बहेड़ी, बरेली में हुई, इकरारी अशफाक अहमद पुत्र स्व. शरीफ अहमद से क्रय की थी, अशफाक अहमद व तौसीफ रजा को उक्त सम्पत्ति अपनी दादी स्व. मरियम के द्वारा रजिस्ट्रीशुदा वयीयतनामा प्राप्त हुई थी जिसकी रजिस्ट्री दिनांक 24.10. 2017 वही सं.-3 जिल्द सं.-69 पृष्ठ सं. -359 से 370 क्रमांक 267 स.र. बहेड़ी बरेली में थी। अशफाक अहमद ने अपना हिस्सों में से सलमान अली को उक्त सम्पत्ति को विक्रय किया था, जिसमें बैंक द्वारा तौसीफ रजा की एन.ओ.सी. मांगी है जो तौसीफ रजा के द्वारा दी जा चुकी है। उक्त के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति, संस्था आदि को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह इस प्रकाशन के 7 दिन के भीतर अपनी सम्पत्ति व्यक्तिगत रूप से समस्त दस्तावेजों साक्ष्यों सहित मेरे कार्यालय में सामान्य कार्य दिवस की सामान्य कार्य अवधि में प्रस्तुत कर सकता है। उक्त अवधि में आपत्ति प्राप्त न होने पर यह मानते हुये कि इस विषय में किसी को कोई आपत्ति नहीं है उपरोक्त लोन जारी कर दिया जायेगा।

**अमिताभ भंज, एडवोकेट**
**कार्यालय चैम्बर नं. 11 बड़ा वकालतखाना, सिविल कोर्ट, बरेली।**
**सूचीबद्ध अधिवक्ता**


# लोकसभा चुनाव में आप के बिगड़े समीकरण

ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली

**▸▸ भाजपा भ्रष्टाचार को बनाएगी मुद्दा, कांग्रेस कार्यकर्ताओं से नहीं हो रहा है तालमेल**

सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन की जमानत खारिज होने और जमीनी स्तर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं से तालमेल में कमी की वजह से आम आदमी पार्टी के समीकरण बिगड़ रहे हैं। भाजपा ने भ्रष्टाचार को मुद्दा बनाते हुए जनता के बीच आप उम्मीदवारों को घेरने की रणनीति बनाई है। कांग्रेस के सहयोग से आप ने 18 उम्मीदवार घोषित किए हैं। जिसमें पंजाब से 13, दिल्ली से 4 व हरियाणा से 1 उम्मीदवार है।

पंजाब में आप ने 5 कैबिनेट मंत्रियों, दिल्ली में एक पूर्व मंत्री, एक पूर्व सांसद व दो विधायकों एवं हरियाणा से राज्यसभा के पूर्व सांसद को उम्मीदवार बनाया है। दिल्ली में लोकसभा की 7 सीटों में चार पर आप ने अपने तीन विधायक सोमनाथ भारती (पूर्व मंत्री), कुलदीप कुमार, सहीराम पहलवान एवं कांग्रेस से आप में शामिल हुए पूर्व सांसद महाबल मिश्रा को उम्मीदवार बनाया है। ये चारों उम्मीदवार क्रमशः नई दिल्ली, दक्षिण दिल्ली, पूर्वी दिल्ली एवं पश्चिमी दिल्ली संसदीय क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे हैं। अन्य तीन सीटें कांग्रेस के खाते में गई हैं। नई दिल्ली से आप उम्मीदवार सोमनाथ भारती का मुकाबला भाजपा की तेज तर्रार नेता स्व. सुषमा स्वराज की बेटी बांसुरी स्वराज से है। दोनों प्रत्याशी वकालत करते हैं। सोम नाथ इस समय जल बोर्ड के उपाध्यक्ष भी हैं। इसी तरह दक्षिण दिल्ली से तीन बार के विधायक सही राम पहलवान का मुकाबला विधानसभा में विपक्ष के नेता भाजपा के रामवीर सिंह बिधूड़ी से है।

पश्चिमी दिल्ली से कांग्रेस के पूर्व सांसद महाबल मिश्रा का मुकाबला भाजपा उम्मीदवार कमलजीत सहरावत से होगा। हरियाणा में कुरूक्षेत्र संसदीय क्षेत्र से आप ने प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा के पूर्व सांसद सुशील गुप्ता को उम्मीदवार बनाया है। मगर गत दिवस मनी लांड्रिंग के आरोप में तिहाड़ जेल से जमानत पर चल रहे पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन की जमानत को सर्वोच्च न्यायालय ने यह तर्क देकर खारिज कर दिया है कि उनके विरुद्ध प्रवर्तन निदेशालय के पास पर्याप्त सबूत आ चुके हैं। यह फैसला आते ही जैन को फिर से तिहाड़ जेल में डाल दिया गया है। इसका फायदा उठाते हुए भाजपा ने भ्रष्टाचार के मुद्दे पर आप उम्मीदवारों से चुनावी मैदान में दो-दो हाथ करने की रणनीति बनाई है। आप को दूसरा नुकसान कांग्रेस कार्यकर्ताओं से होने की खबर मिली है। कभी कांग्रेस को भ्रष्टाचार के मुद्दे पर सत्ता से उखाड़ फेंकने वाली आम आदमी पार्टी का प्रचार करने से कांग्रेस कार्यकर्ता अब संकोच कर रहे हैं। उनका कहना है कि जिन सीटों पर तालमेल हुआ है वहां पर कांग्रेस कार्यकर्ता मतदाताओं से क्या मुंह लेकर वोट मांगने जाएंगे। भाजपा इस मामले पर भी काफी सतर्क है और उसने अभी से यह प्रचार करना शुरू कर दिया है की जो पार्टी भ्रष्टाचार को मुद्दा बनाकर सत्ता में आई थी आज उसी के पूर्व उप मुख्य मंत्री एवं पूर्व मंत्री तिहाड़ जेल में बंद है। कुल मिलाकर सभी 18 सीटों पर (पंजाब की 10 सीटों को छोड़कर) आप को सफलता के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ेगी। क्योंकि कांग्रेस से ऊपरी स्तर पर तो तालमेल हो गया है लेकिन जमीनी स्तर पर अभी भी दूरियां है। वहीं दूसरी तरफ भाजपा के पास आप के विरुद्ध भ्रष्टाचार के मुद्दे एवं मोदी सरकार के कामकाज की उपलब्धियां का पुलिंदा है।

# बीजेपी कोर ग्रुप ने तय किया टिकट कटिंग फार्मूला, तीसरी सूची 21 को

नई दिल्ली, ब्यूरो

**▸▸ अनर्गल बयान देने एवं युवाओं के बीच पकड़ न बनाने वाले सांसदों का कटेगा टिकट चुनाव समिति की बैठक टली**

**अमृत विचार :** चुनाव घोषित होने के बाद भारतीय जनता पार्टी अपने शेष उम्मीदवारों के चयन को लेकर दिन-रात मंथन में जुटी हुई है। पार्टी मुख्यालय में मंगलवार को दिनभर कोर कमेटी के नेताओं का मंथन चलता रहा। देर शाम तय हुआ है कि तीसरी सूची का ऐलान 21 मार्च तक किया जाएगा। केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक को भी कल तक के लिए टाल दिया गया है।

अभी तक भाजपा 267 उम्मीदवारों के नाम घोषित कर चुकी है। मंगलवार को कोर कमेटी की बैठक में उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार, तेलंगाना, गुजरात, राजस्थान, उड़ीसा सहित 10 राज्यों की बकाया सीटों पर विचार विमर्श हुआ, जिसमें पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा, संगठन महासचिव बीएल संतोष व गृहमंत्री अमित शाह सहित सभी सदस्य मौजूद थे। कोर कमेटी की बैठक की वजह से केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक को बुधवार के लिए टाल दिया गया है, जिसमें प्रत्याशियों की सूची को अंतिम रूप दिया जाएगा। कोर कमेटी की बैठक में उत्तर प्रदेश से मेनका गांधी, वरुण गांधी, जनरल वीके सिंह, संतोष गंगवार, बृजभूषण शरण सिंह, रीता बहुगुणा, संघमित्र मौर्य, सत्यदेव पचौरी एवं रमापति राम त्रिपाठी को टिकट न देने एवं उनके स्थान पर संभावित उम्मीदवारों के नाम पर चर्चा की गई है। इसी तरह बिहार के कुछ सांसदों का भी टिकट कट रहा है पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह की पत्नी परनीत कौर का टिकट लगभग तय हो चुका है।

कोर कमेटी के मंथन में उन सांसदों के रिपोर्ट कार्ड पर भी चर्चा हुई है जिन्होंने अपने दो कार्यकाल के दौरान नए कार्यकर्ताओं एवं युवा वोट बैंक का सृजन नहीं किया है। कोर कमेटी ने उन सांसदों का भी टिकट काटने की सिफारिश की है जिनके अनर्गल बयानों से परेशानी हुई है। इस फार्मूले के तहत ही बीजेपी 267 उम्मीदवारों की सूची में 63 सांसदों का टिकट काटा है।

# कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र: 10 में 10 जीतने का ब्लूप्रिंट तैयार

● महेश शर्मा, कानपुर

यूपी में मिशन 80 फतह के लिए भाजपा ने 2019 के चुनाव की तरह कानपुर-बुंदेलखंड की 10 लोकसभा सीटों पर एक बार फिर भगवा फहराने की तैयारी कर ली है। पिछली बार सभी 10 सीटें जीती थी। इसमें कन्नौज लोकसभा सीट भी है जहां से स्व.मुलायम सिंह यादव की बहू अखिलेश यादव की पत्नी डिम्पल यादव 2014 में सांसद चुनी गयीं थी। पर उन्हें भी 2019 में भाजपा के सुब्रत पाठक ने शिकस्त दे दी थी। डिम्पल मैनपुरी सीट से प्रत्याशी हैं। कन्नौज से अखिलेश यादव के लड़ने की चर्चा है। उनके आने का असर पड़ सकता है।

मिशन 80 को पूरा करने के लिए जहां एक तरफ भाजपा फूंक-फूंक कर कदम रख रही है तो वहीं सपा-कांग्रेस गठबंधन भी चुनावी रणनीति की धार पैनी कर रहा है। कानपुर सीट पर न भाजपा और न ही विपक्षी गठबंधन का प्रत्याशी अब तक घोषित किया गया है। जीत की रणनीति के तहत भाजपा ने छह महीने पहले ही 10 लोकसभा क्षेत्रों और इनमें आने वाले 52 विधानसभा क्षेत्रों में विस्तारकों की तैनाती कर दी है।

कानपुर-बुंदेलखंड की 10 लोकसभा सीटों को तीन क्लस्टर में बांटा गया है। कानपुर स्थित भाजपा क्षेत्रीय कार्यालय में बैठकों, कार्यशाला, संपर्क कार्यक्रम के साथ क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल सघन दौरा कर रहे हैं। संगठन ने तीन क्लस्टर में क्षेत्र को बांटा है। बांदा क्लस्टर में हमीरपुर, बांदा और फतेहपुर लोकसभा की सीट शामिल हैं। कानपुर क्लस्टर में कानपुर महानगर, अकबरपुर, कन्नौज, फर्रुखाबाद और इटावा लोकसभा क्षेत्र को रखा गया है। झांसी क्लस्टर में झांसी व जालौन लोकसभा सीटें हैं। इनके केंद्रीय चुनाव कार्यालय जनवरी में ही खोल दिए गए थे।



भाजपा पूरे आत्मविश्वास के साथ मैदान में है। यूपी का मिशन 80 पूरा करने में कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र की सभी 10 सीटों का योगदान होगा। यहां हर सीट 5 लाख के अंतर से जीतेंगे। माहौल राममय, मोदीमय है। सरकार के कार्य जीत का प्रमुख आधार होंगे।

**प्रकाश पाल**, क्षेत्रीय अध्यक्ष




कानपुर महानगर छोड़कर बाकी नौ सीटों पर प्रत्याशी भी घोषित कर दिए गए हैं। प्रत्याशी वहीं हैं जो 2019 में जीतकर लोकसभा पहुंचे थे। इन क्षेत्रों में विपक्ष के मुद्दे जैसे इलेक्टोरल बॉंड, सीएए, महंगाई, बेरोजगारी बहुत ज्यादा असर नहीं डालते हैं। लोगों के दिलो-दिमाग पर रामलला मंदिर बसा हुआ है। इसके अलावा लाभार्थी वोट बैंक बहुत ज्यादा इस चुनाव में भी प्रभावी है जो भाजपा को मजबूती दे सकता है। अकबरपुर लोकसभा क्षेत्र में भाजपा के ठाकुर, और गठबंधन के पिछड़ा प्रत्याशी के मुकाबले बसपा ने ब्राह्मण प्रत्याशी उतारकर त्रिकोणीय संघर्ष जैसी स्थिति बना दी है। हालांकि सपा-कांग्रेस गठबंधन चुनाव आचार संहिता लागू होने के बाद बसपा के भी विपक्षी फोल्ड में आने की उम्मीद पाले बैठा है। लेकिन इस क्षेत्र में राम मंदिर की काट आसानी से ढूंढ़ पाना विपक्ष के लिए थोड़ा मुश्किल दिखता है।

दूसरे भाजपा की तैयारियां जमीन पर हैं तो विपक्ष अभी प्रत्याशी चयन में ही उलझा हुआ है। क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल पांच लाख के अंतर से सभी 10 सीटें जीतने का लक्ष्य निर्धारित कर चुके हैं। 2019 में सपा-बसपा का गठबंधन था तो अबकी सपा-कांग्रेस का। मीडिया प्रभारी मोहित पांडे कहते हैं कि भाजपा के प्रति वोटरों के विश्वास के चलते समाजवादियों कन्नौज इटावा जैसे गढ़ में 2019 में भगवा फहरा दिया था। 10 में 10 जीत ली थी। अबकी भी यही रिजल्ट होगा। इनती तैनाती 2019 लोस और 2022 विस चुनाव में विस्तारकों की भूमिका कारगर साबित रही। यहां की 52 विधासभा सीटों में से भाजपा ने 41 जीत ली थी। जबकि 11 सपा ने जीती। विस्तारकों की तैनाती छह महीने पहले ही सभी 10 लोकसभा क्षेत्रों व इनमें आने वाली 52 विधानसभा क्षेत्रों में की जा चुकी है। यानी 62 विस्तारक भेजे जा चुके हैं। यह कार्य लखनऊ से एमएलसी विजयबहादुर पाठक और उनकी टीम करती है। विधायक, सांसद, पार्टी के जिम्मेदार पदाधिकारी, बूथ कमेटी, पन्ना प्रमुख का कामकाज कैसा है, विस्तारक फीडबैक लेकर इसकी रिपोर्ट बनाकर संगठन को भेजते हैं। क्षेत्र के नौ लोकसभा क्षेत्रों में सांसदों को ही टिकट देने का फैसला विस्तारकों की रिपोर्ट के आधार पर लिया बताया जाता है। फिलहाल अखिलेश यादव के कन्नौज से लड़ने की चर्चा भाजपा के लिए थोड़ा परेशानी का सबब है।

**कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र की लोकसभा सीटों नतीजा 2014**

| लोकसभात्र | विजयी प्रत्याशी | प्राप्त मत | पराजित प्रत्याशी | प्राप्तमत |
|---|---|---|---|---|
| फर्रुखाबाद | मुकेश राजपूत( भाजपा) | 4,06,195 | रामेश्वर यादव( सपा) | 2,55,693 |
| इटावा (सु) | अशोक दोहरे (भाजपा) | 4,31,646 | प्रेमदास कठेरिया( सपा) | 2,66,700 |
| कन्नौज | डिंपल यादव (सपा) | 4,89,164 | सुब्रत पाठक (भाजपा) | 4,69,258 |
| कानपुर | एमएम जोशी (भाजपा) | 4,74,712 | एसपी जायसवाल( कांग्रेस) | 2,51,766 |
| अकबरपुर | देवेंद्रसिंह भोले( भाजपा) | 4,81,584 | अनिलशुक्ल वारसी( बसपा) | 2,02,587 |
| जालौन( सु) | भानुप्रताप वर्मा( भाजपा) | 5,48,631 | ब्रजलाल खाबरी (बसपा) | 2,61,429 |
| झांसी | उमा भारती (भाजपा) | 5,75,889 | चंद्रपाल यादव (सपा) | 3,85,422 |
| हमीरपुर | पुष्पेंद्र चंदेल (भाजपा) | 4,53,884 | विश्वंभर निषाद (सपा) | 1,87,095 |
| बांदा | भैरोप्रसाद मिश्र( भाजपा) | 3,42,066 | आरके पटेल (बसपा) | 2,26,278 |
| फतेहपुर | निरंजनज्योति (भाजपा) | 4,85,954 | अफजाल (बसपा) | 2,98,778 |
| मिश्रिख( आंशिक) | अंजूबाला( भाजपा) | 4,12,575 | अशोक रावत( बसपा) | 3,25,212 |

**कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र की लोकसभा सीटों नतीजा 2019**

| लोकसभात्र | विजयी प्रत्याशी | प्राप्त मत | पराजित प्रत्याशी | प्राप्त मत |
|---|---|---|---|---|
| फर्रुखाबाद | मुकेश राजपूत( भाजपा) | 5,69,880 | मनोजअग्रवाल( बसपा) | 3,48,178 |
| इटावा (सु) | आरएसकटेरिया (भाजपा) | 5,22,119 | कमलेश कटेरिया( सपा) | 4,57,682 |
| कन्नौज | सुब्रतपाठक (भाजपा) | 5,63,087 | डिंपलयादव( सपा) | 5,50,734 |
| कानपुर | सत्यदेव पचौरी (भाजपा) | 4,68,937 | एसपी जायसवाल( कांग्रेस) | 3,13,003 |
| अकबरपुर | देवेंद्रसिंह भोले( भाजपा) | 5,81.282 | निशा सचान (बसपा) | 3,06,140 |
| जालौन( सु) | भानुप्रताप वर्मा( भाजपा) | 5,81,763 | अजयसिंह पंकज( बसपा) | 4,23,386 |
| झांसी | अनुराग शर्मा( भाजपा) | 8,09,272 | श्यामसुंदर यादव (सपा) | 4,43,589 |
| हमीरपुर | पुष्पेंद्र चंदेल (भाजपा) | 5,75,122 | दिलीप सिंह (बसपा) | 3,36,470 |
| बांदा | आरके सिंह पटेल भाजपा) | 4,77,996 | श्यामचरण गुप्ता (सपा) | 2,26,278 |
| फतेहपुर | निरंजनज्योति (भाजपा) | 5,66,040 | सुखदेव वर्मा (बसपा) | 3,67,835 |
| मिश्रिख( आंशिक) | अशोक रावत( भाजपा) | 5,34,429 | नीलू सत्यार्थी( बसपा) | 4,33,757 |

## चुनाव कमाल का...

- 1951-52 में हुए पहले आम चुनाव से लेकर इंदिरा गांधी और राजीव गांधी के दौर तक कोई भी पार्टी कांग्रेस को कड़ी टक्कर नहीं दे सकी थी।
- 1962 का आम चुनाव पंडित जवाहर लाल नेहरू और लाल बहादुर शास्त्री के देहांत से लेकर इंदिरा गांधी के प्रधानमंत्री बनने का गवाह रहा। कांग्रेस ने 494 सीटों में से 361 सीटें जीतीं।
- 1984 में हुए आम चुनावों में कांग्रेस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कीर्तिमान स्थापित कर दिया था। इस चुनाव में 415 सीटों पर जीत हासिल कर कांग्रेस इतिहास में रिकॉर्ड दर्ज कर चुकी है।

## चुनावी तीर




यह विडंबना है कि वायनाड में राहुल गांधी की उम्मीदवारी के बारे में शिकायत करने वाली भाकपा तिरुवनंतपुरम में भाजपा की तरफ से खेल रही है। पिछले सप्ताह भाकपा महासचिव डी राजा ने कहा था कि राहुल गांधी को केरल के वायनाड से चुनावी मैदान में उतारना कांग्रेस का विशेषाधिकार है, लेकिन जनता की राय है कि उनके कद के नेता को ऐसी सीट से चुनाव लड़ना चाहिए था, जहां वह सीधे तौर पर भाजपा को चुनौती दे सकें।

**- शशि थरूर**, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता



भाजपा को लगता है कि जिस समन को वह बार-बार भेज रही थी वह अदालत में विचाराधीन है इसलिए एक नए केस में नया समन भेजा गया। भाजपा के पास अदालत के फैसले का इंतजार करने का भी समय नहीं बचा है क्योंकि चुनावी बॉन्ड के जरिए भाजपा की चंदा चोरी की सच्चाई सामने आ चुकी है। आज पूरे देश में तानाशाही का राज चल रहा है, जिसको जब मर्जी जैसे भी उठा लो। भाजपा को अशोक चौहान की फाइल भी निकालवानी चाहिए।

**-गोपाल राय**, प्रदेश संयोजक, आप



इस बार का लोकसभा चुनाव प्रधानमंत्री मोदी बनाम संपूर्ण भारत होगा। विपक्षी गठबंधन इंडिया को केंद्र में सरकार बनाने के लिए स्पष्ट बहुमत मिलेगा, कांग्रेस को छत्तीसगढ़ की 11 लोकसभा सीटों में से आधी से ज्यादा पर जीत मिलेगी। प्रधानमंत्री मोदी 400 के पार जाने का दावा खोखला है।

**- भूपेश बघेल**, पूर्व मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

# मतदाताओं की बेरूखी बढ़ा रही सियासी दलों की बेचैनी

● बृजेश तिवारी, अल्मोड़ा

**अमृत विचार।** कुमाऊं मंडल के हिमालयी रीजन की अल्मोड़ा सीट पर पिछले 67 सालों के इतिहास में हुए 18 लोकसभा चुनावों में मतदाताओं की मतदान को लेकर बेरूखी सियासी दलों के रणनीतिकारों की पेशानी पर हमेशा से बल डालती आई है। इस सीट पर सिर्फ एक बार के मिथक को छोड़ दें तो कभी भी सांसद चुनने के लिए कुल पंजीकृत मतदाताओं में से पचास प्रतिशत मतदाताओं तक ने अपने मत का प्रयोग नहीं किया। मतदाताओं की यह बेरूखी कई बार दोनों मुख्य दलों की उम्मीदों पर पानी भी फेर चुकी है।


आजादी के बाद की बात करें तो अल्मोड़ा सीट पर पहली बार 1952 में सांसद चुनने के लिए पहली बार चुनाव कराए गए और इस चुनाव में महज 27 फीसद मतदान हुआ। मतदान के प्रतिशत को देखते हुए वर्ष 1957 में हुए स्वतंत्र मतदान में प्रतिशत बढ़ाने के लिए तमाम प्रयास किए गए। लेकिन परिणाम बेहतर आने के बजाय निराशाजनक साबित हुए और इस बार मतदान का प्रतिशत केवल 19 फीसद रहा। उसके बाद 1962 में 27.30 प्रतिशत, 1967 में 28 प्रतिशत, 1971 में 29 प्रतिशत, 1977 में 44 प्रतिशत, 1980 में 38 प्रतिशत, 1984 में 45 प्रतिशत, 1989 में 44 प्रतिशत, 1996 में 43.38 प्रतिशत, 1998 में 46.45 प्रतिशत और 1999 में केवल 41.82 प्रतिशत लोगों ने लोकसभा चुनावों में अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

वर्ष 2000 में पृथक उत्तराखंड राज्य बनने के बाद यहां वर्ष 2004 में लोकसभा चुनाव हुए। राज्य के इस पहले चुनाव में 49.89 प्रतिशत मतदाताओं ने बूथों तक पहुंचकर अपने मत का प्रयोग किया। फिर 2009 में हुए दूसरे चुनाव में यह आंकड़ा घटकर 46.75 प्रतिशत पर रह गया। आखिरकार वर्ष 2014 के चुनावों में आधे कम मतदान का मिथक टूट और इस बार रिकार्ड 53.22 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। लेकिन नवोदित राज्य के चौथे चुनाव में यह आंकड़ा आगे बढ़ने के बजाय फिर पीछे खिसक गया और 2019 के चुनावों में फिर 48.78 प्रतिशत मतदाता ही मतदान के लिए अपने घरों से बाहर निकले। लोकसभा चुनावों के प्रति मतदाताओं की यह बेरूखी इस बार भी सियासी दलों के गले की हड्डी बनी हुई है।

**2014** में टूटा मिथक तो पहली बार 53 .22 प्रतिशत लोगों ने डाले वोट

### सांसदों की अनदेखी बनी खलल

लोकसभा चुनावों में मतदान कम होने का एक कारण मतदाताओं के प्रति सांसदों की बेरूखी भी है। चुनाव के वक्त भले ही प्रत्याशी सड़क मार्गों वाले गांव कस्बों तक पहुंच जाते हों। लेकिन चुनाव जीतने के बाद वह दोबारा वहां जाना भी मुनासिब नहीं समझते। बात अल्मोड़ा लोकसभा के दुर्गम क्षेत्रों में बसे गांवों में रहने वाले मतदाताओं की करें तो आज भी अनेक ऐसे मतदाता होंगे। जिन्होंने अपने सांसद को सिर्फ तस्वीरों में ही देखा होगा।




**67** सालों में सिर्फ एक बार टूटा आधी से कम आबादी का मिथक

**1957** में सबसे कम 19 फीसद हुआ मतदान

### चक्रव्यूह भेदने से कम नहीं होगा 75 प्रतिशत का लक्ष्य

लोकसभा चुनाव में प्रत्येक सीट पर मत प्रतिशत बढ़ाने के लिए राजनीतिक दल ही नही बल्कि निर्वाचन आयोग भी पूरी मशक्कत में जुटा हुआ है। लेकिन निर्वाचन के पुराने आंकड़ों पर गौर करें तो यह काम किसी चक्रव्यूह को भेदने से कम नहीं है। निर्वाचन विभाग ने इस बार लोकसभा चुनाव में उत्तराखंड की पांचों सीटों पर 75 प्रतिशत मतदान कराने का लक्ष्य रखा है। नए और युवा मतदाताओं को रिझाने के लिए स्वीप के तहत कई कार्यक्रमों का आयोजन कराया जा रहा है। वहीं मतदाताओं को शपथ दिलाकर मतदान के प्रति संकल्पबद्ध करने के प्रयास भी हो रहे हैं। पूर्व में केंद्र और राज्य सरकार भी मतदाताओं के रिझाने के लिए कई मोहरे चल चुकी है। ऐसे में अब यह देखना है कि इस चुनाव में सांसद चुनने के लिए आधे से अधिक आबादी अपनी दहलीज से बाहर कदम रखती है या नहीं।

# बदायूं में आधी आबादी ने निभाई पूरी जिम्मेदारी

- पिछले लोकसभा चुनाव में पुरुषों के बराबर महिलाओं ने किया था मतदान
- हर विधानसभा में 57 से 58 फीसदी महिलाओं ने किया था मताधिकार का प्रयोग

● प्रदीप सक्सेना, बदायूं

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव को लेकर कभी भी डुगडुगी पिट सकती है। प्रशासन से लेकर राजनैतिक पार्टियां तैयारी में जुट गई हैं। हर बार की तरह इस बार भी बदायूं लोकसभा सीट पर चुनाव रोचक होने वाला है। जिसमें महिलाओं की भूमिका अग्रणी रहेगी। पिछली बार महिलाओं ने पुरुषों के कंधों से कंधा मिलाकर मतदान किया था। इस बार भी सभी दलों के प्रत्याशी जीत के लिए महिलाओं को रिझाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे। जो चुनावी राजनीति में महिलाओं के बढ़ते दबदबे का संकेत है।

भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित किए जा रहे आयोजनों से साफ जाहिर है कि महिला मतदाताओं की तरफ राजनीतिक दलों का इतना ध्यान पहले कभी नहीं रहा। महिला मतदाताओं की संख्या और मतदान में उनकी हिस्सेदारी भी लगातार बढ़ी है। राजनीतिक जानकारों के मुताबिक इस बार का चुनाव खास होगा। लोकसभा चुनाव में जातीय समीकरण के साथ-साथ महिला वोटरों की भूमिका अहम होगी। लोकतांत्रिक और संवैधानिक अधिकारों के इस्तेमाल के मामले में महिला वोटरों में जागरूकता बढ़ी है। पहले मतदान को लेकर महिलाओं में बहुत उत्साह नहीं होता था। लेकिन अब महिलाएं खुलकर मतदान में भाग ले रही हैं।

### 8 लाख 64 हजार 244 महिलाएं पहुंची बूथ तक

वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में मतदाताओं की संख्या 23 लाख 79 हजार 17 थी। उस समय कुल मतदान 57 .15 प्रतिशत हुआ था। जिसमें 8 लाख 64 हजार 244 महिलाओं ने अपने मत का प्रयोग किया था।

**24,01,020** कुल मतदाता

**12,87,880** पुरुष मतदाता

**11,12,024** महिला मतदाता

**116** थर्ड जेंडर हैं बदायूं लोकसभा में

### 2019 में 56 से 58 प्रतिशत महिलाओं ने किया था मतदान

वर्ष 2019 में हुए लोकसभा चुनाव में पुरुषों ने 55 से लेकर 58 फीसद तक मतदान किया था। वहीं महिलाओं का वोट प्रतिशत भी कम नहीं था। बिसौली विधानसभा क्षेत्र में पुरुषों ने 58 .84 फीसद मतदान किया था। वहीं 58 .71 प्रतिशत महिलाओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसी तरह सहसवान में 57 .40 प्रतिशत पुरुष, 56 .15 प्रतिशत महिलाओं, बिल्सी में 55 .28 प्रतिशत पुरुष और 55 .50 प्रतिशत महिलाएं तथा बदायूं विधानसभा क्षेत्र में 57 .77 फीसद पुरुष और 56 .95 प्रतिशत महिलाओं ने अपने मत का प्रयोग किया था।

# हर दल के प्रत्याशी को भेजा संसद पर बसपा के हाथ खाली

● सलमान खान, मुरादाबाद

- आजादी के बाद से 17 लोकसभा चुनाव में से 11 बार जीते मुस्लिम प्रत्याशी
- भाजपा के सामने पाने और सपा को सीट बचाने की चुनौती, बसपा ने उतारा है मुस्लिम प्रत्याशी

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा जल्द होनी है। इसे लेकर पार्टियां पूरी ताकत के साथ तैयारियों में जुटी हैं। मुरादाबाद लोकसभा सीट से आजादी के बाद से आज तक जनता ने सभी दलों के प्रत्याशियों को जीत दिलाकर संसद भेजा, लेकिन बसपा पर मेहरबानी नहीं की। बहुजन समाज पार्टी को आज भी जीत का इंतजार है। 2014 में जीत का खाता खोलने वाली भाजपा इस बार फिर से यह सीट वापस पाने में जुटी हैं। लेकिन बसपा को छोड़कर किसी पार्टी ने अपना प्रत्याशी अभी घोषित नहीं किया है।

पीतल नगरी से पूरे विश्व में अपनी पहचान बनाने वाला जिगर का शहर चुनाव की सियासत में भी अपनी खास पहचान रखता है। यहां से भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान अजहरूद्दीन भी 2009 में सांसद रह चुके है। लोकसभा चुनाव में पक्ष या हो विपक्ष दोनों को वोटों का ध्रुवीकरण सुहाता है। यहां की जनता बसपा को छोड़कर लगभग सभी प्रमुख दलों के चेहरों को चुनकर संसद भेज चुकी है। जनपद में अल्पसंख्यकों की आबादी लगभग 45 प्रतिशत है। नतीजों पर भी इसका साफ असर नजर आता है। अब तक हुए 17 चुनावों में 11 बार मुस्लिम चेहरों ने यहां की नुमाइंदगी की है। अंग्रेजों की गुलामी से आजाद होने के बाद हुए पहले दो चुनाव पर इसका रंग भी था।

कांग्रेस के रामसरन को लगातार दो बार जीत मिली। लेकिन 1962 में यहां पहला बदलाव हुआ और सैयद मुजफ्फर हुसैन को जनता ने निर्दलीय चुनकर संसद भेजा। जनता का फिर मन बदला और 67 और 71 में जनसंघ के प्रत्याशी को जीत दिलाकर सांसद बनाया। 77 में जनता पार्टी की आंधी में मुरादाबाद भी बहा और जनता पार्टी के गुलाम मोहम्मद खान सांसद बने। अगले चुनाव में भी जनता ने उन्हें ही मौका दिया।

### 1984 में कांग्रेस ने फिर जीती बाजी

13 अगस्त 1980 को ईद के दिन फैली एक अफवाह ने पीतल नगरी को दंगों की आग में झोंक दिया था। दंगे की वजह और जिम्मेदार जो भी रहे हों, लेकिन इसने यहां का मिजाज बदल दिया। सांप्रदायिक ध्रुवीकरण के सुर सियासी फिजा में मुखर होने लगे। इंदिरा गांधी की हत्या के बाद 1984 में हुए चुनाव में जीत तो कांग्रेस के हाफिज मोहम्मद ने हासिल की, लेकिन चार साल पहले अस्तित्व में आई भाजपा तीसरे नंबर पर पहुंच गई और उसे 83 हजार से अधिक वोट मिले। 1989 और 91 में जनता दल के टिकट पर मुरादाबाद से गुलाम मोहम्मद खान को फिर मौका मिला लेकिन 91 के बाद यहां भाजपा स्थायी प्रतिद्वंद्वी हो गई। अब भाजपा फिर से इस सीट पर कमल खिलाने की जुगत में है।

### भाजपा और सपा के बीच सिमटी लड़ाई

90 के दशक में मंडल और कमंडल के प्रयोग के बीच राजनीति में नए खिलाड़ी उभरे। अगले तीन दशक की लड़ाई एकाध मौकों को छोड़कर इनकी नुमाइंदगी करने वाले पार्टियों के बीच ही सिमट गई। मुस्लिम-यादव वोटों की जमीन पर खड़ी हुई मुलायम सिंह यादव की समाजवादी पार्टी के लिए मुरादाबाद की गणित माकूल थी। 96 में सपा के टिकट पर शफीकुर्रहमान बर्क ने जीत हासिल कर इसे साबित कर दिया, लेकिन उनकी जीत का अंतर महज दो हजार वोटों का ही था। इसके पीछे बड़ी वजह बसपा के मुस्लिम उम्मीदवार को भी 1.12 लाख वोट मिलना था। 1998 में फिर सपा और भाजपा में मुकाबला हुआ और इस बार भी शफीकुर्रहमान बर्क 36 हजार वोटों से जीते थे। साल 1999 में भाजपा ने इस सीट पर नया प्रयोग किया और अपना उम्मीदवार खड़ा न कर अखिल भारतीय लोकतांत्रिक कांग्रेस के चंद्रविजय सिंह को समर्थन दिया था। जिससे सपा के बर्क को 1.53 लाख वोट मिले और बसपा के मोहम्मद अकील को 1.23 लाख वोट। बहुसंख्यक वोटों का एका चंद्रविजय के पक्ष में गया और 2 .53 लाख वोट से वह चुनाव जीते।

### 2009 में क्रिकेटर अजहर ने की बैटिंग

बल्लेबाजी के लिए चर्चित भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन को कांग्रेस ने 2009 में मुरादाबाद की पिच पर उतारा था। अजहरुद्दीन को यहां की जनता का भरपूर सहयोग मिला था और 25 साल बाद यहां कांग्रेस ने फिर जीत हासिल की। भाजपा दूसरे और बसपा तीसरे नंबर पर खिसक गई। सपा प्रत्याशी महज दो प्रतिशत वोट हासिल जमानत भी गंवा बैठे।

### मोदी लहर से 2014 में खिला कमल



2014 में भाजपा की जीत का इंतजार मोदी लहर में खत्म हुआ। चुनाव में मोदी लहर और मुजफ्फरनगर दंगों से बदली हवा के बीच वोटों के जबरदस्त ध्रुवीकरण ने भाजपा के सर्वेश सिंह को लगभग 88 हजार वोटों से जीत दिलाकर पीतलनगरी में कमल खिला दिया। सपा के डॉ . एसटी हसन 3 .97 लाख वोट पाकर भी हार गए।

### 2019 में सपा-बसपा गठबंधन को मिली जीत

2019 में 2014 में हुए बिखराव को रोकने के लिए सपा-बसपा ने मिलकर चुनाव लड़ा था और डॉ . एसटी हसन को प्रत्या शी बनाकर मैदान में उतारा था। सपा को यहां चौथी बार जीत मिली और भाजपा 98 हजार वोटों से पिछड़ गई। जबकि कांग्रेस के इमरान प्रतापगढ़ी की जमानत जब्त हो गई थी। 96 से हर चुनाव में बसपा ने उम्मीदवार खड़े किए वह तीसरे नंबर पर रही, लेकिन पहला नंबर तय होने में उसके प्रदर्शन की भूमिका अहम रही।

### इस बार सपा के लिए सीट बचाने की लड़ाई

सपा के सामने सीट बचाने और भाजपा के सामने दूसरी बार कमल खिलाने की लड़ाई है। मुरादाबाद से सपा ने अब तक उम्मीदवार घोषित नहीं किया है। मौजूदा सांसद डॉ . एसटी हसन की मजबूत दावेदारी है। भाजपा से पिछली बार सर्वेश सिंह लड़े थे। सर्वेश सिंह इस बार भी मजबूती से टिकट की लाइन में लगे हैं। लेकिन भाजपा प्रत्याशी चयन में कोई रिस्क नहीं लेना चाहती है। वह हर हाल में इस सीट को अपनी झोली में डालना चाहती है। बसपा ने मुस्लिम प्रत्याशी को उतार कर दूसरों के लिए चुनौती पेश की है।

# अमेठी के गांव में उठा नारा... 'रोड नहीं तो वोट नहीं' मतदान का किया बहिष्कार

**अमेठी (उप्र)।** अमेठी जिले के गौरीगंज तहसील स्थित एक गांव में सड़क का निर्माण नहीं होने से नाराज स्थानीय लोगों ने आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान के बहिष्कार का ऐलान किया है। अर्से से वीवीआईपी जिला माने जाने वाले अमेठी की तहसील गौरीगंज के जामो विकासखंड में पूरे अल्पी तिवारी ग्रामसभा स्थित सरमें पुरवा के निवासियों ने गांव के बाहर एक बैनर लगाया है, जिसमें 'रोड नहीं तो वोट नहीं' के नारे के साथ 'नेताओं, शर्म करो। आजादी के बाद से हम लोग नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं लिखा है।

सरमें पुरवा गांव के निवासी ओमप्रकाश ओझा, राम अभिलाष ने मंगलवार को बताया कि गांव में जाने-आने का पक्का रास्ता न होने के कारण बहुत मुश्किल होती है और बारिश के मौसम में स्थिति बदतर हो जाती है। हालात यह है कि गांव के लोगों को अपने बच्चों की शादी का आयोजन मजबूरन किसी दूसरी जगह करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि पीने के पानी का भी सही बंदोबस्त नहीं है। यह गांव उस अमेठी लोकसभा क्षेत्र का हिस्सा है जो कई दशकों तक केन्द्र की सत्ता में दबदबा रखने वाले नेहरू-गांधी परिवार का सियासी गढ़ रहा और पिछले पांच साल से केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी यहां से सांसद हैं। लगातार उपेक्षा से तंग आकर अब ग्रामीणों ने पूरी तरह से मन बना लिया है कि जब तक समस्याओं का समाधान नहीं हो जाता है तब तक आगामी लोकसभा चुनाव का पूरी तरह से बहिष्कार किया जाएगा। गौरीगंज के उप जिलाधिकारी दिग्विजय सिंह ने इस बारे में पूछे जाने पर बताया कि उन्हें प्रकरण की जानकारी मिली है तथा मामले की जांच कराई जा रही है।

यस्य पुत्रो वशीभूतो भार्या छन्दानुगामिनी।
विभवे यस्य सन्तुष्टिस्तस्य स्वर्ग इहैव हि ॥

जिसका पुत्र वशीभूत हो, पत्नी वेदों के मार्ग पर चलने वाली हो और जो वैभव से सन्तुष्ट हो, उसके लिए यहीं स्वर्ग है ।

## संपादकीय

# भारत-रूस संबंध

चुनाव में मिली जीत के बाद रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि रूस यूक्रेन में अपने आक्रमण से पीछे नहीं हटेगा और उसकी सीमा पार हमलों से रक्षा करने के लिए एक 'बफर जोन' बनाने की योजना है। उन्होंने चेताया कि रूस और नाटो के बीच संभावित संघर्ष से दुनिया तीसरे विश्व युद्ध से महज 'एक कदम दूर' रह जाएगी। यानि अपनी व्यापक जीत के साथ पुतिन संभवतः और अधिक ताकत का प्रदर्शन करेंगे और यथास्थिति बनाए रखेंगे। यह निर्विवाद है कि दो वर्ष पूर्व यूक्रेन युद्ध शुरू करने के चलते पूरी दुनिया के निशाने पर आने वाले पुतिन का अपने देश रूस में एकछत्र राज है। पुतिन ने यूक्रेन में युद्ध का घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपने आलोचकों की अपेक्षा से बेहतर मुकाबला किया है। पश्चिमी देशों की सुविधा के अनुरूप लाई गई उदारीकरण व खुलेपन की वैश्विक नीतियों से सोवियत संघ के बिखराव के बाद आहत रूसी राष्ट्रवाद को पुतिन ने अपने तरीके से सींचा। सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पुतिन को पुनः निर्वाचित होने पर बधाई देते हुए कहा कि भारत और रूस के बीच समय की कसौटी पर खरी उतरी, विशेष और विशिष्ट रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत बनाने के लिए आने वाले वर्षों में वे एक साथ काम करने को लेकर उत्साहित हैं। वास्तव में भारत के लिए पुतिन का पुनः चुना जाना एक महत्वपूर्ण रिश्ते की स्थिरता सुनिश्चित करेगा। रूसी नेता ने भारत के स्वतंत्र इतिहास के लगभग एक तिहाई समय तक उसके साथ संबंध बनाए रखा है और अभी तक उसका काम पूरा नहीं हुआ है। जानकारों का कहना है कि पश्चिमी देश रूस को लेकर चाहे कितना ही सख्त रुख अपना लें लेकिन भारत दोस्ती के बाद भी उनका पिछलग्गू नहीं बनने जा रहा है।

2010 से भारत-रूस के बीच खास और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी मज़बूत इतिहास की ठोस बुनियाद पर विकसित हुई है और ये राजनीतिक ज़रूरत के माध्यमों से बनी हुई है। रूस ने शंघाई सहयोग संगठन में भारत की सदस्यता का समर्थन किया और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार और इसमें भारत को शामिल करने की अपील की। इस तरह रूस ने व्यापक रूप से अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्षेत्र में भारत की बढ़ती भूमिका को स्वीकार किया। तकनीकी संकीर्णता की तरफ अमेरिका के धीरे-धीरे लेकिन साफ झुकाव के बीच भारत की कंपनियां रूस के साथ सहयोग को लेकर सावधानी बरत रही हैं। इसके अलावा रूस से आयात में बढ़ोतरी के साथ-साथ भारतीय निर्यात में बढ़ोतरी नहीं हुई। इसलिए दोनों देशों के संबंधों को विक्रेता-खरीदार रिश्तों के रूप से हटकर अधिक रणनीतिक बुनियाद पर एक आदर्श बदलाव की आवश्यकता है।

# विज्ञान कथाओं की कोख से ही निकलेगी स्पेस-शब्दावली



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

विज्ञान लेखन की लोकप्रिय शैली में नई शब्दावली का प्रयोग अच्छी बात है। हिंदीतर और विदेशी भाषाओं से शब्द उधार लेने या भावार्थिक हाइब्रिड शब्द बनाने में दिक्कत नहीं है, खासतौर से जब भारत के बहुभाषी लोग 'एस्ट्रोनॉट' और 'कॉस्मोनॉट' दोनों ही शब्दों से अच्छे से परिचित हैं।

इंडियन स्पेस रिसर्च आर्गेनाइजेशन (इसरो) की कार्य प्रणालियों की रिपोर्टिंग और इसकी उपलब्धियों और इतिहास के बारे में हिंदी मीडिया में लेखन के विविध पाठ पढ़ने से टर्मिनोलॉजी को लेकर कुछ सवाल उठने स्वाभाविक हैं। शब्द सामर्थ्य के अनुसार अपनी शैली में विषय से संबंधित सामग्री का प्रस्तुतिकरण आमजन के लिए एक लेखक जब करता है तब भारतीय भाषाओं में लिखी हुई इबारत में तद्भव वैज्ञानिक और तकनीकी शब्दों के प्रयोग करने को कितनी उदारता से प्रयोग करना चाहिए? साइंस एंड टेक्नोलॉजी से संबंधित शब्दावली से सामना होने पर लोकरुचि लेखन के लिए अतिरिक्त जागरूकता से काम लेने की जरूरत महसूस होने लगी है। विज्ञान की समझ को आमजन में बनाए रखने के लिए यह जरूरी है कि एकाधिक शब्द एक ख़ास संदर्भ में वाक्य रचना के लिए वर्नाक्यूलार स्क्रिप्ट्स में इस्तेमाल किए जाएं। जैसे कि स्पेस साइंस एंड टेक्नोलॉजी की गूढ़तम बातों को लोकशैली में समझाने के लिए जब अपरिहार्य कारण मौजूद हैं तब नए शब्द गढ़ने की जरूरत नहीं होनी चाहिए। उदाहरण के लिए अमरीका ने अपने अंतरिक्ष यात्रियों के लिए 'एस्ट्रोनॉट' टर्म गढ़ी थी और पूर्ववर्ती सोवियत संघ ने कॉस्मोनॉट। सन 1905 में रूसी साम्राज्य में पैदा हुए एक पोलिश इंजीनियर एरी स्टर्नफेल्ड ने 'कॉस्मोनॉटिका' शब्द गढ़ा था जो कि रूसी भाषा के उपयुक्त शब्द का अंग्रेजी में निकटतम विकल्प है जबकि कुछ विज्ञान इतिहासकारों के कहना है कि 'कॉस्मोनॉट' शब्द को निकिता ख्रुश्चेव ने गढ़ा था। एक रूसी शब्द 'ज्वेदोप्लावनी' है जिसका अर्थ एस्ट्रोनॉमी है। भारत के हिंदी भाषा के एक समाचार पत्र में एक लेखक ने 'गगननॉट' शब्द इस्तेमाल किया है जिसने मुझे इस आशय के अन्य शब्द ढूंढने के लिए प्रेरित किया। भारतीय लोग ही क्यों अंतरिक्ष अध्ययन और अंतरिक्ष में टेक्नोलॉजिकल उपस्थिति दर्ज करने वाले सभी समर्थ देश अपनी सांस्कृतिक विरासत में प्रत्येक नए कार्य के लिए ऐसे शब्दों की तलाश करते हैं जो इनके सांस्कृतिक परिवेश के अनुकूल प्रतीत होते हैं।

साइंस फिक्शन या विज्ञान कथानकों के ताने-बाने में कुछेक ऐसी अपरिचित और जटिल-सी प्रतीत होने वाली शब्दावली जैसे कि 'क्वांटम जंप', 'लूप जंप', 'टेक्यान', 'हाइपरक्यूब', 'पॉज़िट्रान ब्रेन' एवं बहुत से अन्य शब्द जो पात्रों के अजीब से नाम रखने के लिए और ऐसे शब्द-युग्म जो किसी घटना या परिस्थिति विशेष के बारे में बताने के लिए, गढ़े गए का इस्तेमाल किया जाता रहा है। पाठकों का इन अजीबोगरीब शब्दों से परिचय नहीं होता। न ही ये आम प्रचलित शब्दकोष में मिलते हैं।

विज्ञान लेखन की लोकप्रिय शैली में नई शब्दावली का प्रयोग अच्छी बात है। हिंदीतर और विदेशी भाषाओं से शब्द उधार लेने या भावार्थिक हाइब्रिड शब्द बनाने में दिक्कत नहीं है, खासतौर से जब भारत के बहुभाषी लोग 'एस्ट्रोनॉट' और 'कॉस्मोनॉट' दोनों ही शब्दों से अच्छे से परिचित हैं। इसरो द्वारा प्रस्तुत स्पेस साइंस एंड टेक्नोलॉजी से संबधित एक 'ग्लोसरी' में विज्ञान कथा साहित्य से कोई शब्द लिया गया है, मुझे नहीं लगा। एस्ट्रोनॉट्स के भारतीय नामकरण के लिए 'गगननॉट' एक नवीन और हाइब्रिड शब्द है। एक सम-ध्वन्यात्मक शब्द की स्वीकार्यता तब तक नहीं बनेगी जब तक यह लोकप्रचलन में न आए। हमारे एस्ट्रोनॉट्स के लिए 'गगनदेव' या '-देवी' और 'व्योमबाला' या'- पुरुष' शब्द भी हो सकते हैं। समुद्र और आकाश में दो बिंदुओं के बीच की दूरी को नापने की इकाई 'नॉट' है जिसका मूल ग्रीक भाषा में है। यह नॉटिकल की शार्ट फॉर्म है अर्थात, नेविगेशन करने वाला व्यक्ति या नाविक। स्पेस ट्रेवलर के लिए नाविक शब्द हम इस्तेमाल कर सकते हैं क्योंकि एस्ट्रोनॉट की भूमिका में वे नेविगेटर अर्थात स्पेस शिप के चालक और मार्गदर्शक की भूमिका में होने के अलावा अन्य कार्य भी करते हैं। एक समुद्री मील और अन्तरिक्षीय मील का नाप का नाप धरती के मील के नाप से हमेशा अधिक लंबाई का होता है जिसे 'नॉट' में नापा जाता है। 'कॉसमॉस' या ब्रह्माण्ड में विचरण करते हुए स्पेस शिप के लिए दूरी नापने हेतु 'नॉट' शब्द का प्रयोग होता है। थ्योरेटिकल फिजिसिस्ट अलबर्ट आइंस्टीन के भौतिकी विषय में दर्शन से जो व्यक्ति परिचित हैं और वे जिन्होंने स्टीवन हॉकिन्ग रचित 'अ ब्रीफ हिस्ट्री ऑफ़ टाइम' पढ़ी है, स्पेस स्पेस ट्रेवल और समय और प्रकाश की गति के आशय को शीघ्र समझ लेंगे।

सन 1979 में प्रोग्रेस पब्लिशर्स मास्को से प्रकाशित 'इंग्लिश एंड अमरीकन शार्ट स्टोरीज' नाम से विज्ञान कथा संग्रह दिल्ली के पीपल्ज़ पब्लिशिंग हाउस से मैंने खरीदा था जिसमें सत्रह लेखकों की कहानियों की कथा-वस्तु नवीनतम आइडियाज से सराबोर और अत्यंत रोमांचक प्रतीत हुई थी। संग्रहकर्ता ने 16 पेज में रूसी भाषा में इसके लिए भूमिका लिखी। रूसी मैं नहीं पढ़ पाया। इस समस्या को आईआईटी दिल्ली के प्रो. वागीश शुक्ल ने दो साल बाद, 13 दिसंबर सन 1981 के, साप्ताहिक हिन्दुस्तान के अंक में अपने लेख -'विज्ञान, विज्ञान कथाओं का', प्रकाशन से सुलझाया और बताया कि रूसी भाषा में लिखी गई भूमिका का आशय क्या है।

साइंस फिक्शन या विज्ञान कथानकों के ताने-बाने में कुछेक ऐसी अपरिचित और जटिल-सी प्रतीत होने वाली शब्दावली जैसे कि 'क्वांटम जंप', 'लूप जंप', 'टेक्यान', 'हाइपरक्यूब', 'पॉज़िट्रान ब्रेन' एवं बहुत से अन्य शब्द जो पात्रों के अजीब से नाम रखने के लिए और ऐसे शब्द-युग्म जो किसी घटना या परिस्थिति विशेष के बारे में बताने के लिए, गढ़े गए का इस्तेमाल किया जाता रहा है। पाठकों का इन अजीबोगरीब शब्दों से परिचय नहीं होता। न ही ये आम प्रचलित शब्दकोष में मिलते हैं। इनके बेहतरीन उदाहरण आईज़क एसिमौफ़ जैसे लेखकों की कथाओं और उपन्यासों के अलावा यूनाइटेड किंग्डम के ख्यात लेखन फिलिप के. डिक की कथाओं में तो मिलेंगे ही, रशियन साइंस फिक्शन लेखक के बहुपठनीय उपन्यास 'एंड्रोमेडा स्ट्रेन' के अलावा पोलिश साइंस फिक्शन लेखकों की कहानियों और उपन्यासों में भी मिलेंगे। आकाश शब्द के लिए क्षुद्र या तात्कालिक अर्थरूप में ब्रह्मांड का प्रयोग असावधानीवश ही सही, अनुपयुक्त है। भारत में संस्कृत, हिंदी में अधिक उपयुक्त शब्द अंतरिक्ष, ब्रह्मांड और आकाश ही हैं जिनकी वर्तनी अलग तरीके से है। 'एस्ट्रो' और 'कॉस्मो' के पर्याय बनाने के लिए नए शब्द निर्माण का सामर्थ्य अन्य भारतीय भाषाओं में या फिर हिंदू वांग्मय में कहीं हो सकता है, लेकिन हमें अभी मालूम नहीं। गगनयान के कवचयुक्त पैसेंजर मॉडयूल को धरती के ऊपर के आकाश में 450 किलोमीटर के उच्चतम बिंदु (एपोजी) पर स्थापित किए जाने की योजना है। निकट अंतरिक्ष में धरती की परिक्रमा करने वाले एक स्पेस स्टेशन की ऊंचाई धरती के ज्योग्राफिकल ध्रुवों (पेरिजी) पर घट कर 175-250 किलोमीटर ही रह जाती है। अंतरिक्ष नाविकों का स्पेस शिप हमारे सोलर सिस्टम से बाहर अगर जाता है तब उसमें बैठे हुए मानव को आकाशयात्री नहीं अपितु ब्रह्मांड यात्री कहेंगे। पृथ्वी की कक्षा में 400-500 किलोमीटर की ऊंचाई पर एक अपेक्षाकृत-स्थिर प्रतीत होने वाले स्पेश स्टेशन में से जो मानव सुरक्षित कवच पहन कर मॉडयूल से बाहर आकर आकाश विचरण करता है तभी इसे अंतरिक्ष विचरण कहेंगे। हमारे सोलर सिस्टम से परे गहन या सुदूर अंतरिक्ष में यात्रा करने वाले को हम ब्रह्माण्ड यात्री कह सकते हैं, परन्तु अंतरिक्ष में रहकर मंगल गृह तक की दूरस्थ यात्रा को भी अभी संभव नहीं बनाया जा सकता है। धरती से दूर की यात्रा की समयावधि को प्रकाशवर्ष में मापने वाले विज्ञान कथाकार हमारा सामना अद्भुत स्थितियों से करवाते रहे हैं। यह भी मानव अपनी और नित विकसित होते अद्भुत बौद्धिक क्षमताओं से अनजानी और अद्भुत समस्यायों से कैसे निपटता है।

## प्रसंगवश

# बैलट में बुराई क्या

चुनाव की रणभेरी बज चुकी है। मतदान ईवीएम मशीनों से ही होने जा रहा है। इस पद्धति पर ऊंगलियां उठती रही हैं। यहां तक कि 2019 के लोकसभा चुनाव परिणामों को एक वर्ग ने शंकास्पद दृष्टि से देखा था। परिणाम घोषित हो जाने पर जनता किसी की सुनती नहीं है, इसलिए विपक्ष ने मौन रहना ही श्रेयस्कर समझा था। हां! दबी जुबान शत्रुघ्न सिन्हा कुछ यों बोले थे, 'कुछ है तो जरूर लेकिन अब तो!' बात आई गई हो गई थी। संप्रति इस मुद्दे पर विपक्ष पस्त है। चुनाव आयोग पर सरकारी शिकंजा इस कदर है कि पिछले आठ मास से विपक्ष उससे मिलने का समय मांगता रहा, जो नहीं दिया गया, तब फिर नीतिगत मामले में उनकी क्या चलेगी। ऐसे में यह चुनाव अब विवादास्पद ईवीएम से ही होना है। लालू यादव बिहार के प्रादेशिक चुनाव अधिकारियों से बार-बार यह कह रहे हैं कि मतगणना पहले पोस्टल बैलटों की करा ली जाय, फिर मशीन के वोटों की। लेकिन अभी तक उनकी यह बात भी नहीं मानी गई है। जमीनी सच्चाई उपर्युक्तानुसार होते हुए भी, मैं समझता हूं बैलट पेपर से चुनाव कराना श्रेयस्कर रहता। दुनियां में लगभग सौ देशों में वोट पद्धति से चुनाव होते हैं, जिनमें केवल 25 में ही मशीनों का प्रयोग होता है। शेष बैलट का ही प्रयोग करते हैं। अमेरिका विश्व का सर्वाधिक समृद्ध लोकतांत्रिक देश है, जहां आधुनिकतम तकनीक विद्यमान है, किंतु चुनाव बैलट से ही होते हैं। एक बात यह भी है कि जब ऊंगली उठ जाय, और पद्धति संदेह के घेरे में हो, तो निर्विवाद पद्धति अपनाने में हर्ज क्या है? न्याय की दुनियां का एक मशहूर सिद्धांत है कि 'न्याय न सिर्फ किया जाना चाहिए, बल्कि ऐसी प्रतीति भी कराई जानी चाहिए कि न्याय किया जा रहा है'। भगवान कृष्ण पर भी जब सत्राजित की स्यमंतक मणि के अपहृत करने का मिथ्या आरोप लगा था,तो उन्होंने उस आवाज़ का दमन नहीं किया था, बल्कि सच्चाई का पता लगाकर समाज के सामने रख दिया था। जब वर्तमान सरकार परंपराओं और पुरातन संस्कृति को सहेजने वाले कार्य कर रही है और सिंगोल(प्राचीन राजदंड) को नए संसद भवन भें स्थापित कर चुकी है, तो बैलट वाली मतदान की पारंपरिक पद्धति अपनाने में क्या हर्ज है? शंका और विवाद की कोई गुंजाइश ही क्यों रखा जाए।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

# आज के दौर में पूंजी का एक बड़ा हिस्सा बांझ

मोबाइल या लैपटॉप के कुछ बटन टीपिये, पलक झपकते लाखों करोड़ों रुपये इधर से उधर। तकनीक में आई इस क्रांति ने अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयां दी तो वित्तीय शक्तियों और राजनीति के अनैतिक गठजोड़ ने इसी क्रांति के गहरे अंधेरों में नई रहस्यमयी दुनिया का सृजन भी किया। अब तो ऐसा है कि न जाने कितनी कंपनियां लैपटॉप में ही जन्म लेती हैं, करोड़ों, अरबों का वारा न्यारा करती हैं और फिर लैपटॉप में ही खत्म हो जाती हैं। गीता में वर्णित आत्मा की तरह पूंजी किसी नई कंपनी के रूप में पुनर्जन्म ले लेती है।

कंपनी... अब के दौर में इसका अर्थ व्यापक हो गया है। पहले के जमाने में, जिसे औद्योगिक दौर कहा जाता था, कंपनी का मतलब था कोई भौतिक ढांचा, जिसमें लोग काम करते थे, रोजी रोजगार पाते थे। लोग-बाग उस कंपनी को जानते थे। वह जन्म लेती थी तो कितने घर रोशन होते थे, मरती थी तो कितने घरों में अंधेरा छा जाता था। अब उत्तर औद्योगिक दौर है। विश्लेषक कहते हैं कि यह "फाइनांसियलाइजेशन" का दौर है। वित्त का असीमित और अबाध प्रवाह है। सत्ता और कारपोरेट की जुगलबंदी हो जाए तो वित्त का यह प्रवाह कानून की आंखों में धूल झोंकते पल भर में जाने कहां से कहां तक की यात्रा कर लेता है। अब ऐसी कंपनियां भी हैं जो नजर ही नहीं आती, लेकिन हैं। वे हैं और अरबों की पूंजी के साथ हैं। लेकिन न वे देश के लिए हैं, न मानवता के लिए हैं। वित्तीय शक्तियां अपने छद्म के साथ नए रूप में सामने आई हैं। अलग स्वभाव, अलग चरित्र के साथ। अब के दौर में पूंजी का एक बड़ा हिस्सा बांझ है। वह रोजगार पैदा नहीं करती। वह किसी कंपनी का रूप लेती है लेकिन किसी को रोजगार नहीं देती। उसका होना रहस्य को जन्म देता है, उसका मरना अगले रहस्य की ओर ले जाता है।



डॉ. हेमंत कुमार झा
एसोसिएट प्रोफेसर, पाटलिपुत्र विवि, पटना (बिहार)

किसी देश की विकास दर का अधिकतम हिस्सा कुछ खास मुट्ठियों में कैद हो जाए तो यह सिर्फ शोषण से संभव नहीं, इसके लिए ठगी की भी जरूरत है।

बटन की टीप पर जन्म लेने वाली कंपनियों में पूंजी का यह रहस्यमय प्रवाह न जाने कितने गोरखधंधों की राह आसान करता है। ऐसी ऐसी कंपनियां, जिनमें पूंजी तो हजारों करोड़ है, लेकिन कर्मचारी एक भी नहीं। ऐसी अधिकतर कंपनियां अक्सर किसी फ्रॉड अरबपति की उंगलियों पर चलती हैं, नाचती हैं और फिर खत्म कर दी जाती हैं। टैक्स की चोरी और अवैध पूंजी को वैध का कुर्ता पहनाने में ऐसी कंपनियां बहुत काम आती हैं। कई बड़े कारपोरेट घराने ऐसी कंपनियों का खेल खेलते हैं और संस्थाओं की आंखों में धूल झोंक कर, या उन्हें बेबस करके जनता के पैसों की लूट करते हैं। टीवी पर एक किसान नेता एक हाथ में आलू और दूसरे हाथ में किसी ब्रांडेड चिप्स का रैपर लिए बोल रहे थे, 'हमसे चार रुपये किलो आलू खरीद कर कंपनियां उसके कई गुने दाम पर मुनाफा कमाती हैं।' बड़ी आबादी की आहों को समेटते इस मुनाफे का अर्थशास्त्र कोई जटिल मामला नहीं है। सब समझते हैं लेकिन जैसे किसी जकड़बंदी में यह सभ्यता बेबस सी नजर आ रही है। सारे आलम को आंदोलन विरोधी, बौद्धिक विमर्श विरोधी बना देने की साजिशों का पहला शिकार भारत का मिडिल क्लास है, दूसरा शिकार रील्स में डूबा हाशिए के तबकों का बेरोजगार युवा वर्ग है। ये मिल कर सुनिश्चित करते हैं कि कारपोरेट और राजनीति की जुगलबंदी से अमानवीय बनते जा रहे सिस्टम के खिलाफ कोई आंदोलन जोर न पकड़े। चंद बटनों पर उंगलियों के स्पर्श से जन्म लेने वाली और तिरोहित होने वाली कंपनियों से सिर्फ अरबों की टैक्स चोरी ही नहीं होती, वैध को अवैध और अवैध को वैध बनाने का खुला खेल ही नहीं होता, ये कंपनियां राजनीतिक दलों को करोड़ों का चंदा भी देती हैं। अब तो आरोप लग रहे हैं कि गोरखधंधा बदस्तूर चलता रहे, इसके लिए भी इलेक्टोरल बांड के माध्यम से हजारों करोड़ इधर उधर किए गए। ऊपर के लेवल पर वित्त का यह तीव्र और सघन प्रवाह नीचे के लेवल पर घोर शोषण और ठगी से ऊर्जा प्राप्त करता है। अब शोषण ही पर्याप्त शब्द नहीं है। यह शब्द औद्योगिक दौर में केंद्र में था। उत्तर औद्योगिक दौर में तो शोषण के साथ ठगी भी अर्थव्यवस्था की मुख्यधारा में आ चुकी है। यह संगठित ठगी का दौर है।

किसी देश की विकास दर का अधिकतम हिस्सा कुछ खास मुट्ठियों में कैद हो जाए तो यह सिर्फ शोषण से संभव नहीं, इसके लिए ठगी की भी जरूरत है। तकनीकी क्रांति और तीव्र वित्तीय प्रवाह ने इस ठगी को बेहद आसान बना दिया है। पूंजी और राजनीति की जुगलबंदी अगर नापाक होने पर उतारू हो जाए तो शोषण और ठगी, दोनों अर्थव्यवस्था के केंद्रीय कारक बन ही जाएंगे। तभी तो, इस देश के किसान, श्रमिक से लेकर बेरोजगार युवाओं के साथ ठगी इस दौर की एक मुख्य प्रवृत्ति बन गई है। और, खुद को सयाना समझ रहा मिडिल क्लास भी इस शोषण और ठगी का कितना बड़ा शिकार है, यह आंखें और दिमाग खोलते ही समझ में आने लगता है। तभी तो, आंखों पर पर्दा और दिमाग पर कब्जा करने का खेल सांस्थानिक रूप अख्तियार कर चुका है।

## सोशल फोरम


# धोखा

कभी-कभी लोग धोखा शब्द का अर्थ समझने में भी धोखा खा जाते हैं। इसलिए नहीं कि धोखा का अर्थ कठिन है। इसलिए कि अपना अर्थ समझना कठिन है। अपने को समझना कठिन है। धोखा शब्द के प्रयोक्ता अपने को समझने में चूक जाते हैं, इसलिए धोखा का सही अर्थ नहीं समझ पाते हैं। धोखा का सीधा अर्थ है, जो दिखाई पड़ रहा है, वह सच नहीं है। जो छिपा है, वही सच है। जब उचित समय पर छिपा प्रकट हो जाता है, तब एहसास होता है कि जा.. मैं तो धोखा खा गया।

धोखा वहीं होता है, जहां किसी न किसी प्रकार का संबंध होता है। जहां संबंध नहीं, वहां धोखा भी नहीं। व्यापारिक और प्रेम संबंधों में धोखे की चर्चा ज्यादा होती है। व्यापार से भी ज्यादा प्रेम में धोखे की संभावना रहती है, क्योंकि प्रेम के नशे में हम अंदरूनी सच नहीं देख पाते। व्यापारिक संबंध में हम जब प्रेम को घुसा देते हैं तो धोखे का खतरा काफी बढ़ जाता है। प्रेम के कारण आप उनके सामने रुपए नहीं गिनेंगे, बाद में गिनेंगे, हो सकता है वह कम निकले। प्रेम के कारण आप वस्तु तो दे देंगे, लेकिन पैसे मांगने में संकोच कर जाएंगे। हो सकता है बाद में वह पैसा आपको न मिले। तो व्यापारिक संबंध और प्रेम संबंध को अलग कर देना चाहिए।

नकली प्रेम में धोखे पाए जाते हैं, असली प्रेम में धोखे का नामोनिशान नहीं होता। टिकाऊ होना असली प्रेम की पहचान नहीं है। असली प्रेम की पहचान है बेशर्त होना। एक-दूसरे को पूरी स्वतंत्रता देना। जहां शर्त है, वहां धोखे की संभावना है।

कल्पना कर लीजिए कि स्त्री-पुरुष आपस में प्रेम कर रहे हैं। यह प्रेम दो प्रकार से हो सकता है। एक बंधन वाला प्रेम, दूसरा स्वतंत्रता देने वाला प्रेम। बंधन वाले प्रेम में धोखे की संभावना है। दोनों में से कोई एक दूसरे की तरफ आकृष्ट होकर पहले को छोड़ सकता है। यहां कहा जाएगा कि एक ने दूसरे के साथ धोखा किया। लेकिन जहां स्वतंत्रता है, कभी भी कोई किसी के साथ जा सकता है, इस तरह की अंडरस्टैंडिंग है, वहां धोखा कहां? हां, यह बात अलग है कि इस तरह का प्रेम करने वाला विरला ही होता है। इसलिए ऐसे प्रेम के अलगाव को जन सामान्य धोखा ही नाम देते हैं, क्योंकि उन्हें इस तरह के प्रेम का अनुभव नहीं होता।



मटुक नाथ चौधरी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

-फेसबुक वॉल से

# काशी में शिव की रंगभरी यात्रा

काशी में रंगभरी एकादशी का विशेष महत्व है। जिस तरह होलाष्टक से ब्रज में होली उत्सव शुरू होता है, उसी तरह काशी में रंगभरी एकादशी से होली पर्व की शुरुआत होती है, जो लगातार छह दिनों तक चलता है। रंगभरी एकादशी शिव के स्वागत में ही मनाई जाती है। यह वह दिन है, जब वाराणसी की सड़कों पर गुलाल बरसते हैं। शिव इसी दिन माता पार्वती को विदा कराकर ले जाने के लिए शादी के बाद पहली बार बनारस आए थे।

पौराणिक मान्यताओं के मुताबिक जब माता सती ने आत्मदाह कर लिया था, तो उसके बाद शिव क्रुद्ध हो गए थे और वे बड़े दुखी भी हुए थे। यही वजह थी कि इसके बाद उन्होंने चिर साधना शुरू कर दी थी। उनकी यह साधना तब तक जारी रही, जब तक कि माता पार्वती के रूप में माता सती ने फिर से जन्म नहीं ले लिया। शिव जिस दिन उन्हें विदा कराकर ले जाने के लिए यानी कि गौने की रस्म करवाने के लिए पहली बार वाराणसी पहुंचे थे, उसी दिन से रंगभरी एकादशी मनाने की शुरुआत हुई थी। रंगभरी एकादशी काशी के लोगों के लिए बड़ी मायने रखती है, क्योंकि वाराणसी में होली के उत्सव का आरंभ इसी दिन से हो जाता है। माता पार्वती के गौने की वजह से इस दिन का वाराणसी के लोगों के लिए खास महत्व है और इस दिन व्रत करके और उत्सव मनाकर लोग अपने जीवन में न केवल अपने घरों में खुशियां और समृद्धि के आगमन को निमंत्रण देते हैं, बल्कि पूरे उत्साह और धूमधाम के साथ इसे मना कर शिव और माता पार्वती का आशीर्वाद भी प्राप्त करते हैं। खासकर शादीशुदा जोड़े रंगभरी एकादशी को विशेष रुप से मनाते हैं, क्योंकि ऐसी मान्यता है कि पूरी श्रद्धा के साथ इस त्योहार को मनाने से उनकी जिंदगी प्यार से भर जाती है और शिव एवं माता पार्वती की कृपा हमेशा उन पर बनी रहती है।



प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ
एचपीयू, शिमला

भक्तगण खुद भी रंगों में रंग जाते हैं। नगाड़े बजाते हैं। हर-हर महादेव का जयघोष करते हैं। वे डमरू बजाते हैं। तरह-तरह के वाद्य यंत्र बजाते हैं। इनकी धुनों पर भक्त खूब थिरकते और झूमते हैं।

शुरुआत काशी विश्वनाथ मंदिर के महंत के घर से होती है और शिव की रजत यानी चांदी वाली मूर्ति को त्योहार के एक दिन पहले शाम को महंत के घर पहुंचा दिया जाता है और रात भर शिव यही महंत के घर में विराजमान रहते हैं। इसके बाद सूर्योदय से पहले भगवान शिव और माता पार्वती की मूर्तियों का पुजारियों द्वारा दूध से अभिषेक किया जाता है। इनकी मूर्तियों का पंचामृत से भी अभिषेक होता है और इस तरह से रुद्राभिषेक का कार्यक्रम चलता है। इसके बाद फूलों और आभूषणों से दोनों मूर्तियों का श्रृंगार किया जाता है बाबा विश्वनाथ को विशेष पोशाक पहनाई जाती है और श्रृंगार किया जाता है। बाबा विश्वनाथ की रजत प्रतिमा को राजशाही पगड़ी और धोती-कुर्ता एवं दुपट्टा पहनाया जाता है। इस दौरान परंपरागत गीत भी महिलाओं द्वारा गाए जाते हैं।

जैसे-जैसे दोपहर का वक्त आता है, बारात निकालने की तैयारी पूरी हो जाती है। एक पालकी पर शिव और माता पार्वती की मूर्तियों को सजा कर रखा जाता है और इस बारात की शुरुआत महंत के घर से होती है, जो कि काशी विश्वनाथ मंदिर पहुंचकर समाप्त होती है। इस पालकी को शिव के भक्त उठाते हैं, जिन्हें कि बम के नाम से हम जानते हैं। काशी विश्वनाथ मंदिर पहुंचने से पहले यह पालकी शहर के कई हिस्सों में घूमती है और इस दौरान पूरे रास्ते में भक्तगण गीत गाते हैं। शिव और माता पार्वती पर लोग खूब अबीर-गुलाल उड़ाते हैं।

भक्तगण खुद भी रंगों में रंग जाते हैं। नगाड़े बजाते हैं। हर-हर महादेव का जयघोष करते हैं। वे डमरू बजाते हैं। तरह-तरह के वाद्य यंत्र बजाते हैं। इनकी धुनों पर भक्त खूब थिरकते और झूमते हैं। इस दौरान पूरा वातावरण खुशी से सराबोर हो जाता है। हर-हर महादेव के जयकारे से काशी नगरी गूंज उठती है। कुंवारी महिलाएं इस दौरान खासकर भगवान शिव को रंग लगाने की कोशिश करती हैं और वे उन्हीं के जैसा वर प्राप्त करने का आशीर्वाद भी उनसे मांगती हैं। वाराणसी में होली की यह न केवल धमाकेदार, बल्कि बेहद पवित्र शुरुआत होती है, जिसका साक्षी बनने के लिए केवल अपने देश से ही नहीं, बल्कि दुनिया के कोने-कोने से श्रद्धालु वाराणसी पहुंचते हैं। यह उत्सव धुलंडी तक जारी रहता है।


# लड़कियों की नौकरी : मुसीबत का सबब

इन दिनों एक नई सामाजिक समस्या उत्पन्न होने लगी है जिसकी घुटन अब अधिकांश घरों में देखने को मिलने लगी है। बेटी को विवाह पूर्व नौकरी करवाना माता-पिता व बेटियां दोनों के लिए ही अब एक बड़ी मुसीबत का सबब बनता जा रहा है। आज अधिकांश लोग अपनी पुत्रियों से विवाह पूर्व बहुराष्ट्रीय कंपनियों में उनसे नौकरी करवाकर अपने लिए एक समस्या तैयार कर रहे हैं। ऐसा करने के कारण ऐसी लड़कियों के विवाह में जो समस्याएं आती हैं, उसका हल निकालना उनके लिए अब दुष्कर होने जा रहा है। नौकरियों में उनका वेतन अधिक होने से उनसे कम वेतन वाले लड़के प्रायः उन्हें पसन्द नहीं आते हैं। अन्य शहर में नौकरी कर अकेले रहने के कारण, घर से दूर होने के कारण उन्हें लोक-लाज़ का भय भी नहीं रह जाता है।

एक बार नौकरी करने पर वे नौकरी छोड़ने को तैयार नहीं होती। वह जिस शहर में नौकरी करती हैं, उन्हें उसी शहर में ही कार्यरत उनसे अधिक पैकेज वाला सजातीय वर चाहिए जिसे ढूंढ़ पाना माता-पिता के लिए एक जटिल समस्या है। शादी से पहले पढ़-लिखकर, नौकरी पकड़ने की मानसिकता के कारण ऐसे ही विवाह में देरी हो जाती है, ऐसे वरों की तलाश में उनकी विवाह की उम्र ही निकल जाती है।

फिर होती है बेमेल शादियां जिस कारण गृहस्थी बसने से पहले उजड़ने की संभावना रहती है। अगर शादी टिक भी गई तो अधिक उम्र के कारण गर्भ धारण व संतानोत्पत्ति में भी समस्याएं आने लगती हैं और मातृत्व सुख से वंचित रहने के आसार बढ़ जाते हैं। उम्र का तकाजा कहें या शारीरिक बदलाव, बच्चियों में हुए हार्मोनल परिवर्तन और समय पर शादी नहीं होना उसे पुरुषों की ओर आकर्षित करते हैं। उसके साथ घर का कोई सदस्य नहीं होने से उन पर कोई रोक-टोक नहीं रहती जिससे वे अक्सर गलत मार्ग पर चल पड़ती हैं। ये उचित और अनुचित मार्ग का निर्णय नहीं ले पाती। आज के माता-पिता, जो यह सोचते हैं कि कन्या को कुछ वर्ष नौकरी करा लेते हैं, फिर उनकी शादी कर देंगे, उनकी यह सोच उन पर आगे चलकर भारी पड़ने लगती है। मेरा मानना है कि लड़कियों को पढ़ाने-लिखाने में कोई बुराई नहीं है पर शादी से पहले उन्हें नौकरी करने से रोकना चाहिए। अगर लड़की को कोई सरकारी नौकरी मिल गई है तब तो उस पर जरूर विचार किया जा सकता है।

अतः लड़कियों को खूब पढ़ाएं-लिखाएं, उन्हें खूब स्किल फुल बनाएं पर शादी से पहले नौकरी को यथासंभव टालें। डिग्री के साथ ही अगर नॉलेज व स्किल भी होगा तो नौकरी तो जरूरत पड़ने पर शादी के बाद भी की जा सकती है। इसलिए बेटियों का विवाह स्वयं के विवेक से सही समय (21 से 25) पर करें और भविष्य में आने वाली समस्याओं से बचें। विवाह के उपरांत जॉब करने व पढ़ाई जारी रखने में कोई समस्या नहीं आती।



शिवनाथ भारती
सदस्य, वरिष्ठ नागरिक
सलाहकार परिषद

## एक नजर

### संजय सिंह ने राज्यसभा सदस्यता की ली शपथ

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह ने मंगलवार को राज्यसभा की सदस्यता की शपथ ली। सिंह दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े एक मामले में जेल में बंद हैं और शपथ लेने के लिए उन्हें जेल से लाया गया था। शपथ लेने के बाद उन्हें दोबारा जेल ले जाया गया। उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने संजय सिंह को उच्च सदन की सदस्यता की शपथ दिलायी। सिंह दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में पिछले वर्ष अक्टूबर से जेल में हैं। इससे पहले भी सिंह ने राज्यसभा की सदस्यता की शपथ लेने के लिए अदालत से अनुमति ली थी लेकिन उस समय उन्हें तकनीकी कारणों से शपथ नहीं दिलायी जा सकी थी।

### ओसान को गोयनका पत्रकारिता पुरस्कार

नई दिल्ली। पीटीआई के वरिष्ठ फोटो पत्रकार गुरिंदर ओसान को तोक्यो ओलंपिक की कवरेज के लिए मंगलवार को रामनाथ गोयनका उत्कृष्ट पत्रकारिता पुरस्कार दिया गया। ओसान ने उस समय तोक्यो ओलंपिक को कवर किया था जब दुनिया कोविड-19 महामारी से जूझ रही थी। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकारों को 2021 और 2022 के लिए रामनाथ गोयनका उत्कृष्ट पत्रकारिता पुरस्कार प्रदान किया।

# टीएमसी नेता महुआ मोइत्रा पर आरोप की जांच करने को कहा

## 'सवाल पूछने के बदले पैसे लेने के' के मामले में लोकपाल ने सीबीआई को दिए निर्देश

नयी दिल्ली, एजेंसी



लोकपाल ने मंगलवार को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को निर्देश दिया कि वह तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता महुआ मोइत्रा के खिलाफ ''सवाल पूछने के बदले पैसे लेने के'' आरोपों की जांच करे और छह महीने के भीतर अपना निष्कर्ष पेश करे। मोइत्रा को पिछले साल दिसंबर में ''अनैतिक आचरण'' के लिए लोकसभा से निष्कासित कर दिया गया था और उन्होंने अपने निष्कासन को चुनौती देते हुए उच्चतम न्यायालय का रुख किया है। उन्हें पार्टी ने पश्चिम बंगाल की कृष्णानगर लोकसभा सीट से दोबारा अपना उम्मीदवार बनाया है।

लोकपाल का निर्देश भाजपा के लोकसभा सदस्य निशिकांत दुबे की उस शिकायत पर फैसला करते समय आया, जिसमें आरोप लगाया गया था कि मोइत्रा ने दुबई स्थित व्यवसायी दर्शन हीरानंदानी से नकदी और उपहार के बदले में लोकसभा में सवाल पूछे थे और उद्योगपति गौतम अडाणी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा था। लोकपाल के आदेश में कहा गया, ''रिकॉर्ड में मौजूद संपूर्ण सामग्री का सावधानीपूर्वक आकलन और उस पर विचार करने के बाद, इस तथ्य के बारे में कोई संदेह नहीं रह गया है कि आरपीएस (प्रतिवादी लोक सेवक) के खिलाफ लगाए गए आरोप, खासकर उनके पद के मद्देनजर बेहद गंभीर प्रकृति के हैं और अधिकतर आरोप ठोस सबूतों द्वारा समर्थित हैं।'' उसने आदेश में मोइत्रा का आरपीएस के रूप में जिक्र किया। लोकपाल पीठ में न्यायमूर्ति अभिलाषा कुमारी (न्यायिक सदस्य) और सदस्य अर्चना रामसुंदरम और महेंद्र सिंह शामिल थे। उसने कहा, ''हम सीबीआई को निर्देश देते हैं कि वह शिकायत में लगाए गए आरोपों के सभी पहलुओं की जांच करें और यह आदेश मिलने की तारीख से छह महीने की अवधि के भीतर जांच रिपोर्ट की एक प्रति जमा करें।'' दुबे ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर यह आदेश साझा करते हुए लिखा, ''सत्यमेव जयते। आज मेरी शिकायत को सही मानते हुए लोकपाल ने महुआ मोइत्रा के खिलाफ सीबीआई को जांच का आदेश दिया, यानी चंद पैसों के लिए तृणमूल कांग्रेस की पूर्व सांसद ने हीरानंदानी के साथ मिलकर भ्रष्टाचार किया व देश की सुरक्षा को गिरवी रखा।



जागरूकता
चेन्नई के एक कॉलेज में मंगलवार को लोस चुनाव से पहले मतदाता जागरूकता अभियान के दौरान अपने चेहरे पर पेंट से विभिन्न आकृति बनाकर तस्वीरें खिंचवातीं छात्राएं।

### शादी का झांसा देकर महिला से दुष्कर्म

एटा। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र की रहने वाली महिला ने आरोप लगाया कि उसकी मुलाकात क्षेत्र के गांव किशनपुर लोहिया निवासी अमित से हुई। इसके बाद दोनों में संबंध बने रहे। महिला का आरोप है कि युवक ने शादी का झांसा देकर कई बार उसके साथ दुष्कर्म किया। जब पीड़िता ने शादी करने के लिए कहा तो उसने मना कर दिया। विरोध किया तो आरोपित ने परिजनों के साथ मिलकर मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। तहरीर पर पुलिस ने आरोपी को पकड़कर जेल भेजा है।

# हम तो सनातनी पागलों को समझाने आए हैं

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



कथा सुनाते पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री।

**अमृत विचार:** नया मुरादाबाद स्थित लोहिया एस्टेट में श्रीराम बालाजी धाम बाबा नीव करौरी आश्रम ट्रस्ट और लोहिया मानव कल्याण ट्रस्ट की ओर से आयोजित तीन दिवसीय श्रीहनुमंत कथा एवं दिव्य दरबार में बागेश्वर धाम सरकार के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री मंगलवार दूसरे दिन मंच पर पहुंचे। तो पंडाल में मौजूद भक्तों ने जय श्रीराम व बालाजी भगवान की जय का उद्घोष किया।

मंच पर पहुंचने के बाद सबसे पहले पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने सन्यासी बाबा और अपने गुरुओं की पूजा-अर्चना की। मंच से उन्होंने जोर से कहा माधवपुर (मुरादाबाद) के पागलों कैसे हो? उसके बाद उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आप लोग सबसे पहले यह जान लें कि हमारे चक्कर में बिल्कुल न पड़े। हम भगवान नहीं है, हम तो बालाजी के सेवक है। हम तो अपने सनातनी पागलों को समझाने और जगाने आए हैं। उन्होंने कहा कि संभल में हरिहर मंदिर है जो वर्षों से बंद है, लेकिन बंद मंदिर से भी भगवान की आवाज आती है।

उन्होंने भक्तों से कहा कि अब किसी के चक्कर में न पड़ो। कहीं भी चादर चढ़ाने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि जब-जब देश में दवाइयां महंगी हुई है। तब-तब देश के गरीब सनातनी लोग बाबा और तांत्रिकों की शरण में जाते हैं। इसलिए भारत की सरकार को चाहिए कि देश में शिक्षा और चिकित्सा मुफ्त कर दे। जिसके बाद लोग अंधविश्वास से दूर हो जाएंगे और लोग सही रास्ते पर आ जाएंगे। उन्होंने कहा कि जल्द ही हमारा देश भारत हिंदू राष्ट्र बनेगा। जिसके बाद पूरे देश में जय श्री राम के जयकारे गूंजेंगे। जिसके बाद हर शख्स क्या, बाबर भी जय जय श्रीराम बोलेगा। उन्होंने कहा कि आप लोग अगर तीन काम कर लें तो आपकी सारी समस्याएं दूर करने की गारंटी हम लेते हैं।

# एससी/एसटी एक्ट, सीआरपीसी में जमानत के प्रावधान अलग

**विधि संवाददाता, प्रयागराज:** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एससी-एसटी अधिनियम के तहत होने वाली कार्यवाही पर विचार करते हुए कहा कि जिन आपराधिक मामलों में आरोपियों के खिलाफ एससी/एसटी अधिनियम के तहत आरोप पत्र दाखिल नहीं किया गया है, उन पर सीआरपीसी के प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जा सकती है, भले ही अपराध की सुनवाई विशेष अदालतों द्वारा की जा रही हो। उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति अजय भनोट की पीठ ने ट्रायल कोर्ट द्वारा जमानत याचिका खारिज होने के बाद हत्यारोपी प्रमोद द्वारा दाखिल जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए की। आरोपी के विरुद्ध पुलिस स्टेशन राया, जिला मथुरा में मुकदमा पंजीकृत किया गया था।आरोपी के खिलाफ आईपीसी की धारा 302 के तहत आरोप पत्र दाखिल होने के बाद आपराधिक मामले की सुनवाई एससी/एसटी अधिनियम के तहत स्थापित विशेष अदालत द्वारा की जा रही थी, लेकिन जमानत के संबंध में एससी/एसटी अधिनियम के प्रावधान के तहत विचार नहीं किया जा सकता। उक्त अधिनियम पीड़ितों की सुरक्षा और अभियुक्तों के अभियोजन के लिए कुछ विशेष प्रक्रिया निर्धारित करता है। अतः उपरोक्त अधिनियम के तहत अभियुक्तों के लिए जमानत देने के प्रावधान सीआरपीसी से अलग हैं।

## सपा की राज्य कार्यकारिणी में प्रदेश सचिव नामित

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ।** समाजवादी पार्टी ने मंगलवार को दूधनाथ पटेल (प्रयागराज) और आशीष कुमार मौर्य (कौशाम्बी) को सपा की राज्य कार्यकारिणी में प्रदेश सचिव जबकि गोविन्द त्रिपाठी (कानपुर ग्रामीण), सुधाकर त्रिपाठी (औरैया) और रंगीलाल यादव (प्रयागराज) को सपा की राज्य कार्यकारिणी में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नामित किया गया है। वहीं, पुष्पेन्द्र सिंह यादव निवासी उन्नाव, रिंकू यादव निवासी गोमती नगर लखनऊ, मोहसिन रज़ा निवासी बरेली और अनिल यादव निवासी जौनपुर को समाजवादी युवजन सभा की राज्य कार्यकारिणी में प्रदेश सचिव नामित किया गया है।

# कात्याल की अंतरिम जमानत रद्द करने से अदालत का इनकार

नयी दिल्ली, एजेंसी




दिल्ली उच्च न्यायालय ने भारतीय रेलवे में कथित 'नौकरी के बदले जमीन' घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद के करीबी सहयोगी अमित कात्याल को चिकित्सा आधार पर दी गई चार सप्ताह की अंतरिम जमानत रद्द करने से मंगलवार को इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने कहा कि अंतरिम जमानत को आगे बढ़ाने के लिए आरोपी की याचिका निचली अदालत के समक्ष लंबित है। न्यायमूर्ति शर्मा ने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय वहां अपनी शिकायतें उठाने के लिए स्वतंत्र होगा और उससे कानून के अनुसार निपटा जाएगा। न्यायाधीश ने दर्ज किया कि कात्याल को पांच फरवरी को अंतरिम जमानत दिए जाने के बाद छह फरवरी को न्यायिक हिरासत से रिहा किया गया था और राहत पर सवाल उठाने वाली वर्तमान याचिका ईडी द्वारा तब दायर की गई जब चार सप्ताह की अवधि समाप्त होने वाली थी। न्यायमूर्ति शर्मा ने कहा, "इन अजीबोगरीब तथ्यों और परिस्थितियों में, यह अदालत प्रतिवादी को दिनांक 05.02.2024 के आदेश के तहत दी गई चार सप्ताह की अंतरिम जमानत को रद्द करना उचित नहीं मानती है।" ईडी ने उच्च न्यायालय के समक्ष दलील दी कि जैसा कि आरएमएल अस्पताल के चिकित्सकों की राय है, कात्याल का इलाज सरकारी अस्पतालों में किया जा सकता है और उनकी स्थिति को उचित उपचार और दवा के साथ प्रबंधित किया जा सकता है।



प्रदूषण
यमुना नदी में प्रदूषण के बीच सिक्के निकालते स्थानीय लोग। ● एजेंसी

# सीआरपीएफ जवान के बेटे का शव गड्ढे में मिला

संवाददाता, सोरोंजी (कासगंज)

**अमृत विचार:** सोरोंजी क्षेत्र के गांव गऊपुरा में सोमवार को लापता हुआ सीआरपीएफ के जवान के बेटे का शव मंगलवार को गड्ढे में मिला है। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। शव पर चोट के निशान है। ऐसे में पीटकर हत्या कर शव फेंके जाने की आशंका है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर मामले की जांच शुरू कर दी है, हालांकि अभी पुलिस को तहरीर नहीं मिली है।



मृतक चिराग

गांव गऊपुरा निवासी उमाकांत सीआरपीएफ में जवान हैं। उनका परिवार गांव में ही रहता है। सोमवार दोपहर उनका 3 वर्षीय बेटा चिराग घर के बाहर खेल रहा था और फिर वहां से गायब हो गया। जब परिजनों ने उसकी तलाश की तो उसका कोई सुराग नहीं लगा। पुलिस को सूचना दी गई। लोग मंगलवार सुबह मासूम की तलाश कर रहे थे, तभी किसी की नजर गांव के समीप एक गड्ढे में भरे पानी में पड़ी। वहां प्रतीत हुआ कि इस गड्ढे में कोई शव है। ग्रामीणों ने गड्ढे में घुसकर तलाश की तो मासूम चिराग का शव मिला। शव देखते ही परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। परिजनों को आशंका है कि चिराग की हत्या कर शव गड्ढे में फेंका गया है, हालांकि अभी किसी व्यक्ति को नामजद नहीं किया गया है।

चिराग के ताऊ सूर्यकांत ने बताया कि उनके भतीजे की हत्या कर शव फेंका गया है। पुलिस मामले की पूरी जांच करे और जो भी सच्चाई हो उसके आधार पर अग्रिम कार्रवाई करे। सीओ सिटी अजीत चौहान ने बताया कि लापता मासूम का शव मिला है। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। हर पहलू पर जांच की जा रही है। परिजनों की तहरीर मिलने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# तुलसी के मंच पर 11 प्रदेशों के 200 कलाकारों का प्रदर्शन

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** लोक एवम जनजाति संस्कृति संस्थान द्वारा आयोजित शौर्य पर्व में 11 प्रदेशों से आए 250 लोक कलाकारों ने पारंपरिक लोक नृत्य जिसमें शस्त्र, योग या युद्ध कौशल का प्रदर्शन एक ही मंच पर कर विश्व कीर्तिमान बना दिया।

इस विश्व कीर्तिमान का आंकलन करने और कीर्तिमानों के समस्त मानकों की पूर्णता की जांच करने के लिए वर्ल्ड रिकॉड्र्स बुक आफ़ इंडिया की चीफ एडिटर सुषमा नार्वेकर अपनी टीम के साथ उपस्थित रहीं। विश्व कीर्तिमान के समस्त मानकों की पूर्णता से सन्तुष्ट होने पर लोक एवम जनजाति संस्कृति संस्थान के निदेशक अतुल द्विवेदी को प्रमाण पत्र और पदक प्रदान किया गया।

इस अवसर पर अतुल द्विवेदी ने भावुक होते हुए कहा भगवान राम ने धर्म की रक्षा हेतु समाज के हर वर्ग के लोगों से सहयोग लेकर उन्हें पहचान दिलाई उसी प्रेरणा का परिणाम है कि लोक कलाकार अपनी संस्कृति और परंपरा को संरक्षित करके पीढ़ियों तक पहुंचाने में लगे है। यह सम्मान उन सभी का है। तीन दिवसीय 18,19 व 20 मार्च को आयोजित शौर्य पर्व में अपनी संस्कृति और पहचान को बचाए रखने के लिए शस्त्र विद्या को अंगीकार रखने की लोक विधाओ का प्रदर्शन तुलसी उद्यान में आयोजित किया गया है। जिसमें केरल से लेकर मणिपुर, गुजरात से लेकर पश्चिम बंगाल, तेलंगाना से लेकर झारखंड तक यानी पूरे भारतवर्ष से कलाकारों ने आकर अपनी समृद्ध विरासत को दिखाया। कलाकारों के प्रदर्शन देखकर खचाखच भरे पांडाल में लोग हतप्रभ थे।



संस्कृति संस्थान के निदेशक को विश्व कीर्तिमान का प्रमाण पत्र देतीं चीफ एडिटर

### दीपोत्सव के बाद बना दूसरा विश्व कीर्तिमान

वर्ल्ड रिकाड्र्स बुक आफ इंडिया की चीफ एडिटर सुषमा नार्वेकर द्वारा शौर्य पर्व को विश्व कीर्तिमान का प्रमाण पत्र दिया गया है। यह अयोध्या में दीपोत्सव के बाद बनने वाला दूसरा विश्व रिकॉर्ड है। इसे लेकर चीफ एडिटर ने पूरे कार्यक्रम और कलाकारों की सराहना की।

# ऑनलाइन ठगी, दो साइबर ठग गिरफ्तार

संवाददाता, एटा

**अमृत विचार:** थाना साइबर क्राइम ने ऑनलाइन ठगी करने वाले दो शातिर अन्तर्राज्यीय ठगों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से 6 मोबाइल, दो पासबुक, दो चेक बुक, एक एटीएम सहित 450 रुपये बरामद किंए हैं।

अमित कुमार पुत्र राजीव कुमार निवासी ग्राम दतेई थाना मिरहची द्वारा थाना मिरहची पर रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि अज्ञात व्यक्ति द्वारा चाचा की बीमारी के बहाने से ऑनलाइन फ्रॉड कर लिया गया है। जांच के दौरान हितेश कुमार शर्मा पुत्र नितेन्द्र कुमार शर्मा निवासी नई आबादी सेवला जाट थाना बुन्दू कटरा सदर जनपद आगरा व अनुराग कश्यप पुत्र सूरज कश्यप निवासी देवी नगला पदी दयालबाग थाना न्यू आगरा को अवागढ़ किला तिराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि यह लोग ग्रामीण क्षेत्र के लोगो के पास कॉल करते हैं तथा उनको किसी परिजन की बीमारी का हवाला देकर अपने खाते में रुपये ट्रांसफर करवा लेते हैं। जिन्हें बाद में आरोपितों द्वारा अलग-अलग बैंक खातों में ट्रांसफर कर दिया जाता है। अलग-अलग बैंक खातों से उक्त धनराशि को एटीएम के माध्यम से निकाल लेते हैं।

# चीनी वीजा घोटाले में कार्ति चिदंबरम कोर्ट में तलब

नई दिल्ली, एजेंसी



● ईडी के आरोप पत्र पर कांग्रेस सांसद व अन्य को समन

दिल्ली की एक अदालत ने कथित चीनी वीजा घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में मंगलवार को कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम और अन्य को समन जारी कर पांच अप्रैल को अपने समक्ष पेश होने का निर्देश दिया। विशेष न्यायाधीश एम. के. नागपाल ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दायर आरोपपत्र पर संज्ञान लेते हुए आरोपियों को तलब किया। न्यायाधीश ने कार्ति चिदंबरम, उनके पूर्व चार्टर्ड अकाउंटेंट एस भास्कर रमन को और कुछ कंपनियों के प्रतिनिधियों सहित छह अन्य को पांच अप्रैल को अदालत में पेश होने का निर्देश दिया। आरोपियों में पदम दुगार, विकास मखारिया, मंसूर सिद्दीकी, दुगार हाउसिंग लिमिटेड, एडवांटेज स्ट्रैटेजिक कंसल्टिंग प्राइवेट लिमिटेड और तलवंडी साबो पावर लिमिटेड भी शामिल हैं। ईडी ने 2011 में 263 चीनी नागरिकों को वीजा जारी करने से संबंधित कथित घोटाले में आरोपियों के खिलाफ धनशोधन का मामला दर्ज किया है। कथित घोटाले के समय कार्ति के पिता पी चिदंबरम केंद्रीय गृह मंत्री थे।

## महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना प्रमुख राज ठाकरे ने गृहमंत्री शाह से की मुलाकात

# एनडीए में शामिल हो सकती है मनसे

नई दिल्ली, एजेंसी



● भाजपा भी महाराष्ट्र में गठबंधन को मजबूत करने की इच्छुक

महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के नेता राज ठाकरे ने मंगलवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। यह मुलाकात इस बात का संकेत है कि भाजपा महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव में अपने गठबंधन को मजबूत करने के लिए राज ठाकरे के साथ गठबंधन की इच्छुक है। ठाकरे सोमवार को यहां पहुंचे और जब वह शाह से मिले तब भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े भी मौजूद थे। अगर गठबंधन हो जाता है तो मनसे को मुंबई में एक सीट दी जा सकती है जहां उनके चचेरे भाई उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाले शिवसेना के गुट का कुछ प्रभाव है। जब शिवसेना एकजुट थी तब राज ठाकरे ने इससे नाता तोड़ लिया था। महाराष्ट्र सरकार के मंत्री छगन भुजबल ने कहा कि अगर राज ठाकरे की अगुवाई वाली महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) भाजपा नेतृत्व की महायुति में शामिल हो जाती है तो इससे सत्तारूढ़ गठबंधन और मजबूत होगा ।

### राज-शाह मुलाकात पर आश्चर्य नहीं : राकांपा

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) ने कहा कि राज ठाकरे की केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात आश्चर्यजनक नहीं है क्योंकि पहले से ही महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) प्रमुख की भाजपा से निकटता के संकेत थे। राकांपा प्रवक्ता क्लाइड क्रैस्टो ने दावा किया कि मनसे नेता ठाकरे केंद्रीय एजेंसियों की जांच के दायरे में हैं और वह अपनी पार्टी को बचाने की कोशिश करते रहे हैं। दावा किया कि ठाकरे की मनसे लड़खड़ा रही है और बैठक उन्हें बचा सकती है।

## लिव-इन में युवती हुई गर्भवती तो दूसरी युवती से की शादी

**एटा, अमृत विचार:** थानाक्षेत्र में 19 वर्षीय युवती का आरोप है कि करीब एक साल पहले गांव के ही अमित से प्रेम संबंध हो गया था। इसके बाद लिव-इन में एक महीने मैनपुरी में रहे। गर्भवती हो गई तो अमित ने 7 मार्च 2024 को दूसरी शादी कर ली। जब अमित के घर पर गई तो उसकी मां विनीता देवी, ताऊ संतोष, चाचा दलवीर सिंह ने गाली गलौज की और लात-घूंसों से पीटकर घर से भगा दिया। इसके बाद अमित से साथ रखने के लिए कहा तो उसने भी गाली गलौज कर गर्भपात कराने को कहा। कोतवाली देहात प्रभारी निर्दोष सिंह सेंगर ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# पॉक्सो एक्ट के दोषी को 10 साल का कारावास

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** सदर कोतवाली के गांव तिलसई कला में 11 दिसंबर 2015 को गांव के ही साजिद, जाबिर अपनी दो नाबालिग बहनों के साथ मिलकर गांव की एक किशोरी को नशीला पदार्थ सुंघाकर कार में डालकर ले गए। दिल्ली में ले जाकर आरोपी साजिद और जाबिद ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म किया। मामले में पीड़िता के पिता ने साजिद, जाबिर और उनकी नाबालिग बहनों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया था। मामले की जांच करते हुए जांच अधिकारी ने सभी आरोपितों के विरुद्ध न्यायालय में चार्टशीट दाखिल की। दो बहनों को किशोर अपचारी का दावा किया। अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी करते हुए लोक अभियोजक संजीव दरक एडवोकेट ने गवाहों और सबूतों को पेश किया। दोनों पक्षों की बहस सुनने और पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आरोपी साजिद को दोषी करार दिया गया। जबकि जाबिर रजा की दौराने मुकदमा मौत हो गई। न्यायालय ने आरोपी बहनों को किशोर अपचारी होने के कारण किशोर न्यायालय में उनके विरुद्ध मुकदमा चलाए जाने के निर्देश दिए। न्यायालय ने आरोपी को 10 वर्ष का कारावास और जुर्माने से दंडित किया। जुर्माना अदा न करने पर आरोपी को अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

# कोतवाली में शहीद की बेटी और महिला दरोगा के बीच हाथापाई

## दहेज उत्पीड़न के मुकदमे में रिपोर्ट लेने पहुंची थी शहीद की बेटी

संवाददाता, पूरनपुर

- दरोगा ने कोर्ट से प्राप्त करने को कहा तो बिगड़ी बात

**अमृत विचार:** पूरनपुर कोतवाली परिसर में एक महिला दरोगा और कारगिल शहीद की बेटी के बीच जमकर हाथापाई हुई।

मौके पर मौजूद पुलिस कर्मियों ने बमुश्किल बीच बचाव कराया। इस मामले में महिला दरोगा ने सरकारी काम में बाधा, गला दबाकर हत्या की कोशिश करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी। जबकि शहीद की बेटी ने रिश्वत मांगने और मारपीट करने का आरोप लगाया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।


जख्मी पलविंदर कौर।

नगर की अशोक कॉलोनी की रहने वाली पलविंदर कौर कारगिल शहीद सुरेंद्र सिंह लवाना की बेटी हैं। ससुराल से विवाद होने पर करीब दो माह पूर्व पलविंदर कौर ने पति व ससुराल पक्ष के अन्य लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। दोनों पक्षों में समझौता होने पर पुलिस ने मुकदमे में फाइनल रिपोर्ट लगा दी। मंगलवार को पलविंदर कौर फाइनल रिपोर्ट की कॉपी लेने कोतवाली पहुंची। दरोगा अनुराधा वर्मा महिला हेल्प डेस्क पर बैठी थीं। उन्होंने फाइनल रिपोर्ट की प्रति कोर्ट से लेने की बात कह दी। इस पर पलविंदर कौर व महिला दरोगा के बीच नोकझोंक के बाद हाथापाई शुरू हो गई। मारपीट में पलविंदर और अनुराधा वर्मा दोनों जख्मी हो गईं। महिला दरोगा अनुराधा ने पलविंदर कौर के खिलाफ मारपीट करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। इसमें गला दबाकर हत्या का प्रयास करने, सरकारी काम में बाधा डालने सहित कई गंभीर आरोप लगाए। उधर, पलविंदर कौर का आरोप है कि वह एफआर की प्रति लेने गईं तो दरोगा ने रिश्वत मांगी। रिश्वत देने से मना किया तो मारपीट की।

## पुलिस के सामने दो बच्चों की मां ने थामा प्रेमी का हाथ

**पूरनपुर, अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के रहने वाले युवक का पड़ोस में रहने वाली महिला से प्रेम प्रसंग चल रहा था। मामला चर्चा में आने पर प्रेमी काम करने दिल्ली चला गया। सप्ताह भर पहले महिला भी दोनों बच्चों को लेकर दिल्ली पहुंच गई। पति ने प्रेमी के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने महिला को बच्चों सहित पकड़ लिया। महिला के प्रेमी को भी हिरासत में ले लिया। दोनों के कोतवाली पहुंचने की जानकारी लगते ही महिला का पति भी परिजनों को लेकर पहुंच गया। पुलिस के सामने ससुराल पक्ष के लोग महिला को घर ले जाने के लिए मनाते रहे। काफी देर तक मान मनौव्वल चलता रहा, लेकिन महिला नहीं मानी। उसने कोतवाली में ससुराल पक्ष और मायके वालों के सामने पति को छोड़कर प्रेमी के साथ जाने की बात कही।

# विवाद में किन्नर ने बुजुर्ग को मारे थप्पड़, मौत

संवाददाता, निघासन

**अमृत विचार:** खेत में बकरी चराने को लेकर विवाद के बाद गुस्साई किन्नर ने बुजुर्ग को थप्पड़ जड़ दिए। इससे वह मुंह के बल जमीन पर गिरे और मौत हो गई। पुलिस ने गैर इरादतन हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी किन्नर को गिरफ्तार कर लिया। थाना निघासन की पुलिस चौकी झंडी क्षेत्र के गांव बबुरी निवासी किन्नर ममता सोमवार की दोपहर बकरी चराने खेतों की तरफ गई थी।

गांव के भोला (65) पुत्र जग्गी खेत की रखवाली कर रहे थे। बकरी खेत में जाने को लेकर भोला और किन्नर के बीच विवाद होने लगा। गुस्साये किन्नर ने भोला को थप्पड़ मारने शुरू कर दिए। इससे वह मुंह के बल आरसीसी मार्ग पर गिर गए। सिर और चेहरे में गंभीर चोट आने से बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई। यह


भोला।


आरोपी किन्नर ममता।

देख किन्नर के होश उड़ गए और वह बकरी लेकर घर भाग आई। परिवार में चीख-पुकार मच गई। प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार मिश्रा मौके पर पहुंचे। उन्होंने आसपास के खेतों में काम करने वाले लोगों से घटना की जानकारी ली। मृतक के पुत्र अशोक ने आरोपी किन्नर के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है, जिस पर पुलिस ने गैर इरादतन हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर किन्नर को अदलाबाद नदी के किनारे से गिरफ्तार कर लिया। मंगलवार को आरोपी का चालान कर कोर्ट में पेश किया गया। अदालत ने उसे जेल भेज दिया।

## सार-संक्षेप

### मिट्टी की ढांग गिरने से महिला की मौत, तीन घायल

**बदायूं, अमृत विचार :** थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र की एक महिला और तीन युवतियां पीला मिट्टी लेने के लिए गांव के पास गईं। खोदाई करते समय मिट्टी की ढांग अचानक गिर गई जिसके नीचे दबकर एक महिला की मौत हो गई जबकि तीन युवतियां घायल हो गईं। मौत के बाद परिवार में कोहराम मचा है। होली का त्योहार नजदीक है। घरों पर साफ-सफाई का काम चल रहा है। गांवों में लिपाई-पुताई हो रही है। जिसके चलते थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के गांव सैंडोला निवासी सुखदेई (40) पत्नी देशराज सिंह अपने गांव निवासी ज्योति पुत्री श्योराज, निशा पुत्री चंद्रभान और आशा पुत्र दामोदर के साथ गांव के पीला मिट्टी लेने के लिए गांव के पास गई थीं। मिट्टी खोदते समय वह गड्ढा करती गईं और भीतर चली गईं। अचानक ऊपर मिट्टी की ढांग गिर गई। जिसमें महिला और युवतियां दब गईं। युवतियों ने शोर मचाया। आसपास खेल रहे बच्चों ने आवाज सुनी तो दौड़कर ग्रामीणों को सूचना दी। ग्रामीण एकत्र हो गए। तकरीबन एक घंटे की मशक्कत के बाद चारों को बाहर निकाला गया। चारों को चंदौसी के अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने सुखदेई को मृत घोषित कर दिया। ज्योति का पैर टूट गया है। निशा और आशा की हालत भी गंभीर है।

### किशोरी के अपहरण व दुष्कर्म में दोषी को उम्रकैद

**रामपुर, अमृत विचार :** किशोरी का अपहरण करके उसके साथ दुष्कर्म करने और जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करने के मामले में एडीजे छह की कोर्ट ने दोषी को उम्रकैद की सजा सुनाई। अदालत ने दोषी पर 29,000 रुपये जुर्माना भी लगाया है। मामला मिलक थाना क्षेत्र के एक गांव से जुड़ा है। यहां रहने वाला ग्रामीण पंजाब में रहकर नौकरी करता था। उसकी 15 साल की बेटी अपनी ताई के घर रहती थी। आरोप है कि 17 अगस्त 2017 को कमल नाम का युवक अपने दो साथियों के साथ उसकी 15 साल की बेटी को बहला फुसलाकर ले गया था। 21 अगस्त को ग्रामीण को इस बात की जानकारी हुई तो उसके होश उड़ गए। बताया गया कि आरोपी सोने-चांदी के जेवर भी ले गए थे। बाद में तहरीर के आधार पर पुलिस ने कमल, राम किशोर और पप्पू के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया था। पुलिस ने विवेचना के बाद कमल के खिलाफ चार्जशीट कोर्ट में दाखिल कर दी थी। इस मामले की सुनवाई एडीजे छह की कोर्ट में चल रही थी।

### बजरी लदा ट्रक पलटा, बरेली हाईवे पांच घंटे जाम

**पीलीभीत, अमृत विचार :** बजरी लदा ट्रक पलट जाने से मंगलवार को बरेली हाईवे करीब पांच घंटे जाम रहा। तीन थानों की पुलिस को जाम खुलवाने के लिए घंटों मशक्कत करने पड़ी। दोपिहया वाहन चालक तो इधर-उधर होकर किसी तरह निकल गए, लेकिन चार पहिया और बड़े वाहनों की कई किमी तक कतारें लगी रहीं। जाम में फंसे वाहनों में बैठे यात्री खासे परेशान रहे। पुलिस ने क्रेन से ट्रक हटवाकर किसी तरह जाम खुलवाया। मंगलवार सुबह करीब 10 :30 बजे बजर लदा एक ट्रक बरेली की तरफ से आया, जो जेएमबी तिराहा के पास पहुंचने पर सामने आ रहे दूसरे ट्रक को बचाने के के चक्कर में अचानक पलट गया। चालक ने ट्रक से कूदकर अपनी जान बचाई। ट्रक पलटने से बजरी का ढेर हाईवे पर फैल गया, जिससे हाईवे पर जाम लग गया। कुछ ही देर में हाईवे पर दोनों तरफ वाहनों की कतार लग गई। बड़े वाहनों की आवाजाही बढ़ते ही हालात बदतर होते चले गए। लोग जाम में फंसे तो इधर-उधर नहीं जा पाए। तीन से चार किमी तक वाहनों की कतार लग गई।

### बदमाश को शरण देने में दो महिलाओं सहित तीन गिरफ्तार

**संभल, अमृत विचार :** मुठभेड़ में घायल होने के बाद जिला अस्पताल से फरार लूट गैंग के सरगना को पुलिस नहीं पकड़ सकी है। बदमाश सरायतरीन स्थित एक घर में पहुंचा था। उसे शरण देने के आरोप में दो महिलाओं सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। ड्यूटी पर तैनात तीन पुलिसकर्मियों के खिलाफ कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। बहजोई क्षेत्र के एक गांव में लूट को अंजाम देने वाले गिरोह के सरगना गांव पाठकपुर निवासी चांद बाबू को पुलिस ने रविवार सुबह पांच बजे मुठभेड़ में गिरफ्तार किया था। पुलिस की गोली से घायल चांद को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इसकी निगरानी के लिए जिला अस्पताल में बहजोई कोतवाली के दरोगा सतेंद्र पूनिया, सिपाही पंकज मलिक व अजय कुमार को तैनात किया गया था। सोमवार को डिस्चार्ज होने के दौरान ही चांद बाबू ड्रेसिंग रूम से पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया था। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे खंगाले तो पता चला कि वह शंकर चौराहा से ई रिक्शा में बैठकर सरायतरीन गया। वहां वह मोहल्ला कोटला में एक घर पहुंचा था, यहां से वह कहीं दूसरी जगह चला गया। पुलिस ने फरार बदमाश को शरण देने के आरोप में सरायतरीन के मोहल्ला कोटला निवासी इकरार की पत्नी नाजमीन, उसके भाई इकराम की पत्नी साइन व देवर इमरान को गिरफ्तार कर लिया।

### नींद की 140 गोलियों के साथ पकड़ा युवक

**बदायूं, अमृत विचार :** थाना इस्लामनगर पुलिस ने वाहन और संदिग्ध वाहनों की चेकिंग के दौरान एक युवक को रोककर पूछताछ की। उसकी तलाशी लेने पर अल्प्राजोलम सॉल्ट के 14 पत्तों में 140 गोलियां बरामद हुईं। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज करते हुए पुलिस ने उसे जेल भेज दिया है। थाना इस्लामनगर पुलिस ने मंगलवार सुबह 10 बजकर 55 मिनट पर नगला बारह जाने वाले मार्ग पर चेकिंग के दौरान गांव चंदोई निवासी राहिद पुत्र मुन्नाखा को पकड़कर कार्रवाई की।

# मधुमक्खियों के हमले में छात्रा की जान गई, भाई हुआ घायल

संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** हयातनगर थाना क्षेत्र के गांव सीतापुरी में चारा लेने गए भाई-बहन पर जंगल में मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। इससे कक्षा तीन की छात्रा की मौत हो गई, जबकि उसका भाई घायल हो गया।

गांव सीतापुरी निवासी महीपाल की पुत्री मंशा (13) सोमवार शाम चार बजे अपने बड़े भाई मोहित के साथ आम के बाग में घास काट रही थी। तभी मधुमक्खियों ने दोनों पर हमला कर दिया। हमला होते ही मोहित चीखते चिल्लाते हुए गांव की ओर दौड़ा। लेकिन मधुमक्खियों ने मंशा को भागने का मौका नहीं दिया और उसे डंक मार-मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। वह बाग में ही बेसुध होकर गिर गई। मधुमक्खियों ने घर पहुंचने तक भी मोहित का पीछा नहीं छोड़ा। परिजनों ने आग जलाकर मोहित को उसके पास बैठाया। महीपाल की पत्नी ओमवती व उसका छोटा भाई सत्यभान मोहल्ले के लोगों के साथ आम के बाग में पहुंचे। मंशा को बचाने के लिए आग जलाकर धुएं से मधुमक्खियों को भगाने की कोशिश की। घर वाले उपचार के लिए उसे लेकर डॉक्टर के यहां पहुंचे। जहां डॉक्टर ने मंशा को मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बिना पोस्टमार्टम कराए उसका अंतिम संस्कार कर दिया है।

## छेड़छाड़ के दोषी को पांच साल की जेल

**बदायूं, अमृत विचार :** खेत पर जानवर चराने से मना करने पर छेड़छाड़ व अश्लील हरकतें करने के तीन साल पुराने मामले में विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट के न्यायाधीश सौरभ सक्सेना ने आरोपी को दोषी माना है। दोषी को पांच साल की कैद और 26 हजार रुपये जुर्माना डाला है। जुर्माना की धनराशि अदा न करने पर दोषी को तीन महीने का अतिरिक्त कारावास भोगना होगा। अभियोजन पक्ष के अनुसार दलित वादी मुकदमा ने तहरीर देकर बताया था कि 18 जनवरी 2021 दोपहर वह बरसीम लेने के लिए अपने खेत पर गई थी। उसके खेत में थाना इस्लामनगर क्षेत्र के गांव निवासी राजीव पुत्र खूबचंद अपनी बकरी चरा रहा था।

# बीड़ी पीते समय बिस्तर में लगी आग, बुजुर्ग की मौत

संवाददाता, बिल्सी

- बिल्सी के मोहल्ला पांच में सोमवार दोपहर हुआ था हादसा
- देर रात इलाज के दौरान जिला अस्पताल में तोड़ा दम

**अमृत विचार :** लकवा ग्रस्त बुजुर्ग बिस्तर पर लेटकर बीड़ी पी रहे थे। उनकी बीड़ी का चिलका बिस्तर पर गिर गया। बिस्तर में आ लग गई। बुजुर्ग गंभीर रूप से झुलस गए। धुंआ देखकर परिजन पहुंचे। बुजुर्ग को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान देर रात बुजुर्ग की मौत हो गई। परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। इस दौरान परिजनों में रोना-पीटना मचा रहा।


नौबत राम।

हादसा कोतवाली बिल्सी क्षेत्र के मोहल्ला पांच में हुआ। मोहल्ला निवासी नौबत राम (70) को कुछ दिन पहले लकवा मार गया था। वह चल फिर नहीं पाते थे और न ही बोल पाते थे। हमेशा बिस्तर पर ही लेटे रहते थे। उनके परिजनों के अनुसार सोमवार दोपहर वह लोग अपने-अपने काम में व्यस्त थे। नौबत राम कमरे में चारपाई पर लेटकर बीड़ी पी रहे थे। इसी दौरान उनका बीड़ी का चिलका बिस्तर पर गिर गया।

चिलका से बिस्तर और उनके कपड़ों में आग लग गई। कमरे से धुंआ निकला तो परिजन दौड़कर पहुंचे। नौबत राम बुरी तरह से झुलस चुके थे। परिजनों ने आग बुझाई। नौबत राम को बिल्सी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर ले गए। जहां चिकित्सकों ने उनकी हालत गंभीर बताते हुए रेफर कर दिया। परिजनों ने उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान देर रात बुजुर्ग ने दम तोड़ दिया। परिजनों ने मंगलवार को पुलिस को सूचना दी।

## सरकारी किताबें बेचने वाले लिपिक का रोका वेतन

**कुंवर गांव, अमृत विचार :** बीआरसी केंद्र पर तैनात एक लिपिक ने प्रशिक्षण के लिए आई किताबें कबाड़ में बेच दीं, जिसका वीडियो वायरल होने के बाद बीएसए ने उसका वेतन रोकते हुए विभागीय कार्रवाई की है। सालारपुर ब्लॉक में बीआरसी केंद्र पर प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को वितरण होने को आई सरकारी पुस्तकें कबाड़ी को बेचने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था।

# गन्ने के खेत में शावकों के साथ बाघिन, मारा किसानों पर झपट्टा

संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** दक्षिण खीरी वन प्रभाग के अंतर्गत वन रेंज गोला बरौंछा नाला के पास मंगलवार को गन्ने के खेत में मजदूरों पर दो शावकों के साथ बाघिन ने झपट्टा मार दिया। चीख पुकार हुई तो बाघिन एक शावक को लेकर भाग गई, जबकि दूसरा गन्ने की पताई में ही छिप गया।

वन विभाग और पुलिस की टीम पहुंच गई और दूर से शावक की निगरानी कर रही है। बांकेगंज-कुकरा मार्ग पर मलंगबाबा और कलंजरपुर के गन्ने के खेत में बाघिन ने दो शावकों को जन्म दिया। मंगलवार सुबह करीब नौ बजे हरदुआ गांव निवासी मुलहे अपने परिवार और मजदूरों के साथ गन्ने का बीज छील रहे थे। इतने में दोनों शावकों के साथ बाघिन निकल आई और मजदूर पर झपट्टा मार दिया।

इससे भगदड़ मच गई। मजदूरों के शोर मचाने पर बाघिन एक शावक को लेकर चली गई, जबकि दूसरा शावक वहीं रह गया। शावक खेत की मेड़ पर गन्ने की सूखी पताई में


गन्ने के खेत में बैठा शावक।

- किसी ने छू लिया तो शावक का परित्याग कर सकती है बाघिन
- बीज के लिए खेत में गन्ना छील रहा था किसान का परिवार

छिप गया। वन रेंज मैलानी की वन चौकी जटपुरा, सलेमपुर के फॉरेस्टर ठाकुर अखिलेश सिंह ने वनकर्मियों मुशर्रफ अली, अनीस अहमद, रामसिंह, मेवालाल और वन रेंज गोला के फारेस्टर अंकित कुमार, फॉरेस्ट गार्ड अफजल खान, शैलेंद्र कुमार, वन दरोगा रामनरेश ने शावक की निगरानी शुरू कर दी। कुकरा पुलिस चौकी प्रभारी केके यादव ने लोगों को शावक से दूर रहने की हिदायत दी।

इस संबंध में गोला के रेंजर संजीव कुमार तिवारी का कहना है कि शावक को किसी ने छू लिया तो बाघिन उसका त्याग कर सकती है। इसलिए ग्रामीणों को खेत से दूर रहने के लिए कहा गया है। एक शावक के साथ बाघिन पास ही गन्ने के खेतों में मौजूद है। शावक के बिछड़ जाने से वह लगातार गुर्रा रही है। इससे वह कभी भी हमला कर सकती है। किसी को खतरा न हो इसके लिए पूरी चौकसी बरती जा रही है।

## उत्तराखंड

## नैनीताल में लगातार बढ़ रहा तापमान

**नैनीताल, अमृत विचार :** बदलते मौसम के लिए मशहूर नैनीताल में हालात अब पहले जैसे नहीं रहे। देश-दुनिया की तरह यहां का मौसम भी ग्लोबल वार्मिंग की वजह से प्रभावित हुआ है। नैनीताल में चार साल से बारिश और बर्फबारी लगातार कम हुई है और तापमान तेजी से बढ़ा है। वैज्ञानिकों की मानें तो हर पांच साल में 02 डिग्री तक शहर का तापमान बढ़ रहा है। आर्य भट्ट प्रेक्षण विज्ञान एवं शोध संस्थान (एरीज) के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक डॉ. नरेंद्र सिंह कहते हैं कि बीते सालों में ग्लोबल वार्मिंग से सर्दियों में पहाड़ों का अधिकतम तापमान हर साल बढ़ रहा है। नैनीताल में ही पिछले कुछ साल में तापमान में लगातार वृद्धि दर्ज की गई है जबकि बारिश और बर्फबारी में कमी आ रही है। मौसम वैज्ञानिक भी इस बात को लेकर चिंतित हैं।

# कोर्ट के आदेश पर भाजपा नेत्री के खिलाफ कई धाराओं में रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, पंतनगर

- कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**अमृत विचार:** विवि परिसर निवासी एक महिला ने भाजपा नेत्री पर सूदखोरी के नाम पर जेवर हड़पने, अभद्रता करने सहित जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने भाजपा नेत्री के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर लिया है।

टा-कालोनी पंतनगर निवासी वर्षा रानी पत्नी संदीप कुमार ने कोर्ट में तहरीर देकर कहा कि उसकी नानी को कैंसर की बीमारी हो गई थी। उनके ईलाज के लिए उसने विवि कर्मी अजीत कुमार से दो लाख रुपये 10 प्रतिशत ब्याज पर लिए थे। जिसके एवज में अजीत ने ब्लैंक चेक, जमीन की रजिस्ट्री व दाखिल खारिज के पेपर रख लिए। उसने धीरे-धीरे अजीत को रुपये वापस कर दिए, लेकिन अजीत ब्लैंक चेक में मनमाफिक धनराशि भर बैंक में लगाकर आवश्यकता से अधिक ब्याज की वसूली करता रहा। जिसकी सूचना पुलिस को देने पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार क र जेल भेज दिया था। अजीत ने ब्लैकमेल करने के लिए अपने पडोस में रहने वाली (भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष पंतनगर मंडल) पिंकी डिमरी, जो कि ब्याज पर पैसे देती है, उससे एक लाख 15 हजार रुपये दस प्रतिशत ब्याज पर लेकर अजीम को दे दिए। उन्होंने भी रुपये ब्याज पर देते समय उसके कीमती गहने और सात ब्लैंक चेक रख लिए। साथ ही ब्लैंक स्टांप पेपर पर भी दस्तखत कराए। उसने ब्याज पर लिए पैसे ब्याज सहित एक लाख 85 हजार रुपये पिंकी के बताए अनुसार उसके पुत्र हिमांशु डिमरी के खाते में जमा करा दिए। इसके बाद जब उसने पिंकी से अपने गहने, स्टांप व ब्लैंक चेक वापस मांगे तो पिंकी उससे गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देने लगी। कहा कि वह उसके ब्लैंक चेक बैंक में लगाकर उस पर झूठा मुकदमे करेगी। उसने थाने सहित एसएसपी से शिकायत की, लेकिन उसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई।

## नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**रुद्रपुर, अमृत विचार :** डेढ़ माह पहले नाबालिग को बहला फुसलाकर साथ ले जाने और उसके साथ दुष्कर्म करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है। थानाध्यक्ष ट्रांजिट कैंप भारत सिंह ने बताया कि थाना इलाके की रहने वाली एक महिला ने यहीं के रहने वाले एक युवक पर उसकी नाबालिग बेटी को बहला फुसलाकर 31 जनवरी की शाम को साथ ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने मामले की जांच की तो पता चला कि जेपी नगर फुलसुंगा निवासी अरुण वर्मा नाबालिग को साथ ले गया और उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही थी। सोमवार को आरोपी थाना इलाके में देखा गया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया।

# शादीशुदा प्रेमी जोड़े ने खाया जहर

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** प्रेमी की पत्नी आड़े आई तो प्रेमी ने अपने ही घर पर प्रेमिका के साथ जहर खा लिया। दोनों को डा. सुशीला तिवारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां प्रेमिका की मौत हो गई। जबकि प्रेमी का उपचार जारी है। प्रेमिका के पति की तहरीर पर बनभूलपुरा थाना पुलिस ने प्रेमी, प्रेमी की पत्नी व एक अन्य महिला के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

सावित्री कालोनी बनभूलपुरा निवासी राजेश गुप्ता अपनी पत्नी लता और तीन बच्चों के साथ रहता है। पुलिस के मुताबिक राजेश की पत्नी लता का क्षेत्र के ही रहने वाले दो बच्चों के पिता वसीम से प्रेम-प्रसंग चल रहा था।



- प्रेमिका की मौत, प्रेमी अस्पताल में भर्ती, हालत खतरे से बाहर
- प्रेमी, प्रेमी की पत्नी व एक अन्य महिला पर मुकदमा

आरोप है कि रविवार को वसीम की पत्नी फिरदौस अपनी एक महिला साथी के साथ राजेश के घर पहुंची और लता को जबरन अपने घर ले गई। जहां उसके साथ मारपीट की गई। वसीम भी वहीं मौजूद था। वसीम पत्नी को तलाक देकर लता के साथ रहने की जिद्द पर अड़ा था।

परिवार के विरोध के बीच वसीम और लता ने जहर खा लिया। हालत बिगड़ने पर फिरदौस दोनों को एसटीएच लेकर पहुंची। जहां उपचार के दौरान लता की मौत हो गई। जबकि वसीम की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। इधर, मृतका के पति राजेश ने वसीम, वसीम की पत्नी फिरदौस व एक अन्य महिला के खिलाफ तहरीर दी। बनभूलपुरा एसओ नीरज भाकुनी ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। लता के तीन और वसीम के दो बच्चे हैं। मामला खासा चर्चा का विषय बना हुआ है।

## गोल्फ कोर्स भूमि मामले में यथास्थिति के निर्देश

**नैनीताल, एजेंसी :** उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने हरिद्वार के औद्योगिक आस्थान (सिडकुल) में गोल्फ कोर्स के लिये प्रस्तावित लगभग 78 एकड़ भूमि पर आवासीय कालोनी बनाये जाने के मामले में सुनवाई करते हुए मंगलवार को यथास्थिति बनाए रखने के निर्देश जारी कर दिए।

मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी और न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की युगलपीठ ने हरिद्वार निवासी अरूण कुमार की ओर से दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए ये निर्देश जारी किए। अदालत ने सिडकुल को गोल्फ कोर्स के लिए वैकल्पिक भूमि के बारे में भी 22 मई तक जवाब देने को कहा है। सिडकुल की ओर कहा गया कि गोल्फ कोर्स के लिए प्रस्तावित 78 एकड़ भूमि पर आवासीय कालोनी बनाए जाने का प्रस्ताव है। दूसरी याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि औद्योगिक नीति के अनुसार पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिये प्रत्येक सिडकुल में ग्रीन बेल्ट का प्रावधान किया जाना आवश्यक है। पीठ ने अंत में यथास्थिति बनाए रखने के निर्देश दिए हैं।

# घर-आंगन में लौट रही गौरैया की चहचहाहट

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** एकदम से फुर्र हो चुकी गौरैया की संख्या में बढ़ोतरी हुई है लेकिन इनकी संख्या वास्तव में कितनी बढ़ी है, अभी इसे लेकर कोई सर्वे नहीं किया गया है।

गौरैया संरक्षण में जुटे लोगों के चेहरे पर खुशी दिखती है और वे यह बताते हुए गर्व महसूस करते हैं कि गौरैया की एकदम से कम हो चुकी संख्या अब बढ़ चुकी है। उनका कहना है कि वर्ष 2005 तक गौरैया की संख्या सिमटकर 20 प्रतिशत रह गई थी लेकिन अब इसमें काफी हद तक सुधार हुआ और अब इनकी गिनती के लिए सरकार सर्वे करा रही है। स्पैरो मैन गुलाब सिंह नेगी ने अलकनंदा कॉलोनी, बरेली रोड स्थित अपने घर पर पक्षियों आदि के लिए एक विशेष बाग तैयार किया है। लोगों में आई जागरूकता की वजह से बीते सालों में गौरैया की संख्या बढ़ी है।



### जागरूकता आई, जानकारी का अभाव

गौरैया संरक्षण को लेकर लोगों में जागरूकता आई है लेकिन जानकारी के अभाव में वे कई गलतियां कर जाते हैं। लोग अपने घरों में घोंसले लगाते हैं लेकिन उनके आकार आदि का ध्यान नहीं रखते हैं। स्पैरो मैन बताते हैं कि बाजार में बिकने वाले ज्यादातर घोंसलों का साइट छोटा होता है, जबकि घोंसले की लंबाई व चौड़ाई 6x6 इंच और ऊंचाई 9 इंच होनी चाहिए। उनके मुताबिक, गौरैया एक बार में तीन-चार अंडे देती है, जिसमें दो-तीन बच्चे निकलते हैं। मां और तीन बच्चों के बैठने के हिसाब से घोंसले का आकार थोड़ा बड़ा होना चाहिए। उन्होंने बताया कि गौरैया फरवरी-मार्च में घोंसला बनाती और जून तक इसमें रहती है। उन्होंने बताया कि गौरैया के चले जाने के बाद लोगों को उसके घोंसले की सफाई करनी होती है लेकिन बाजार के घोंसले चारों ओर से बंद रहते हैं।

## 1.10 किलोग्राम चरस के साथ पकड़ा गया तस्कर

**रुद्रपुर, अमृत विचार :** थाना ट्रांजिट कैंप पुलिस, एसओजी और एएनटीएफ की टीम ने चेकिंग के दौरान एक कार सवार को भारी मात्रा में चरस के साथ गिरफ्तार किया है। बरामद चरस की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 5 लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस का मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है।

मंगलवार को मामले का खुलासा करते हुए एसपी क्राइम चंद्रशेखर घोडके, एसपी सिटी मनोज कत्याल ने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस और एसओजी टीम अटरिया मार्ग पर वाहन चेकिंग कर रही थी। तभी सूचना मिली की कार संख्या यूके-04 एजी-5465 से भारी मात्रा में चरस की तस्करी की जा रही है। सूचना के आधार पर टीम ने चेकिंग अभियान को तेज कर दिया। कार चालक पुलिस को देखकर भागने की कोशिश करने लगा। जिस पर टीम ने घेराबंदी कर वाहन को घेर लिया और चालक को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम अक्षत प्रसाद उर्फ कमल निवासी ग्राम मजूली पहाड़पानी थाना मुक्तेश्वर (नैनीताल) बताया।

# सरकार न नीति बनाएगी न करेगी नियुक्ति और नया कार्य

## आचार संहिता के दौरान सरकारों को खास गाइड लाइन पर शासनिक कार्य करने का निर्देश

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

**अमृत विचार :** भारत निर्वाचन आयोग ने चुनावी अवधि के दौरान निष्पक्षता, पारदर्शिता और गैर-पक्षपातपूर्णता के सिद्धांतों का पालन कराने के लिए खास गाइड लाइन भेजी है। इस दौरान सरकार को नीति बनाने और नियुक्ति-प्रतिनियुक्ति, नए कार्य और घोषणाओं के जरिए मतदाताओं को प्रभावित करने वाले सभी कार्यों से 4 जून तक रोका गया है। यदि चुनावी आचार संहिता के दौरान किसी तरह की नीति संबंधी एलान जरूरी है, तो राज्य या केंद्र सरकार को चुनाव आयोग से अनुमति लेनी होगी।

लोकसभा की चुनावी आचार संहिता 16 मार्च से लागू हो गई है। यह 4 जून तक प्रभावी रहेगी। लोकसभा चुनाव 19 अप्रैल से 1 जून के बीच 7 चरणों में होना है। आचार संहिता लागू होने के बाद अब देशभर से शासनिक-



प्रशासनिक अधिकारी की सत्तादल के लिए पक्षपात करने समेत मंत्रियों को लेकर मतदाता को प्रभावित करने की आशंकाओं की तमाम शिकायतें शुरू हो गई है। निर्वाचन आयोग की ओर से इसी परिप्रेक्ष्य में मुख्यमंत्री के सचिव का काम देखते हुए गृह विभाग का मुखिया बने छह राज्यों के आईएएस अफसरों से गृह विभाग वापस लेकर संदेश भी दिया गया है। यही नहीं पं बंगाल के डीजीपी को बदलने के बाद भी पैनल में शामिल जिस अधिकारी की नियुक्ति हुई, उसके खिलाफ राज्य सरकार के लिए मतदान प्रभावित करने की शिकायतों पर फिर बदलाव करना पड़ा।

दरअसल, चुनावी आचार संहिता मौजूदा सरकारी गतिविधियों पर किसी तरह की रोक नहीं लगाती है, लेकिन किसी तरह के नए एलान या नई नीति के लिए नई सरकार के गठन तक इंतजार करना पड़ेगा। भले ही किसी विशिष्ट योजना के लिए बजट प्रावधान आवंटित किया गया हो या उसे पहले ही मंजूरी दे दी गई हो, चुनाव अवधि के दौरान घोषणा या उद्घाटन निषिद्ध है। आपातकालीन या अप्रत्याशित आपदाओं से निपटने के लिए, जैसे कि सूखा, बाढ़, महामारी या अन्य प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित लोगों को राहत प्रदान करना, साथ ही वृद्धों और अशक्तों के लिए कल्याणकारी उपायों को लागू करने को लेकर सरकार चुनाव से पूर्व अनुमोदन के साथ ही पहल कर सकती है।

गेहूं और अन्य कृषि उत्पादों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित करने के मामले में कोई भी निर्णय लेने से पहले चुनाव आयोग से परामर्श किया जाना जरूरी है। यह एहतियाती कदम यह सुनिश्चित करता है कि ऐसे महत्वपूर्ण आर्थिक निर्णय चुनावी विचारों से प्रभावित न हों। चुनावी प्रक्रिया की अखंडता बनाए रखने के लिए चुनावों की घोषणा होने के बाद मंत्रियों और अन्य अधिकारियों को विवेकाधीन निधि से अनुदान या भुगतान को मंजूरी देने से प्रतिबंधित किया गया है। इसके अतिरिक्त किसी भी योजना के लिए सांसदों/विधायकों/एमएलसी स्थानीय क्षेत्र विकास निधि के तहत धन जारी करना चुनावी प्रक्रिया पूरी होने तक निलंबित है। इन उपायों का उद्देश्य चुनावी अवधि के दौरान निष्पक्षता, पारदर्शिता और गैर-पक्षपातपूर्णता के सिद्धांतों को बनाए रखना है।

### सरकारों के लिए खास दिशानिर्देश

आयोग के नियमों के मुताबिक मंत्रियों और अन्य अथॉरिटी को किसी तरह के फाइनेंशियल ग्रांट की घोषणा करने या ऐसा कोई वादा करने की अनुमति नहीं होती है। मंत्री और अन्य अथॉरिटी विवेकाधीन फंड से किसी तरह के ग्रांट/भुगतान की मंजूरी नहीं देंगे। अधिकारियों को छोड़कर मंत्री या अन्य अथॉरिटी किसी भी तरह की परियोजना की आधारशिला नहीं रखेंगे। वे विकास से जुड़ी किसी भी परियोजना को शुरू नहीं कर सकते, मसलन सड़कों का निर्माण, पेय जल सुविधाओं आदि। सरकार या पब्लिक सेक्टर इकाइयों में तात्कालिक आधार पर किसी भी तरह की नियुक्ति की अनुमति नहीं होगी, इसके जरिये मतदाताओं को प्रभावित किया जा सकता है।

### ऑनलाइन अनुरोध की सुविधा

पहले पिछले चुनावों में नियमों में ढील और आचार संहिता उल्लंघन के सभी मामले मैन्युअल तरीके से देखे जाते थे, जिसमें बहुत ज्यादा वक्त लगता था। लेकिन 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान इन अनुमतियों की प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए विशेष पोर्टल बनाया गया। केंद्र या राज्य सरकार के मंत्रालय या विभाग सीधे तौर पर ऑनलाइन अनुरोध कर सकते हैं।

## बांकेबिहारी मन्दिर के बाहर तीर्थयात्री की हुई मौत

**मथुरा, एजेंसी :** यहां बांकेबिहारी मन्दिर के चबूतरे पर बैठे एक तीर्थयात्री की मंगलवार को दिल का दौरा पड़ने से मृत्यु हो गयी। मन्दिर में दर्शन करने के बाद मुम्बई निवासी सुनील (68) मंदिर से बाहर निकल आया और बाहर बने चबूतरे पर बैठ गया । वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेष कुमार पाण्डे ने बताया कि जब वह कराहने लगा तो वहीं मौजूद पुलिसकर्मी ने आनन-फानन में चिकित्सक को बुलाया तथा उसे एक एम्बुलैंस से सौ शैया अस्पताल ले गए। अस्पताल के चिकित्सकों ने उसे मृत बताया तथा यह भी बताया कि उसकी मौत दिल का दौरा पड़ने से हुई है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने इस संबंध में सोशल मीडिया में प्रसारित खबर का खण्डन किया है और कहा कि उसकी मृत्यु मन्दिर के अन्दर नहीं हुई है जैसा सोशल मीडिया में प्रसारित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सुनील मंदिर में दर्शन करके बाहर आ गया था क्योंकि उसके सीने में दर्द होने लगा था जिसके कारण वह मन्दिर के बाहर बने चबूतरे पर बैठ गया था।

## नन्दगांव की होली में हुए द्वापर के दर्शन



**मथुरा।** बरसाने की लट्ठमार होली की कड़ी में मंगलवार को नन्दगांव में खेली गई लट्ठमार होली में द्वापर के दर्शन कर श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। दोपहर बाद जब बरसाने के हुरिहार नन्दगांव होली खेलने के लिए पहुंचे तो यशोदा कुण्ड पर उनका स्वागत भांग और ठंढाई से किया गया। लगभग दो धंटे चली लट्ठमार होली में हुरिहार नया लंहगा और फरिया पहने नन्दगांव की गोपियों पर रंग डालकर उनके नये वस्त्र खराब करने की कोशिश कर रहे थे तो गोपियां घूंघट में उचक -उचक कर हुरिहारों पर लाठियों की वर्षा कर रही थीं और हुरिहार चमड़े की ढालों पर उसे रोक रहे थे। एक गोपी दूसरी गोपी से हुरिहारों की शिकायत कर रही थी और कह रही थी ऐसो चटक रंग डारो श्याम मेरी चूनर में लग गयो दाग री। हुरिहारों ने आज बिरज में होरी रे रसिया का गायन कर होली को जीवन्त कर दिया।

## मैनपुरी के अफसरों पर चुनाव आयोग कर सकता है कार्रवाई

**लखनऊ, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी की शिकायत पर मैनपुरी में तैनात पुलिस व प्रशासन के अफसरों पर कार्रवाई होने की संभावना है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने सपा की ओर से दिए गए शिकायती पत्र को भारत निर्वाचन आयोग भेज दिया है। सपा ने बीते दिन अपने शिकायती पत्र में राज्य सरकार पर मैनपुरी में चुनाव को प्रभावित करने की कोशिश का आरोप लगाया था। साथ ही, प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष व निर्भीक चुनाव की दृष्टि से मैनपुरी से जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण, अपर जिलाधिकारी रामजी मिश्रा, उप जिलाधिकारी संध्या शर्मा, पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार, क्षेत्राधिकारी करहल संतोष कुमार, प्रभारी निरीक्षक करहल ललित भाटी व एसएसआई थाना किशनी मैनपुरी अंकित कुमार को तत्काल जिले से बाहर स्थानांतरित करने की मांग की थी।

## बारातियों की कार डंपर में घुसी, 3 लोगों की मौत

- मृतकों में दूल्हे का मामा भी शामिल एक घायल अस्पताल में भर्ती

संवाददाता, छिबरामऊ-कन्नौज

**अमृत विचार :** छिबरामऊ-फर्रुखाबाद रोड पर काली नदी पुल के पास सोमवार रात एक बजे बारातियों से भरी कार रोड के किनारे खड़े डंपर में पीछे से घुस गई। हादसे में दूल्हे के मामा व कार चालक समेत तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। एक युवक घायल हुआ है, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे के बाद डंपर चालक फरार हो गया।

तालग्राम थाना क्षेत्र के ग्राम पलिया बूंचपुर से तिलक सिंह शाक्य के बेटे प्रवीण की बारात सोमवार की शाम फर्रुखाबाद के सातनपुर मंडी गांव में गई थी। देर रात कुछ बाराती कार से घर लौट रहे थे। फर्रुखाबाद-छिबरामऊ मार्ग पर काली नदी पुल के पास चालक को झपकी आने से एक कार रोड के किनारे खड़े डंपर में घुस गई। हादसे में छिबरामऊ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कसावा निवासी कार चालक रामखेलावन, ग्राम बूंचपुर निवासी रामजीत प्रजापति तथा दूल्हे के मामा मोहकमपुर निवासी अनमोल शाक्य की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में शिवम शाक्य गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। घटनास्थल फर्रुखाबाद जिले के थाना जहानगंज के अंतर्गत आता है, इसलिए रिपोर्ट वहीं दर्ज की जाएगी।

## सार-संक्षेप

### बकाया भुगतान को मंदिरों के अदालत का दरवाजा खटखटाना दुखदः हाईकोर्ट

**विधि संवाददाता, प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने ठाकुर रंगी जी महाराज विराजमान मंदिर, वृंदावन और आठ अन्य मंदिरों की पिछले 4 वर्षों से रोकी गई अनन्युटी (वार्षिकी) के मामले में आयुक्त/ सचिव, राजस्व बोर्ड उत्तर प्रदेश को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने अपने आदेश में आगे कहा कि यह चिंता का विषय है की मंदिरों और ट्रस्टों को राज्य सरकार से अपना बकाया जारी करने के लिए कोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ता है, जो कि राज्य के खजाने से स्वचालित रूप से मंदिर के खाते में प्रवाहित होना चाहिए था। यह एक वार्षिक सुविधा है और संबंधित अधिकारी को मंदिर की वार्षिकी जारी करने के लिए आवश्यक व्यवस्था करनी चाहिए थी। उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल की एकल पीठ ने याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया। इसके अलावा कोर्ट ने उचित कार्रवाई के लिए मामले को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष रखने का भी निर्देश दिया है। कोर्ट ने याचिका पर तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा कि मथुरा के जिला मजिस्ट्रेट द्वारा लखनऊ में विशेष सचिव, उत्तर प्रदेश सरकार को लिखा गया पत्र इस बात का सूचक है कि लखनऊ में बैठे अधिकारी को ट्रस्टों और मंदिरों की अनन्युटी (वार्षिकी) जारी करने की कोई परवाह नहीं है। मुकदमे की अगली सुनवाई आगामी 20 मार्च को सुनिश्चित की गई है।

### महंत नरेंद्र गिरी मामले में रवींद्र पुरी के बयान दर्ज

**विधि संवाददाता, प्रयागराज :** अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत नरेंद्र गिरी की आत्महत्या के मामले में गवाह अखाड़ा परिषद के वर्तमान रविंद्र पुरी का बयान न्यायालय में दर्ज किया गया। इस दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से उन्हें महंत नरेंद्र गिरी की आवाज की ऑडियो कैसेट सुनाई गई तथा वीडियो फुटेज भी दिखाई गई जिसकी रवींद्र पुरी ने शिनाख्त की। वर्तमान कार्यवाही अपर सत्र न्यायाधीश राम प्रताप सिंह राणा के न्यायालय कक्ष में चल रही है। न्यायालय के समक्ष एडीजीसी हरिनारायण शुक्ला एवं भानु प्रताप सिंह, वहीं दूसरी तरफ सीबीआई के विशेष अधिवक्ता तथा आरोपितों के अधिवक्ता आदि उपस्थित रहे।

### होली में जिलों में तैनात होंगी 50 कंपनी पीएसी

**लखनऊ, अमृत विचार :** 25 मार्च को होने वाले होली त्योहार के मद्देनजर पुलिस विभाग अलर्ट हो गया है। कोई हुड़दंग या फिर दंगा न हो इसके लिए प्रदेश के लगभग सभी जिलों में पीएसी भेजी जा रही है। अधिकारियों के मुताबिक जिलों में पीएसी 22 मार्च से 27 मार्च तक तैनात रहेंगी। होली के उपलक्ष्य में शांति व्यसवथा भंग होने की आशंका के मद्देनजर यह निर्णय लिया गया है। पुलिस मुख्यालय ने जिलों में 50 कंपनी पीएसी तैनात करने का निर्णय लिया है। किस जिले में कितने जवान जाएंगे इसकी रूपरेखा भी तैयार कर ली गई है। अधिकारियों के मुताबिक 22 मार्च की सुबह पीएसी के जवान जिलों में तैनात हो जाएंगे। जवानों की वापसी 28 मार्च को होगी।

### ग्राहकों से प्रत्याशियों के पक्ष में चर्चा करना न भूलें

**लखनऊ, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि, लोकसभा चुनाव में व्यापारी वर्ग अपनी दुकानदारी करते हुए भी बाजार में ग्राहकों से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशियों के पक्ष में चर्चा करना न भूलें। देश में लोकतंत्र, संविधान और आजादी को बचाना है। अखिलेश यादव मंगलवार को पार्टी मुख्यालय लखनऊ के डॉ. राममनोहर लोहिया सभागार में समाजवादी व्यापार सभा की बैठक को संबोधित कर रहे थे। इस बैठक में एकमत से बूथस्तर तक अपनी भूमिका तय करते हुए लोकसभा चुनाव 2024 में संकल्प लिया गया कि पीडीए की विचारधारा पर आधारित इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों को विजयी बनाने में व्यापारी कसर नहीं छोड़ेंगे। बैठक में अखिलेश यादव ने दानदाता भामाशाह के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया। बैठक की अध्यक्षता व्यापार सभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जायसवाल ने की और कार्यक्रम का संचालन अभिमन्यु गुप्ता ने किया।

## वसीम बरेलवी समेत 13 सुप्रसिद्ध शायर अयोध्या में करेंगे अदब-ए-श्रीराम

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** उ.प्र.संस्कृति एवं पर्यटन विभाग द्वारा अयोध्या में चल रहे रामोत्सव के तुलसी उद्यान मंच पर 22 मार्च को सायं 6 बजे से एक बड़ा मुशायरा होगा। इसमें देश के प्रसिद्ध शायर प्रभु राम द्वारा स्थापित आदर्शों को अपनी शायरी में प्रस्तुत करेंगे, अदब व मुशायरे की इस महफ़िल को अदब-ए-श्रीराम नाम दिया गया है।



मशहूर शायर प्रोफेसर वसीम बरेलवी की अध्यक्षता में शायरा अंजुम रहबर, फ़हमी बदायूनी, फ़रहत एहसास, शकील आज़मी, मासूम ग़ाज़ियाबादी, मदन मोहन दानिश, शारिक़ कैफ़ी, दीक्षित दनकौरी, अज़हर इक़बाल, मनीष शुक्ल, चराग़ शर्मा और श्वेता श्रीवास्तव अज़ल अपनी प्रस्तुति से मंच की रौनक बढ़ाएंगे।

### आलोक श्रीवास्तव एकल काव्यपाठ करेंगे

शब्द और स्वर समागम कार्यक्रम में इसी मंच पर 21 मार्च को सायं 6 बजे जाने माने गीतकार आलोक श्रीवास्तव एकल काव्यपाठ करेंगे। उसके बाद प्रसिद्ध गायिका चिन्मयी त्रिपाठी और गायक जोएल मुखर्जी अपने स्वर का जादू चलाएंगे। आलोक श्रीवास्तव की कविताओं को अभिनेता अमिताभ बच्चन, अभिनेता आशुतोष राणा, गायक पंकज उदास सहित कई नामचीन हस्तियों का स्वर मिल चुका है।

## गृहमंत्री अमित शाह के मामले में सुनवाई टली

**सुलतानपुर, अमृत विचार:** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह व दो अन्य के खिलाफ दायर मानहानि केस में मंगलवार वकीलों के प्रस्ताव के कारण तलबी बहस नही हो सकी। कोर्ट में अगली नियत तारीख पर मामले में तलबी बहस होगी । दायर परिवाद में परिवादी व उसके दो गवाहों की गवाही हो चुकी है । यूथ कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष वरुण मिश्र ने गृहमंत्री अमित शाह , पूर्व जिला पंचायत सदस्य अजय जायसवाल और विनय मालवीय के खिलाफ 22 फरवरी 2018 को कोर्ट में परिवाद दायर किया था। परिवादी का आरोप है कि गृहमंत्री अमित शाह ने 10 जून 2017 को छत्तीसगढ़ में महात्मा गांधी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी।

## संपर्कक्रांति दुर्घटनाग्रस्त होते बची, हटाया गया कोच

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार :** कोच में धुरा जाम होने से चिंगारी उठने पर नई दिल्ली से दरभंगा जा रही 12566 बिहार संपर्कक्रांति एक्सप्रेस मंगलवार को दुर्घटनाग्रस्त होने से बच गई। धुरा जाम (हॉट एक्सल) देख गैंगमैन की सूचना पर ट्रेन को टूंडला स्टेशन पर रोका गया। परीक्षण के बाद एसी टू कोच को ट्रेन से अलग किया गया। यात्रियों को थर्ड एसी कोच में शिफ्ट कराकर कानपुर रवाना किया गया। सेकेंड एसी कोच के यात्रियों के हंगामा करने पर कानपुर सेंट्रल पर ट्रेन रोकी गई। रिजर्व लाइन से दूसरा सेकेंड एसी कोच मंगवाकर जोड़ा गया। इस चक्कर में सेंट्रल पर करीब पौन घंटे ट्रेन खड़ी रही। जांच के आदेश दिए गए हैं।

बिहार संपर्कक्रांति एक्सप्रेस मंगलवार दोपहर टूंडला स्टेशन पहुंचने वाली थी, तभी सेकेंड एसी कोच से चिंगारी उठने लगीं। गैंगमैन की नजर चिंगारी पर पड़ी तो उसने अधिकारियों को सूचना दी। इसके बाद ट्रेन को टूंडला स्टेशन पर बिना स्टापेज के रोका गया। कोच चेक करने पर पता चला कि सेकेंड एसी कोच का धुरा जाम है। इस पर कोच हटाकर यात्रियों को बी-वन कोच में शिफ्ट कराया गया। इस चक्कर में ट्रेन टूंडला से ढाई घंटे विलंब से चल सकी।

इधर हटाए गए कोच के यात्रियों को शिफ्ट तो किया गया, मगर दिक्कत होने पर यात्री हो-हल्ला करने लगे। रात 9:10 बजे सेंट्रल के प्लेटफार्म नंबर आठ पर ट्रेन पहुंची। यहां पहले से प्लेटफार्म पर मौजूद एसीएम संतोष कुमार त्रिपाठी ने फोर्स और चेकिंग दल बुलाकर यात्रियों को थर्ड एसी और अन्य कूपों से नीचे उतरवाया।

## वर्ग पहेली-15

**बाएं से दाएं**

1. एक वजनी धातु जो मटमैले रंग की होती है, (लेड)।

3. 1. (पुराण) दुर्गा का एक रूप

6. काशी की परिक्रमा जिसमें पांच पड़ाव हैं- कंदवा

7. 1. मकड़ी द्वारा बनाया गया जाला 2. जाल, जंजाल 3. किसी के द्वारा किया गया षड्यंत्र, साजिश, फ़रेब।

9. 1. पंथ, संप्रदाय 2. जमात, समुदाय 3. वर्ग 4. गुट, दल, गिरोह, जत्था 5. जाति।

10. 1. शनि नामक ग्रह, शनैश्चर 2. (ज्योतिष) एक देवता 3. शनिवार 4. जिसके आने से कार्य में व्यवधान उत्पन्न होता हो।

**ऊपर से नीचे**


2. 1. (काव्यशास्त्र) आर्या छंद का तेइसवां भेद जिसमें पांच गुरु और अड़तालीस लघु मात्राएं होती हैं 2. मादा सारस पक्षी।

4. 1. चमकीला, जिसमें ख़ूब चमक-दमक हो, भड़कीला 2. अलंकृत, शब्दाडंबरपूर्ण।

5. 1. जो चलायमान या गतिशील हो, चपल, जिसमें स्थायित्व न हो 2. जो किसी एक स्थिति या एक स्थान पर न रहता हो, जो स्थिर न हो

6. पंजाब राज्य की भाषा।

8. 1. पूछने वाला व्यक्ति 2. आदर करने वाला व्यक्ति 3. देखरेख या ख़ोज-ख़बर लेने वाला व्यक्ति।



### वर्ग पहेली -14 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 रो | 2 मि | 3 ल | ■ | 4 ब | ■ |
| 5 रू | ■ | 6 स | ट | क | ना | ■ |
| ह | ■ | ■ | के | ■ | ना | ■ |
| ■ | 7 स | 8 ज़ी | दा | ■ | ■ | 9 घ |
| ■ | ■ | 10 न | र | मा | ह | ट |
| 11 पू | जि | त | ■ | ■ | ■ | वा |
| ■ | ■ | ■ | 12 ब | रा | ब | र |

## सुडोकू-94

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | 9 | | 2 | | 3 | |
| | 3 | | | | | | | 9 |
| | | 8 | | | | 5 | 4 | |
| 6 | | 2 | | 8 | | 3 | | |
| | | 1 | | | 3 | 9 | | |
| | | 4 | | 7 | | | | 2 |
| 5 | 8 | | | | | 2 | | |
| 7 | | | | | | | 1 | |
| | 1 | | 3 | | 6 | 4 | | |

### सुडोकू -93 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 3 | 2 | 6 | 9 | 5 | 4 | 7 | 8 |
| 9 | 7 | 4 | 3 | 8 | 1 | 5 | 6 | 2 |
| 8 | 6 | 5 | 7 | 4 | 2 | 9 | 3 | 1 |
| 3 | 5 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 2 | 4 |
| 6 | 4 | 8 | 2 | 1 | 3 | 7 | 9 | 5 |
| 2 | 1 | 7 | 9 | 5 | 4 | 6 | 8 | 3 |
| 7 | 8 | 1 | 5 | 3 | 6 | 2 | 4 | 9 |
| 4 | 2 | 3 | 1 | 7 | 9 | 8 | 5 | 6 |
| 5 | 9 | 6 | 4 | 2 | 8 | 3 | 1 | 7 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 20 मार्च, बुधवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-एकादशी 21 मार्च 02.22 तक तत्पश्चात द्वादशी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुम्भ।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-पुष्य 22.38 तक तत्पश्चात अश्लेशा।

**मेष** – आज अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए। किसी काम को करने में जल्दबाज़ी न करें। आपकी योजनाओं में अचानक बदलाव आने से काम बिगड़ सकते हैं। शरीर में कोई समस्या या कमजोरी महसूस हों तो चिकित्सकीय परामर्श अवश्य लें।

**वृष** – आज आपको व्यापार में बड़ा आर्थिक लाभ हो सकता है। जीवनसाथी के साथ आपके संबंध मधुर होंगे। आपका आत्मविश्वास पहले से मजबूत होगा। अपने बुद्धि-विवेक और कौशल का परिचय देंगे। अनावश्यक खर्चों में नियंत्रण पा लेंगे।

**मिथुन** – आज प्रशासन से जुड़े लोगों को उच्च पद प्राप्त हो सकता है। फाइनेन्स को लेकर स्थिति मजबूत होगी। घर-परिवार के साथ आप अच्छा समय बितायेंगे। लोग पीठ-पीछे आपकी आलोचना करेंगे। अपनी गुप्त बातें किसी से शेयर न करें।

**कर्क** – आज कार्यशैली में सार्थक बदलाव ला सकते हैं। ऑफिस में आपको सीनियर्स का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आ रही परेशानी दूर होगी। आज समस्याओं का समाधान होने से आपका तनाव दूर होगा। कार्यक्षेत्र में आपको बहुत अच्छे परिणाम मिलेंगे।

**सिंह** – आज का दिन आपको काफी परेशान कर सकता है। अपने काम पर आपको काफी ध्यान देने की आवश्यकता है। लंबी दूरी की यात्रा आज न करें। लवमेट्स से किसी बात को लेकर झगड़ा हो सकता है। अपने खानपान को लेकर सावधानी रखें।

**कन्या** – आज संपत्ति प्राप्त होने के योग बन रहे हैं। आपको शरीर को काफी आराम देने की आवश्यकता है। लोग आपकी बातों से काफी प्रभावित रहेंगे। बच्चों की सफलता से आपको गौरव की अनुभूति होगी। दोस्तों की सलाह आपके लिए काफी काम आने वाली है।

**तुला** – आज आपको पिता के साथ अच्छे संबंध रखने चाहिए। अपने काम की गुणवत्ता पर सुधार करना पड़ेगा। कार्यक्षेत्र में आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। अपने कारोबार को लेकर बड़ा लक्ष्य बनायेंगे। उच्च शिक्षा संस्थान के प्रवेश में आ रही बाधा दूर होगी।

**वृश्चिक** – आज धार्मिक यात्राओं की प्लानिंग कर सकते हैं। आज अपने प्रेमी से दिल की बात कह सकते हैं। यदि आप नौकरी बदलना चाह रहे हैं तो यह दिन बहुत ही अच्छा है। बॉस से आपके संबंध अच्छे रहेंगे। आध्यात्मिक विचारों के प्रभाव में रहेंगे।

**धनु** – आज नई संपत्ति में बड़ा निवेश करने से आपको बचना चाहिए। कार्यक्षेत्र में आपके काम के बिगड़ने कि संभावना है। आपके विचारों में नकारात्मकता जगह ले सकती है। सेहत में थोड़ी खराबी आने की आशंका है। अपनी गलतियों को लेकर पछतावा हो सकता है।

**मकर** – आज आप अपने कार्यों को तय समय पर पूरा कर लेंगे। जीवनसाथी आपसे काफी आकर्षित रहेगा। अविवाहित जातकों का विवाह तय हो सकता है। व्यापार में बड़ा आर्थिक लाभ होने से आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**कुंभ** – आज पुराना कर्ज चुकाने के लिए दिन अनुकूल है। रक्त विकार उत्पन्न हो सकते हैं। जॉब में आपको नयी टीम के साथ काम करना पड़ सकता है। धैर्यवान होकर अपना काम करें फिलहाल ज्यादा अपेक्षा रखना उचित नहीं है।

**मीन** – आज कार्यक्षेत्र में आपके रचनात्मक विचारों और सुझाव की प्रशन्सा होगी। शाम के समय परिजनों की किसी बात पर आपको गुस्सा आ सकता है। किसी भी तरह के व्यसन व बुरी आदत से दूर रहें। रचनात्मक कार्यों में सफलता मिलेगी।

## आज की फिल्में

**B4U MOVIES**
देवता – दोपहर : 12.00
धड़कन – शाम : 06.59

**SONY MAX**
बाटला हाउस – सुबह : 11.06
फैंटम – रात : 09.23

**SONY PIX**
जुमांजी : द नेक्स्ट लेवल – सुबह : 11.26
जस्टिस लीग – शाम : 06.54

**ZEE CINEMA**
अपहरण – सुबह : 10.30
अनजाना अनजानी – रात : 07.30

**colors CINEPLEX**
चमत्कार – सुबह : 08.24
आर राजकुमार – रात : 09.36

### आज की सुपरहिट फिल्म




सोनी मैक्स पर रात : 09.23 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पति- आज ये रोटियां जली हुई कैसी हैं?
पत्नी- क्योंकि मैं आजकल खूबसूरत होती जा रही हूं।
पति- तुम्हारे खूबसूरत होने से रोटी जलने का क्या लेना-देना है?
पत्नी- रोटियां भी मेरी खूबसूरती को देखकर जलने लगी हैं।
पत्नी की बात सुनकर पति रह गया दंग।

अध्यापक ने एक छात्र से पूछा - बताओ, शाहजहां कौन था?
छात्र- जी, वह एक मजदूर था...
अध्यापक- कैसे?
छात्र- आपने ही तो कहा था कि शाहजहां ने कई इमारतों का निर्माण किया था...

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**–शिवालिक 1015 फ्लैग 1120 डीएमओ 895 बोल्ड 1185, **सम्भल-चन्दौसी**–शिवालिक 1010 फ्लैग 1130 बोल्ड 1180 डीएमओ 900।

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**–तुलसी 1910, राज श्री 1420, फ़ॉर्चून कि. 1850, रविन्द्रा 1880, फॉर्चुन ली0 1700, जय जवान 1495, सचिन 1640, सूरज 1520, अवसर 1680, राग गोल्ड 1715, गृहणी 1605, क्लासिक (किलो) 1790, मोर 1640, चक्र टिन 1725, ब्लू 1725, आशीर्वाद मस्टर्ड 1785, स्वास्तिक 1880, **किराना (प्रति कु.)**–हल्दी निजामाबाद 17500, जीरा 40000, लाल मिर्च 20000-24000, धनिया 9000-11000, अजवायान 16000-24000, मेथी 8600, सौंफ 12000-18000, सोंठ 45000, (प्रति कि.) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-950, **चावल (प्रति कु.)**–डबल चाबी सेला 10200, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4300, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4250, खजाना 4250, **दाल दलहन**–मूंग दाल इंदौर 10800, मूंग धोवा काला क्राउन 11100, राजमा चित्रा 13200-14100, राजमा भूटान नया 11500, मलका काली 6750-7100 मलका दाल 7150-7700, मलका छाँटी 7350, दाल उड़द बिलासपुर 9800-10500, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12000, उड़द साबुत दिल्ली 11800, उड़द धोवा इंदौर 13500, उड़द धोवा 11500-12100, दाल चना 7250, लाल हिंदुस्तान 7350, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8100, चना अकोला 8200, डबरा 9000-11500, सच्चा हीरा 10700, मोटा हीरा 11700, अरहर गोला मोटा 12600, अरहर पटका मोटा 13000, अरहर कोरा मोटा 13300, अरहर पटका छोटा 13800-14300, अरहर कोरी छोटी 15200, **चीनी**–डालमियां 4040, पीलीभीत 4000, नवाबगंज (नई) 3980, बहेड़ी (नई) 4000 रुपये।

# भारत की 8% की वृद्धि दर रहेगी कायम

## भारतीय रिजर्व बैंक के बुलेटिन लेख में कहा गया-इससे ऊपर भी जा सकती है जीडीपी

**मुंबई, एजेंसी**




भारत सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की आठ प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर को कायम रख सकता है या इससे भी आगे निकल सकता है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के मंगलवार को जारी 'अर्थव्यवस्था की स्थिति' पर मार्च के बुलेटिन में कहा गया है कि देश का अनुकूल वृद्धि आर्थिक माहौल वृद्धि दर को आगे बढ़ाने का आधार बन सकता है। देश की आर्थिक वृद्धि दर 2021-24 की अवधि में औसतन आठ प्रतिशत से अधिक रही है।

आरबीआई के डिप्टी गवर्नर माइकल देबब्रत पात्रा की अगुवाई वाली एक टीम द्वारा लिखे गए लेख में कहा गया कि वैश्विक अर्थव्यवस्था गति खो रही है, कुछ सबसे मजूबत अर्थव्यवस्थाओं और उच्च आवृत्ति संकेतकों में वृद्धि धीमी हो रही है। यह आने वाले समय में चीजों के और सुस्त पड़ने का इशारा कर रहे हैं।

भारत की 2023-24 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में वास्तविक जीडीपी वृद्धि छह तिमाहियों के उच्चतम स्तर पर थी। मजबूत रफ्तार, बेहतर अप्रत्यक्ष कर संग्रह और सब्सिडी में कमी की वजह से यह वृद्धि हासिल हो सकी है। लेख में कहा गया है कि संरचनात्मक मांग और कंपनियों तथा बैंकों का मजबूत बही-खाता आगे चलकर वृद्धि को और गति देने में भूमिका निभाएंगे। इसमें कहा गया-दुनिया ढांचे और धारणा में बड़े बदलावों का सामना कर रही है। ये या तो चल रहे हैं या आने वाले हैं। लेख में कहा गया है कि माहौल में अनिश्चितता फैली हुई है, जो भू-राजनीतिक और मौसम से संबंधित जोखिमों की वजह से और बढ़ गई है।

### मुद्रास्फीति को लक्ष्य तक लाने में खाद्य कीमतें बाधा

मुद्रास्फीति को तेजी से घटाकर चार प्रतिशत तक लाने के भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के लक्ष्य की दिशा में खाद्य कीमतें बाधा बन रही हैं। केंद्रीय बैंक के मार्च महीने के बुलेटिन 'स्टेट ऑफ इकनॉमी' में मंगलवार को यह बात कही गई। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित खुदरा मुद्रास्फीति दिसंबर से घट रही है और फरवरी में यह 5.09 प्रतिशत थी। आरबीआई के डिप्टी गवर्नर माइकल देवव्रत पात्रा की अगुवाई में एक टीम ने अपने लेख में कहा–भले ही प्रमुख मुद्रास्फीति में व्यापक नरमी के साथ महंगाई लगातार घट रही है, लेकिन खाद्य कीमतों के दबाव के चलते इसे तेजी से चार प्रतिशत पर लाने में बाधा पैदा हो रही है। लेख में आगे कहा गया कि वैश्विक अर्थव्यवस्था गति खो रही है और कुछ सबसे जुझारू अर्थव्यवस्थाओं में वृद्धि धीमी है। उच्च आवृत्ति संकेतक आने वाले समय में इसके और सुस्त होने की ओर इशारा कर रहे हैं। भारत में वित्त वर्ष 2023–24 की तीसरी तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर छह तिमाही के उच्चस्तर पर थी।

# विदेशी निकासी से सेंसेक्स 736 अंक गिरा

**मुंबई, एजेंसी**

- टीसीएस में हुई भारी बिकवाली निफ्टी 22,000 से नीचे आया



टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), इन्फोसिस और रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसी बड़ी कंपनियों के शेयरों में भारी बिकवाली, अन्य एशियाई बाजारों में गिरावट और विदेशी कोषों की निकासी के बीच मंगलवार को प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी एक-एक प्रतिशत तक टूट गए। जापान के केंद्रीय बैंक के 17 साल में पहली बार ब्याज दरों को बढ़ाने के फैसले से भी बाजार पर दबाव बना। बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 736.37 अंक यानी 1.01 प्रतिशत गिरकर 72,012.05 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 815.07 अंक फिसलकर 71,933.35 अंक तक आ गया था। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 238.25 अंक यानी 1.08 प्रतिशत गिरकर 21,817.45 अंक पर बंद हुआ।

निफ्टी के 50 शेयरों में 41 शेयर नुकसान में रहे। विश्लेषकों ने कहा कि इस सप्ताह अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दर पर फैसले से पहले निवेशक सतर्कता का रुख अपना रहे हैं। सेंसेक्स के शेयरों में टीसीएस में चार प्रतिशत से अधिक की गिरावट दर्ज की गई। कंपनी की प्रवर्तक टाटा संस ने एक थोक सौदे में इसके लगभग 2.3 करोड़ शेयर यानी 0.65 प्रतिशत इक्विटी हिस्सेदारी बेची है। इसके अलावा इंडसइंड बैंक, विप्रो, नेस्ले, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, इन्फोसिस, पावर ग्रिड, आईटीसी, टेक महिंद्रा, टाटा मोटर्स और अल्ट्राटेक सीमेंट में भी उल्लेखनीय गिरावट हुई।

### गिरावट से निवेशकों की 4.86 लाख करोड़ रुपये की पूंजी डूबी

**नई दिल्ली।** शेयर बाजार में मंगलवार को भारी गिरावट से निवेशकों की 4.86 लाख करोड़ रुपये की पूंजी कम हो गई। शेयर बाजार में गिरावट से बीएसई की सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 4,86,777.98 करोड़ रुपये घटकर 3,73,92,545.45 करोड़ रुपये रह गया। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि बैंक ऑफ जापान (बीओजे) के 17 साल बाद ब्याज दरें बढ़ाने के फैसले के बाद एशियाई बाजारों की धारणा प्रभावित हुई।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 75,900 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 67,250 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 50,100-50,300 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 65,950 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 65,800 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 75,000 |
| चांदी तैयार | 75,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 65,750 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 64,750 |
| चांदी पक्की | 740 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 65,800 |
| चांदी आभूषण | 75,000। |

## डीसीबी बैंक और तमिलनाड मर्कैंटाइल बैंक पर लगा जुर्माना

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक ने 'अग्रिम पर ब्याज दर' से संबंधित कुछ निर्देशों का पालन नहीं करने के लिए डीसीबी बैंक और तमिलनाड मर्कैंटाइल बैंक पर जुर्माना लगाया है। रिजर्व बैंक ने मंगलवार को बयान में कहा, डीसीबी बैंक पर 63.6 लाख रुपये का मौद्रिक जुर्माना लगाया गया है। वहीं केंद्रीय बैंक ने बताया कि तमिलनाडु मर्केंटाइल बैंक पर 'अग्रिम पर ब्याज दर' और 'बड़े क्रेडिट पर सूचना के केंद्रीय भंडार' रिपोर्टिंग में संशोधन' पर कुछ निर्देशों का पालन न करने के लिए 1.31 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

## प्रत्यक्ष कर संग्रह 20 प्रतिशत बढ़कर 18.90 लाख करोड़ रुपये पर पहुंचा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

अग्रिम कर संग्रह बढ़ने से चालू वित्त वर्ष (2023-24) में 17 मार्च तक शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 19.88 प्रतिशत बढ़कर 18.90 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है।

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने बयान में कहा कि 17 मार्च तक कुल प्रत्यक्ष कर संग्रह 18,90,259 करोड़ रुपये रहा है जिसमें 9,14,469 करोड़ रुपये कॉरपोरेट कर और व्यक्तिगत आयकर के अलावा 9,72,224 करोड़ रुपये का प्रतिभूति लेनदेन कर (एसटीटी) भी शामिल है। अग्रिम कर संग्रह 17 मार्च, 2024 तक 9.11 लाख करोड़ रुपये रहा जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि से 22.31 प्रतिशत अधिक है। कंपनियों से अग्रिम कर के तौर पर 6.73 लाख करोड़ रुपये मिले हैं जबकि व्यक्तिगत आयकरदाताओं का योगदान 2.39 लाख करोड़ रुपये है। इस बीच, चालू वित्त वर्ष में 17 मार्च तक करीब 3.37 लाख करोड़ रुपये का रिफंड भी जारी किया जा चुका है। सकल आधार पर रिफंड समायोजन से पहले कुल प्रत्यक्ष कर संग्रह 22.27 लाख करोड़ रुपये बैठता है। यह एक साल पहले की समान अवधि के मुकाबले 18.74 प्रतिशत अधिक है।

## बीओआई ने आवास ऋण पर ब्याज दर 0.15 प्रतिशत घटाई

**मुंबई।** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ इंडिया (बीओआई) ने मंगलवार को नए आवास ऋण पर ब्याज दर को 8.45 प्रतिशत से 0.15 प्रतिशत घटाकर 8.3 प्रतिशत करने की घोषणा की। सीमित अवधि की यह योजना इस महीने के अंत तक यानी 31 मार्च तक लागू रहेगी। इसमें किसी तरह का प्रसंस्करण शुल्क नहीं लगेगा। बैंक ने दावा किया कि 8.3 प्रतिशत की ब्याज दर उसके प्रतिद्वंद्वियों के बीच इस श्रेणी में सबसे कम दर है। बैंक ने कहा कि भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) और एचडीएफसी बैंक जैसे अग्रणी बैंकों में न्यूनतम दर 8.4 प्रतिशत है। यह पेशकश सिर्फ 31 मार्च तक है।

## चालू वित्त वर्ष में भारत का निर्यात 450 अरब डॉलर तक संभव

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- फियो के अध्यक्ष अश्विनी कुमार ने जताई उम्मीद



लाल सागर संकट जैसी भू-राजनीतिक चुनौतियों के बावजूद चालू वित्त वर्ष के अंत तक देश का वस्तुओं का निर्यात 450 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। निर्यातकों के शीर्ष संगठन फियो के निर्वाचित अध्यक्ष अश्विनी कुमार ने मंगलवार को यह बात कही। उन्होंने कहा कि लाल सागर संकट से पैदा हुई चुनौतियों का समाधान समुद्री बीमा और माल ढुलाई शुल्क में तर्कसंगत वृद्धि करके किया जा सकता है।

कुमार ने कहा कि देश के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए निर्यात क्षेत्र को आसान और कम लागत वाले ऋण तथा विपणन समर्थन की जरूरत है। ब्रिटेन और ओमान के साथ मुक्त व्यापार समझौतों को जल्द अंतिम रूप देने से भी निर्यात को मदद मिलेगी।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### मतुआ समुदाय को सीएए के तहत आवेदन नहीं करने का निर्देश

**कोलकाता।** नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए) के क्रियान्वयन को लेकर मतुआ समुदाय की खुशी में उस समय खलल पड़ गया जब उसके एक अहम संगठन ने अपने सदस्यों को इस नए कानून के तहत अभी नागरिकता के लिए आवेदन नहीं करने की सलाह दी, क्योंकि उनके पास बांग्लादेश में उनके पूर्व पते को साबित करने के लिए आवश्यक दस्तावेज नहीं हैं। अखिल भारतीय मतुआ महासंघ के महासचिव महितोष बैद्य ने बताया कि अपने सदस्यों से केंद्र में नई सरकार के गठन के बाद ही भारतीय नागरिकता के लिए आवेदन करने को कहा है। सीएए के नियमों को पिछले सप्ताह अधिसूचित किया गया था।

### 1.83 करोड़ से अधिक के मादक पदार्थ जब्त

**जयपुर।** राजस्थान के जालोर जिले में मंगलवार को जिला पुलिस की विशेष टीम और भीनमाल थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार करके उसके पास से एक करोड़ 83 लाख रुपये से अधिक के मादक पदार्थ बरामद किए हैं। पुलिस उपमहानिरीक्षक (पाली रेंज) ओम प्रकाश ने बताया–गुप्त सूचना पर एक टीम ने भीनमाल थाने क्षेत्र के निंबावास गांव में एक घर पर छापा मारा और एक करोड़ 83 लाख रुपये से अधिक मूल्य के मादक पदार्थ की 45,960 गोलियां बरामद करके आरोपी छगन राम चौधरी को स्वापक औषधि एवं मन प्रभावी पदार्थ अधिनियम (एनडीपीएस) की धाराओं के तहत गिरफ्तार किया है।

### हरियाणा के मुख्यमंत्री ने मंत्रिमंडल का किया विस्तार

**चंडीगढ़।** हरियाणा में नायब सिंह सैनी सरकार ने मंगलवार को आठ विधायकों को मंत्री बनाकर पहला मंत्रिमंडल विस्तार किया। सैनी और पांच मंत्रियों ने पिछले सप्ताह शपथ ली थी। राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने नए मंत्रियों को शपथ दिलाई। हिसार भाजपा विधायक कमल गुप्ता ने सबसे पहले कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली। इसके बाद सीमा त्रिखा, पानीपत विधायक महिपाल ढांडा, अंबाला से विधायक असीम गोयल, अभय सिंह यादव, सुभाष सुधा, भिवानी के बवानी खेड़ा से विधायक बिशंबर सिंह वाल्मीकि और गुरुग्राम के सोहना से विधायक संजय सिंह ने राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) पद की शपथ ली।

## तमिलनाडु में आयोजित रैली में इंडिया गठबंधन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हमला

# जो शक्ति का विनाश चाहते, वे खुद बर्बाद हो जाएंगे

**सलेम, (तमिलनाडु), एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तमिलनाडु के सलेम जिले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की 'शक्ति' वाली टिप्पणी को लेकर मंगलवार को विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) पर एक बार फिर तीखा हमला बोला और आरोप लगाया कि द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) समेत उसके सहयोगी दल इसका (शक्ति का) 'विनाश' करना चाहते हैं लेकिन वे खुद ही 'बर्बाद' हो जाएंगे।

कांग्रेस और उसकी दक्षिणी सहयोगी, तमिलनाडु की सत्तारूढ़ द्रमुक पर हमला बोलते हुए उन्होंने दोनों दलों को 'सिक्के के दो पहलू' करार दिया और उनके खिलाफ भ्रष्टाचार तथा वंशवाद की राजनीति करने के आरोप लगाए।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सलेम में लोकसभा चुनाव से पहले एक सार्वजनिक बैठक के दौरान महिलाओं से मुलाकात की। ● एजेंसी

राहुल गांधी के 'शक्ति के खिलाफ लड़ाई' वाले बयान पर सोमवार को विवाद खड़ा हो गया था और मोदी ने उस पर कड़ा जवाब देते हुए कहा था कि हर मां और बेटी उनके लिए शक्ति का रूप हैं और वह उनकी सुरक्षा के लिए अपना जीवन खपा देंगे। मोदी ने कहा-इंडी गठबंधन के लोग वाले बार-बार, जानबूझकर हिंदू धर्म का अपमान करते हैं।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केरल में किया रोड शो

**पलक्कड़ (केरल)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केरल में भाजपा के लोकसभा चुनाव अभियान के तहत पलक्कड़ लोकसभा सीट से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवार सी. कृष्णकुमार के समर्थन में मंगलवार सुबह रोड शो किया। श्री मोदी सुबह 10:25 बजे कोयंबटूर से हेलिकॉप्टर से मर्सी कॉलेज मैदान में उतरे। भाजपा के केरल प्रभारी प्रकाश जावड़ेकर, प्रदेश अध्यक्ष के सुरेंद्रन और पलक्कड़ नगरपालिका अध्यक्ष ई. कृष्णकुमार के नेतृत्व में पार्टी नेताओं ने मर्सी कॉलेज मैदान में उनका जोरदार स्वागत किया।

## बीएसएफ महानिदेशक ने नियंत्रण रेखा के पास तैयारियों की समीक्षा की

**श्रीनगर।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के विशेष महानिदेशक वाई बी खुरानिया ने जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के नजदीक तैनात जवानों की परिचालन तैयारियों की समीक्षा की। यह जानकारी बीएसएफ ने मंगलवार को दी। बीएसएफ कश्मीर ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, "वाई बी खुरानिया आईपीएस, विशेष महानिदेशक, एसडीजी मुख्यालय बीएसएफ (पश्चिमी कमान) ने एलओसी पर तैनात इकाइयों की परिचालन तैयारियों की समीक्षा करने के लिए कुपवाड़ा के अग्रिम इलाकों का दौरा किया।" बीएसएफ ने कहा कि विशेष महानिदेशक ने सैनिकों के साथ बातचीत की और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में उनके अटूट प्रदर्शन के लिए उनकी सराहना की।

## दो अलग-अलग मुठभेड़ में छह माओवादी मारे गए

**गढ़चिरौली/दंतेवाड़ा, एजेंसी**

- गढ़चिरौली में 36 लाख के 4 इनामी और दंतेवाड़ा में महिला सहित 2 नक्सली ढेर

महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में मंगलवार को पुलिस के साथ मुठभेड़ में चार नक्सली मारे गए। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इन नक्सलियों पर 36 लाख रुपये का इनाम घोषित था। वहीं छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित दंतेवाड़ा जिले में हुई मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने एक महिला नक्सली समेत दो नक्सलियों को मार गिराया है।

पुलिस अधीक्षक नीलोत्पल ने बताया कि पुलिस को सोमवार दोपहर को सूचना मिली थी कि कुछ नक्सली लोकसभा चुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता लागू होने के बीच विध्वंसक गतिविधियों को अंजाम देने के मकसद से प्राणहिता नदी पार कर पड़ोसी तेलंगाना से गढ़चिरौली में आए हैं। गढ़चिरौली पुलिस की विशेष लड़ाकू इकाई 'सी-60' के कई दलों और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के त्वरित कार्रवाई दल को इलाके में तलाशी के लिए भेजा गया तो नक्सलियों ने उस पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। सुरक्षाकर्मियों ने भी जवाबी कार्रवाई की। इसके बाद तलाशी में चार नक्सलियों के शव बरामद किए गए।

वहीं छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में हुई मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने एक महिला नक्सली समेत दो नक्सलियों को मार गिराया है। कार्रवाई के बाद जब सुरक्षाबलों ने घटनास्थल की तलाशी ली तो वहां एक महिला नक्सली समेत दो नक्सलियों के शव, दो हथियार, विस्फोटक और अन्य सामान बरामद किया है।

## राकांपा-शरदचंद्र पवार नाम से चुनाव लड़ेगा शरद गुट

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- सुप्रीम कोर्ट ने उसके चिह्न तुरही बजाता आदमी को भी दी मान्यता
- अजित गुट को झटका, पार्टी के घड़ी चुनाव चिह्न पर फैसला नहीं



सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदचंद्र पवार को आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनावों में इस नाम का उपयोग करने की अनुमति दे दी। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति विश्वनाथन की पीठ ने वरिष्ठ नेता शरद पवार की अगुवाई वाले राकांपा के धड़े को 'तुरही बजाता आदमी' को उसके चुनाव चिह्न के रूप में इस्तेमाल करने की भी अनुमति दे दी। पीठ ने शरद पवार के नेतृत्व वाले समूह की याचिका पर यह आदेश पारित किया, जिसमें अजित पवार गुट को निर्वाचन आयोग द्वारा आवंटित ''घड़ी'' चुनाव चिह्न का उपयोग करने से इस आधार पर रोकने की मांग की गई थी कि यह समान अवसर को बाधित कर रहा है। शरद पवार द्वारा स्थापित राकांपा के विभाजन से पहले इसका चुनाव चिह्न 'घड़ी' था। अब यह चिह्न अजित पवार की अगुवाई वाली पार्टी के पास है।

पीठ ने निर्वाचन आयोग और राज्य निर्वाचन आयोग (एसईसी) को 'राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदचंद्र पवार' और उसके चुनाव चिह्न 'तुरही बजाता आदमी' को मान्यता देने का निर्देश दिया। उसने आयोग को यह निर्देश भी दिया कि किसी अन्य पार्टी या निर्दलीय उम्मीदवार को यह चुनाव चिह्न आवंटित नहीं किया जाए। न्यायालय ने महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार के नेतृत्व वाली पार्टी के धड़े से अंग्रेजी, हिंदी और मराठी में अखबारों में यह सार्वजनिक नोटिस जारी करने को कहा कि 'घड़ी' चुनाव चिह्न अदालत में विचाराधीन है और इसका उपयोग फैसले के आधार पर होगा। पीठ ने अजित पवार के धड़े से चुनाव से संबंधित सभी दृश्य-श्रव्य विज्ञापनों और बैनर तथा पोस्टर आदि में भी इसी तरह की घोषणा करने को कहा। उसने अजित पवार की पार्टी को वास्तविक राकांपा मानने के निर्वाचन आयोग के छह फरवरी के आदेश के खिलाफ शरद पवार गुट की याचिका पर अजित पवार खेमे से चार सप्ताह में अपना जवाब दाखिल करने को कहा है।

## केरल में एनआईए ने मुख्य आरोपी को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

### आरएसएस नेता की हत्या का मामला

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने केरल में 2022 में राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ (आरएसएस) के एक नेता श्रीनिवासन की हत्या के मुख्य आरोपी शफीक को गिरफ्तार किया है। एक आधिकारिक बयान में मंगलवार को यह जानकारी दी गई।

बयान के मुताबिक, 16 अप्रैल, 2022 को पलक्कड़ में श्रीनिवासन की हत्या के बाद से शफीक फरार था, जिसे एनआईए की एक टीम ने राज्य के कोल्लम जिले से ढूंढ निकाला। एनआईए ने बयान में बताया कि मामले में आरोपी की संलिप्तता के लिए सोमवार को आतंकवाद निरोधक एजेंसी ने उसे हिरासत में लिया। बयान के मुताबिक, शफीक प्रतिबंधित पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) का एक प्रमुख सदस्य था, जो पिछले काफी समय से फरार था। हत्या की साजिश रचने के हिस्से के रूप में कुल 71 लोगों की पहचान की गई है और एनआईए पहले ही दो आरोपपत्र दाखिल कर चुकी है। एनआईए ने पिछले साल 17 मार्च और छह नवंबर को आरोपपत्र दाखिल किया था। केरल के मलप्पुरम जिले का रहने वाला शफीक पीएफआई का एक प्रमुख सदस्य था।

## शेफाली होंगी केंद्र सरकार की प्रवक्ता



**नई दिल्ली, अमृत विचार:** सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने 1990 बैच की भारतीय सूचना सेवा की अधिकारी शेफाली शरण को केंद्र सरकार का प्रवक्ता बनाया है। वे एक अप्रैल को पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) के प्रधान महा निदेशक पद का कार्यभार संभालेंगी। इस पद पर तैनात मनीष देसाई 31 मार्च को अवकाश ग्रहण कर रहे हैं। इससे पहले शेफाली, भारतीय निर्वाचन आयोग में सूचना महानिदेशक रह चुकी हैं। केंद्र सरकार का प्रवक्ता बनने वाली शेफाली पांचवीं महिला अधिकारी होंगी। अब तक इस पद पर जे कृष्णा, शकुंतला महावल, नीलम कपूर एवं दीपक संधू काम कर चुकी हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान शेफाली, निर्वाचन आयोग की प्रवक्ता थीं। आयोग, सरकार एवं मीडिया के बीच उनके समन्वित कामकाज की अभी तक सराहना की जाती है।

## ईडी ने बिना किसी समन के सीधे गिरफ्तार कर लिया: संजय सिंह

**नई दिल्ली।** दिल्ली आबकारी नीति 'घोटाले' से संबंधित धनशोधन के मामले में न्यायिक हिरासत में लिए गए आम आदमी पार्टी (आप) के नेता संजय सिंह ने मंगलवार को उच्चतम न्यायालय में कहा कि उनकी गिरफ्तारी से पहले उन्हें कोई समन जारी नहीं किया गया था। सिंह के वकील ने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के गवाह दिनेश अरोड़ा द्वारा जुलाई 2023 में उनके खिलाफ दी गई गवाही के बाद उन्हें गिरफ्तार किया। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ धनशोधन मामले में संजय सिंह की गिरफ्तारी और चुनौती देने वाली आरोपी की याचिका पर दलीलें सुन रही थी।

# केजरीवाल कानून के लंबे हाथों से बच नहीं सकते : पात्रा

**नई दिल्ली, एजेंसी**



भाजपा ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के कई समन की तामील नहीं करने पर मंगलवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधा और कहा कि जब तक कथित आबकारी नीति घोटाले में उनकी संलिप्तता के सबूत हैं, तब तक वह कानून के 'लंबे हाथों' से बच नहीं सकते।

भाजपा मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने इसी मामले में ईडी द्वारा गिरफ्तार भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता का बचाव करने के लिए भी आम आदमी पार्टी (आप) की आलोचना की और कहा कि जांच एजेंसियों की कार्रवाई सबूतों पर आधारित है।

पात्रा ने कहा-राजनीतिक दल जांच एजेंसियों का गठन नहीं करते हैं। भाजपा की यह प्रतिक्रिया आम आदमी पार्टी (आप) द्वारा ईडी को भाजपा की राजनीतिक शाखा बताए जाने और इसके राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल के खिलाफ जांच एजेंसी के आरोपों को खारिज किए जाने के एक दिन बाद आई है। केजरीवाल ने दिल्ली जल बोर्ड में कथित अनियमितताओं से जुड़े धनशोधन के एक मामले में सोमवार को ईडी के समन की अनदेखी की थी। आप ने ईडी के समन को 'अवैध' करार दिया और आरोप लगाया कि केंद्र की भाजपा नीत सरकार केजरीवाल को निशाना बनाने और लोकसभा चुनाव में उनको प्रचार करने से रोकने के लिए जांच एजेंसी का 'इस्तेमाल' कर रही है।

### केजरीवाल ने खटखटाया दिल्ली हाईकोर्ट का दरवाजा



दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शराब नीति से संबंधित कथित तौर पर धनशोधन करने के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर उन्हें जारी किए गए सभी नौ समन के खिलाफ दिल्ली उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत और न्यायमूर्ति मौज जैन की पीठ इस मामले में 20 मार्च को सुनवाई कर सकती है। दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल धनशोधन करने के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के बार–बार समन पर उसके समक्ष पूछताछ के लिए पेश नहीं हुए। इस मामले में शनिवार को दिल्ली की एक अदालत में वह पेश हुए थे, जहां उन्हें शर्तों के साथ जमानत मिल गई थी।

# एक दशक बाद कमेंट्री बॉक्स में वापसी करेंगे सिद्धू

नई दिल्ली, एजेंसी

आईपीएल के जरिए एक दशक बाद कमेंट्री बॉक्स में वापसी के लिए तैयार पूर्व क्रिकेटर नवजोत सिंह सिद्धू ने कहा कि इस लीग से केवल भारत ही नहीं बल्कि अन्य देशों को भी अपनी टी-20 विश्व कप टीम के चयन में मदद मिलेगी। कमेंट्री बॉक्स में वापसी से तीन दिन पहले हमेशा की तरह उत्साहित सिद्धू ने कहा कि क्रिकेट मेरा पहला प्यार है। अगर आपका शौक आपका पेशा बन जाए तो इससे बेहतर कुछ नहीं। एक बत्तख का बच्चा कभी तैरना नहीं भूलेगा, मैं कमेंट्री में उसी तरह उतरूंगा जैसे मछली पानी में उतरती है।

सिद्धू ने कमेंट्री में खास पहचान बनाई थी लेकिन इसके बाद वह राजनीति में व्यस्त हो गए थे। अब वह आईपीएल के साथ अपनी पुरानी पारी शुरू करने को तैयार हैं।



● इस लीग से भारत ही नहीं अन्य देशों को भी टी-20 विश्व कप टीम के चयन में मिलेगी मदद

आईपीएल के तुरंत बाद जून में अमेरिका और वेस्टइंडीज में टी-20 विश्व कप खेला जाएगा। सिद्धू ने कहा कि आईपीएल विश्व कप के लिए माहौल तैयार करेगा। इस दौरान कोई अन्य क्रिकेट टूर्नामेंट नहीं होगा। दुनिया की नजरें आईपीएल पर टिकी रहेंगी। इस टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करने पर केवल भारत ही नहीं बल्कि विदेशी खिलाड़ी भी टी-20 विश्व कप के लिए अपनी टीम में जगह बना सकते हैं।

सिद्धू ने भारतीय टीम के पिछले वनडे विश्व कप में प्रदर्शन के बारे में कहा कि विश्व कप में वे बहुत अच्छा खेले। केवल एक मैच उनके अनुकूल नहीं रहा। एक खराब मैच से टीम का भविष्य तय नहीं हो सकता है। भारतीय टीम लंबे समय तक राज करेगी क्योंकि क्रिकेटरों को तैयार करने की प्रणाली बहुत अच्छी और अनुकूल है। हमारे समय में खराब फॉर्म के बावजूद खिलाड़ी को टीम में रखा जाता था क्योंकि कोई नया खिलाड़ी तैयार नहीं रहता था। अब हार्दिक पंड्या मुंबई इंडियंस में कप्तान के रूप में भारतीय कप्तान की जगह ले रहा है क्योंकि उसने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है।

### रोहित और विराट के टी-20 भारतीय टीम में चुने जाने की पैरवी की

रोहित शर्मा और विराट कोहली ने पिछले टी-20 विश्व कप के बाद इस प्रारूप में बहुत अधिक मैच नहीं खेले हैं, लेकिन उनकी आगामी विश्व कप के लिए भारतीय टीम में चुने जाने की संभावना है। सिद्धू ने इन दोनों का टीम में चयन का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि इन दोनों की वहां जरूरत पड़ेगी। वह क्रिकेट जगत के दिग्गज खिलाड़ी हैं। फॉर्म सुबह की ओस की तरह होती है जो कुछ समय के लिए रहती है, लेकिन कौशल हमेशा बना रहता है। मैं कोहली को भारत के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों की सूची में शामिल करूंगा और इसका एकमात्र कारण उनकी फिटनेस है। उम्र बढ़ने के साथ वह अधिक फिट होते जा रहे हैं। तकनीकी तौर पर वह शानदार बल्लेबाज हैं तथा तीनों प्रारूप में खुद को ढालने की उनकी क्षमता अद्भुत है। यही बात रोहित पर भी लागू होती है।

# आईपीएल जीतकर कैसा महसूस होता है, यह जानना मेरा सपना है: कोहली

बेंगलुरु, एजेंसी

विराट कोहली ने उम्मीद जताई कि वे आरसीबी को डब्ल्यूपीएल की जीत का अनुकरण करने और टीम की कैबिनेट में आईपीएल ट्रॉफी जोड़ने की कोशिश करेंगे। आरसीबी ने रविवार को दिल्ली को हराकर डब्ल्यूपीएल के दूसरे चरण में ही खिताब जीत लिया। लेकिन पुरुष टीम 16 वर्षों से खिताब जीतने का इंतजार कर रही है। एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में कोहली ने कहा कि उनका ट्रॉफी जीतना शानदार था। जब उन्होंने खिताब जीता तो हम देख रहे थे। उम्मीद है कि हम ट्रॉफियों को दोगुना करेंगे जो सच में बहुत खास होगा। इस साल रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर का नाम 'रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु' किया गया है जो शहर की परंपरा का प्रतीक है। कोहली का यह आईपीएल आरसीबी के साथ 17वां चरण होगा। उन्होंने कहा कि यह जानना मेरा सपना है कि आईपीएल ट्रॉफी जीतने का अहसास कैसा होता है। मैं उस टीम का हिस्सा बनना चाहता हूं जो पहली बार ट्रॉफी जीतेगी।

### कोहली ने जो हासिल किया वह उल्लेखनीय है: मंधाना



नई दिल्ली। आरसीबी की कप्तान स्मृति मंधाना का मानना है कि डब्ल्यूपीएल खिताबी जीतने के संदर्भ में विराट कोहली की फ्रेंचाइजी के लिए हासिल की गई उपलब्धियों को कम आंकना गलत होगा। मंधाना की अगुवाई में आरसीबी ने डब्ल्यूपीएल के दूसरे सत्र में ही चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया जबकि पुरुष टीम खिताब जीतने में नाकाम रही। इस दौरान एक दशक तक कोहली टीम के कप्तान रहे। मंधाना ने कहा कि खिताब अलग चीज है, लेकिन कोहली ने देश के लिए जो हासिल किया है वह उल्लेखनीय है। उन्होंने जो कुछ हासिल किया है, उसे देखते हुए मुझे नहीं लगता की तुलना करना चाहिए। मैं तुलना करना इसलिए सही नहीं मानती क्योंकि उन्होंने जो हासिल किया है उसका कोई सानी नहीं है।

## खेल डायरी

### काउंटी चैंपियनशिप में फिर ससेक्स से खेलेंगे उनादकट



होव, एजेंसी। भारतीय तेज गेंदबाज जयदेव उनादकट इस साल काउंटी चैंपियनशिप में इंग्लैंड के क्लब ससेक्स से अंतिम पांच मैचों में खेलेंगे। भारत की तरफ से चार टेस्ट खेलने वाले उनादकट ने पिछले सत्र में ससेक्स से काउंटी चैंपियनशिप में चार मैच में 11 विकेट लिए थे। उनकी टीम तब डिवीजन दो में तीसरे स्थान पर रही थी। उनादकट ने भारत की तरफ से आखिरी मैच पिछले साल वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट के रूप में खेला था। सौराष्ट्र ने 2019-20 में उनादकट की अगुवाई में रणजी का खिताब जीता था। पिछले सत्र में उनादकट ने लीस्टरशर के खिलाफ दूसरी पारी में 6 विकेट लेकर टीम को 15 रन से जीत दिलाने में भूमिका निभाई थी और वह फिर से यह प्रदर्शन दोहराने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### अंतिम क्वालीफाइंग के लिए चुनी 12 सदस्यीय टीम

नई दिल्ली, एजेंसी। राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता श्रेयसी सिंह, मेराज अहमद खान और विश्व कप विजेता गनेमत सेखों को ओलंपिक के लिए दोहा में 19 से 29 अप्रैल तक होने वाले अंतिम क्वालीफाइंग टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए मंगलवार को 12 सदस्यीय शॉटगन टीम में चुना गया। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने जुलाई अगस्त में होने वाले कई अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धा के लिए टीम की घोषणा की। इसमें चार कोटा दाव पर लगे होंगे, जिसमें पुरुष और महिला टीम के लिए ट्रैप एवं स्कीट में एक एक कोटा होगे। तीन टीम में पुरुष ट्रैप में पृथ्वीराज टोंडाईमान और विवान कपूर जबकि महिला ट्रैप के लिए श्रेयसी और मनीषा कीर तथा मेराज और शीराज शेख पुरुष स्कीट और महेश्वरी चौहान महिला स्कीट में शामिल होने वाले निशानेबाज हैं।

### चोट से अमेरिका में मैत्री मैच नहीं खेल पाएंगे मेसी

ब्यूनस आयर्स, एजेंसी। अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेसी दाहिने पांव की मांसपेशियों में खिंचाव से अमेरिका में इस महीने होने वाले दो मैत्री मैचों में नहीं खेल पाएंगे। अर्जेंटीना फुटबॉल संघ ने यह जानकारी दी। मेसी पिछले सप्ताह इंटर मियामी की तरफ से खेलते हुए चोटिल हो गए थे। अर्जेंटीना को शुक्रवार को फिलाडेल्फिया में अल साल्वाडोर के खिलाफ मैच खेलना है जबकि इसके चार दिन बाद वह लॉस एंजेलिस में कोस्टारिका का सामना करेगा। छत्तीस वर्षीय मेसी इन दोनों मैच में नहीं खेल पाएंगे। अर्जेंटीना इस साल जून जुलाई में अमेरिका में होने वाले कोपा अमेरिका की तैयारियों के सिलसिले यह मैच खेल रहा है। अर्जेंटीना के स्ट्राइकर पाउलो डायबाला और मिडफील्डर एक्सक्विल पलासियोस भी चोटिल होने के कारण इन मैचों में नहीं खेल पाएंगे।

### नागल ने मियामी ओपन में कनाडा के गैब्रियल डायलो को हराया



नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने मियामी ओपन में अपने पदार्पण मैच में कनाडा के गैब्रियल डायलो को हराकर शानदार शुरुआत की। इस खिलाड़ी ने क्वालीफायर के पहले दौर में डायलो को 7-6(3) 6-2 से पराजित किया। पिछले महीने चेन्नई ओपन की जीत के बाद विश्व के शीर्ष 100 खिलाड़ियों में जगह बनाने वाले नागल अगले दौर में कोलमैन वोंग का सामना करेंगे। नागल ने पहले सेट को टाई ब्रेकर में जीतने के बाद दूसरे सेट में दबदबा बनाए रखा। उन्होंने इस सेट के पहले और सातवें गेम में डायलो की सर्विस तोड़ी। इस जीत से नागल सर्वश्रेष्ठ 92वीं रैंकिंग पर पहुंच सकते हैं। नागल ने राफेल नडाल के हटने से अपने पिछले टूर्नामेंट इंडियन वेल्स के मुख्य ड्रॉ में जगह बनाई थी लेकिन तब वह पहले दौर में मिलोस राओनिच से हार गए थे। इस खिलाड़ी ने जनवरी में ऑस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर में भी जगह बनाई थी।

# रोहित ने हार्दिक और बुमराह का समर्थन किया: पटेल

## पार्थिव ने रोहित के नेतृत्व कौशल की तुलना चेन्नई के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी से की

मुंबई, एजेंसी



पूर्व क्रिकेटर पार्थिव पटेल ने कहा कि हार्दिक पंड्या और जसप्रीत बुमराह जब आईपीएल में मुंबई की तरफ से संघर्ष कर रहे थे तब रोहित शर्मा ने उनका समर्थन किया था। पार्थिव ने रोहित के नेतृत्व कौशल की तुलना चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी से की और कहा कि रोहित ने कभी कोई गलती नहीं की जबकि चेन्नई के कप्तान ने अपने लंबे करियर के दौरान कुछ गलतियां की।

पार्थिव ने कहा कि सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि रोहित ने हमेशा अपने खिलाड़ियों का समर्थन किया। इसका सबसे अच्छा उदाहरण हार्दिक पंड्या और जसप्रीत बुमराह हैं। बुमराह 2014 में मुंबई इंडियंस से जुड़े और 2015 तक उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं था। उन्होंने कहा कि वे यहां तक की आधे सत्र के बाद उन्हें वापस भेजने पर विचार कर रहे थे, लेकिन रोहित शर्मा को उनकी योग्यता पर भरोसा था और 2016 के बाद उनका प्रदर्शन बेहतरीन रहा। पार्थिव ने कहा कि ऐसा ही हार्दिक पंड्या के साथ हुआ। वह 2015 में



आया और लोकप्रिय बन गया। 2016 में उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था लेकिन मुंबई इंडियंस ने उन पर भरोसा बनाए रखा। इस पूर्व विकेटकीपर ने रोहित शर्मा की कप्तानी की प्रशंसा भी की। उन्होंने कहा कि मैच में जब तनावपूर्ण पल होते हैं तो कुछ गलत फैसले या गलतियां हो सकती हैं लेकिन रोहित शर्मा की कप्तानी की विशेषता यह है कि पिछले 10 वर्ष में उन्होंने कोई गलती नहीं की। यहां तक की धोनी ने भी गलतियां की, लेकिन आपने रोहित शर्मा को कभी गलती करते हुए नहीं देखा होगा।

### हसारंगा निलंबित, आईपीएल के शुरुआती मैचों में होने की उम्मीद



दुबई, एजेंसी। आईसीसी की ओर से दो टेस्ट मैच की शृंखला से निलंबित होने के बाद वानिंदु हसारंगा सनराइजर्स हैदराबाद के शुरुआती मैचों में उपलब्ध हो सकते हैं। हसारंगा ने सफेद गेंद पर ध्यान देने के लिए लंबे प्रारूप से संन्यास की घोषणा की थी लेकिन मंगलवार को उन्होंने संन्यास वापसी कर ली थी। इस खिलाड़ी को दो टेस्ट मैच की शृंखला के लिए श्रीलंका की टीम में चुना गया। आईसीसी ने सूचित किया कि हसारंगा 8 'डिमैरिट अंक' की दहलीज पर पहुंच गए, जिन्हें आचार संहिता के अनुच्छेद 7.6 के अनुसार 4 निलंबन अंक में तब्दील कर दिया जो दो टेस्ट मैच या फिर चार वनडे और टी-20 में निलंबन के बराबर हैं। आईसीसी ने कहा कि हसारंगा को खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.8 के उल्लघंन का दोषी पाया गया जो मैच के दौरान अंपायरों के फैसले के प्रति नाराजगी दिखाने से जुड़ा है। बांग्लादेश के खिलाफ हाल में समाप्त हुए तीसरे वनडे के दौरान 37वें ओवर में हसारंगा ने मैदानी अंपायर के हाथ से अपनी कैप छीनी थी और मैच में अंपायरिंग का मजाक उड़ाया था।

### फैसले के लिए 'स्मार्ट रीप्ले' प्रणाली शुरू करेगा आईपीएल

मुंबई। आईपीएल में फैसलों में तेजी और सटीकता के लिए 'स्मार्ट रीप्ले' प्रणाली शुरू होगी। टीवी अंपायर को 'हॉक आई' के दो ऑपरेटरों से सीधे इनपुट मिलेंगे जो उनके साथ एक ही कमरे में बैठेंगे और 8 हाई-स्पीड कैमरों से ली गई फोटो से मदद करेंगे। इस प्रणाली के अंतर्गत टीवी प्रसारण निर्देशक की भूमिका गैर जरूरी होगी जो अंपायर और हॉक-आई ऑपरेटरों के बीच सूचना आदान-प्रदान करने का काम करता रहा है। नई प्रणाली टीवी अंपायर को फोटो विश्लेषण का मौका प्रदान करेगी और हॉक आई ऑपरेटरों के साथ उनकी बातचीत का प्रसारण भी करेगी ताकि दर्शकों को फैसले की प्रक्रिया समझ आ जाए। इस प्रणाली से अंपायर को विभिन्न कोण से अधिक और स्पष्ट फोटो देखने में मदद मिलेगी, जिससे बाउंड्री के पास कैच, पीछे पकड़े कैच, पगबाधा, स्टंपिंग पर फैसला कर पाएंगे। बीसीसीआई के कार्यशाला में 15 अंपायर स्मार्ट रीप्ले प्रणाली का इस्तेमाल करेंगे।

## ऋषभ पंत बने दिल्ली के कप्तान

ऋषभ पंत को दिल्ली कैपिटल्स का कप्तान बनाया गया। दिल्ली के अध्यक्ष और सह मालिक पार्थ जिंदल ने कहा कि हमें कप्तान के रूप में ऋषभ का स्वागत करते हुए खुशी हो रही है। हम नए जोश और उत्साह के साथ सत्र का इंतजार कर रहे हैं। बीसीसीआई ने पंत को आईपीएल खेलने की मंजूरी दी थी। बोर्ड ने कहा कि सड़क दुर्घटना के बाद 14 महीने की रिहैबिलिटेशन प्रक्रिया से गुजरने के बाद ऋषभ पंत को अब आईपीएल 2024 के लिए विकेटकीपर बल्लेबाज के रूप में फिट घोषित किया गया है।

### कुशाग्र खेलने को बेताब



विशाखापत्तनम। दिल्ली के युवा विकेटकीपर बल्लेबाज के लिए आईपीएल अनुबंध मिलना सपना साकार होना था और अब वह ऋषभ पंत के साथ खेलने को बेताब हैं क्योंकि वह उन जैसे स्टार खिलाड़ियों को खेलते हुए देखकर ही बड़े हुए हैं। झारखंड के बोकारो के कुशाग्र ने 19 प्रथम श्रेणी मैच में 1245 रन बनाए हैं और इस समय वह टीम के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग की देखरेख में ट्रेनिंग कर रहे हैं। उन्हें फ्रेंचाइजी ने 7.2 करोड़ में खरीदा था। कुशाग्र के साथ आल राउंडर सुमित कुमार और रिकी भुई टीम के नए खिलाड़ियों में शामिल हैं।

### मुंबई के शुरुआती मैच में नहीं खेल पाएंगे सूर्यकुमार

मुंबई। सूर्यकुमार यादव को एनसीए से फिटनेस मंजूरी मिलना बाकी है, जिससे तय है कि वह 24 मार्च को गुजरात के खिलाफ मुंबई के मैच में नहीं खेल पाएंगे। सूर्यकुमार 'स्पोर्ट्स हर्निया' की सर्जरी के बाद 'रिहैबिलिटेशन' के लिए बेंगलुरु स्थित एनसीए में थे। सूर्यकुमार का मंगलवार को एनसीए में फिटनेस टेस्ट भी कराया गया, लेकिन इस खिलाड़ी के फिटनेस के आकलन की जरूरत है। सूर्यकुमार का गुरुवार को फिर एक बार आकलन होगा।

### एक्शन को देखते हुए बुमराह को आराम की जरूरत: मैकग्रा



चेन्नई, एजेंसी। पूर्व तेज गेंदबाज ग्लेन मैकग्रा ने चेताया कि जसप्रीत बुमराह को सत्र में ब्रेक की जरूरत है क्योंकि उनका एक्शन ऐसा है कि उनको और अधिक चोटें लग सकती हैं। बुमराह मार्च 2023 में पीठ की 'स्ट्रेस फ्रेक्चर' की सर्जरी कराने के बाद और सितंबर 2022 से पहले भी वह खेल से दूर ही थे। मैकग्रा ने कहा कि बुमराह जैसे गेंदबाज को सत्र के बीच में आराम की जरूरत है क्योंकि वह प्रत्येक गेंद में काफी प्रयास करता है।

# लक्ष्य सेन बीडब्ल्यूएफ रैंकिंग में 13वें स्थान पर पहुंचे

नई दिल्ली, एजेंसी



लक्ष्य सेन आल इंग्लैंड चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन के बूते बीडब्ल्यूएफ रैंकिंग में पांच पायदान की छलांग के साथ 13वें नंबर पर हैं। अल्मोड़ा के लक्ष्य बर्मिंघम में सेमीफाइनल तक पहुंचे और 15वें स्थान में सुधार करने में सफल रहे। अप्रैल में शीर्ष 16 खिलाड़ी ओलंपिक में जगह बनाएंगे। एचएस प्रणय पेरिस की दौड़ में नौवें नंबर पर हैं और सेन के भी कट में जगह बनाने की उम्मीद है। किदाम्बी श्रीकांत 27वें और प्रियांशु राजावत 32वें स्थान पर हैं। महिला एकल में पीवी सिंधू 11वें स्थान पर हैं। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी शीर्ष पर है जबकि अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रास्टो 20वें स्थान पर हैं। त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद रैंकिंग में 26वें स्थान पर हैं।

# विनेश-साक्षी का पीएम से बृजभूषण को बाहर करने का आग्रह

नई दिल्ली, एजेंसी

विनेश फोगाट और साक्षी मलिक ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बृजभूषण शरण सिंह जैसे लोगों को खेलों से बाहर करने का आग्रह करते हुए भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) को प्रशासनिक अधिकार सौंपने के लिए भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की निंदा की।

इन दोनों ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट में कड़े शब्दों का उपयोग किया है तथा प्रधानमंत्री से इस हस्तक्षेप की अपील की है। ये दोनों उन प्रदर्शनकारी पहलवानों में थीं जिन्होंने बृजभूषण पर यौन उत्पीड़न करने का आरोप लगाया था। अगले महीने 50 किग्रा भार वर्ग में ओलंपिक क्वालीफायर्स में भाग लेने की तैयारी में जुटी फोगाट ने पोस्ट किया कि प्रधानमंत्री जी स्पिन मास्टर हैं, अपने प्रतिद्विंदियों



के भाषणों का जवाब देने के लिए 'महिला शक्ति' का नाम लेकर बात को घुमाना जानते हैं। नरेंद्र मोदी जी, हम महिला शक्ति की असल सच्चाई भी जान लीजिए। महिला पहलवानों का शोषण करने वाला बृजभूषण फिर से कुश्ती पर काबिज हो गया है। उम्मीद है कि आप महिलाओं को ढाल बनाकर इस्तेमाल नहीं करेंगे, बल्कि खेल संस्थाओं से ऐसे अत्याचारियों को बाहर करने के लिए कुछ करेंगे। साक्षी मलिक ने कहा कि महासंघ के पदाधिकारी ऐसा व्यवहार कर रहे हैं जैसे वे कानून से ऊपर हैं। इतिहास गवाह है कि इस देश के ताकतवर लोगों ने महिलाओं के सम्मान से खिलवाड़ किया है, लेकिन संपन्न दुराचारी इतना ताकतवर है कि वो सरकार, संविधान और न्यायपालिका सबसे ऊपर है। सरकार द्वारा कुश्ती संघ को निलंबित करने के बाद बृजभूषण व संजय सिंह ये बयान देते रहे कि यह निलंबन सिर्फ़ दिखावा है, कुछ दिन बाद हम बहाल हो जाएंगे और हमारा ही कुश्ती संघ पर क़ब्ज़ा रहेगा। साक्षी ने कहा कि ये बात सच साबित हुई और संघ के पत्र ने इस पर मुहर लगाया कि इस नये भारत में भी नारियों के अपमान की पुरानी परंपरा क़ायम रहेगी। इन पहलवान की यह कड़ी प्रतिक्रिया भारतीय ओलंपिक संघ द्वारा देश में कुश्ती का संचालन करने वाली तदर्थ समिति को भंग करने और बृजभूषण के करीबी सहयोगी संजय सिंह के नेतृत्व में डब्ल्यूएफआई को बागडोर सौंपने के एक दिन बाद आई है।

# बॉलीवुड हलचल

## कुणाल ने लिखा फिल्म मडगांव एक्सप्रेस का गाना हम यहीं...



मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता कुणाल खेमू के निर्देशन में बनी फिल्म 'मडगांव एक्सप्रेस' का गाना हम यहीं रिलीज हो गया है। कुणाल मडगांव एक्सप्रेस के साथ निर्देशन के क्षेत्र में डेब्यू करने जा रहे हैं। इस फिल्म में दिव्येंदु शर्मा, प्रतीक गांधी और अविनाश तिवारी की मुख्य भूमिका है। फिल्म मडगांव एक्सप्रेस का गाना हम यहीं रिलीज हो गया है। गाना के साथ कुणाल ने गायन-गीत लेखन के क्षेत्र में डेब्यू किया है। हम यहीं गाना कुणाल द्वारा सह-संगीतबद्ध, गाया और लिखा गया है। गाना हम यहीं दोस्तों के अनमोल यादों को याद दिलाता है, जिसमें साझेदारी और खुशी का एहसास है। गाने का संगीत अंकुर तिवारी कंपोज किया है। रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर के प्रोडक्शन हाउस में बनी मडगांव एक्सप्रेस एक कॉमेडी फिल्म है, जो तीन दोस्तों के एक अतरंगी रोड ट्रिप पर आधारित होगी।

फिल्म में तीन बचपन के दोस्त गोवा की यात्रा पर निकलते हैं, बीच रास्ते में उनके साथ क्या-क्या गुजरती है इसे हलकी-फुलकी कॉमेडी के रूप में इस फिल्म में पेश किया गया है। मडगांव एक्सप्रेस 22 मार्च, 2024 को रिलीज होगी।

## फिल्म बड़की माई में नजर आएंगी मणि और रक्षा




मुंबई, एजेंसी। जी बायोस्कोप प्रस्तुत फिल्म बड़की माई में जय यादव के साथ बंगाली ब्यूटी मणि भट्टाचार्य और रक्षा गुप्ता मुख्य किरदार में नजर आएगी। फिल्म के निर्माता दीपक शाह जबकि निर्देशक सुजीत वर्मा हैं। निर्माता दीपक शाह ने कहा कि बड़की माई शानदार फिल्म है और इसमें जय यादव की भूमिका महत्वपूर्ण है। जय यादव इंडस्ट्री के बेहतरीन कलाकारों में से है और उनकी फिल्म को दर्शकों से खूब सराहना मिलती है। उम्मीद हैं कि वे फिल्म में भी अपनी अदाकारी से सबों का दिल जीत लेंगे। निर्देशक सुजीत वर्मा ने कहा कि फिल्म की पटकथा दर्शकों को लुभाने वाली है। जय जैसे कलाकार के होने से फिल्म बेहद अच्छी बन रही है। जय का अभिनय इन दिनों दर्शकों में बेहद लोकप्रिय है और उनके साथ सेट पर काम करने वाले लोग भी बेहद सहज हैं। इसलिए हमें लगता है कि हम सब मिलकर बेहतरीन फिल्म लेकर आने वाले हैं जो भोजपुरी बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाएगी। वहीं, जय ने बताया कि बड़की माई की कहानी सामाजिक सरोकारों से जुड़ी है और यह दर्शकों के दिलों दिमाग पर छा जाने वाली है। उन्होंने कहा कि इस फिल्म में हर किरदार जरूरी है और जिसका एक दूसरे के साथ सामान्य से भी बेजोड़ देखने को मिलेगा। निर्देशक सुजीत वर्मा के साथ काम करने का अनुभव बेहद खास होने वाला है। वह इससे पहले कई हिट फिल्में दे चुके हैं और अब हम लोग एक बड़े प्रोजेक्ट पर पूरे की जान से लगे हैं। उम्मीद करते हैं कि जब यह फिल्म सिनेमाघर में रिलीज होगी। फिल्म बड़की माई में विमल पांडे, माया यादव, राजेश तोमर और नीलम पांडे की भी अहम भूमिका है।

### सुमन राज और काजल त्रिपाठी का नया गीत रिलीज

मुंबई, एजेंसी। गायिका सुमन राज और अभिनेत्री काजल त्रिपाठी का नया होली गीत 'रंग डलले बा ईयरवा' रिलीज हो गया है। होली गीत वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर है। इस गाने को सुमन राज ने गाया है जबकि काजल त्रिपाठी पर फिल्माया गया है। वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत भोजपुरी होली गीत 'रंग डलले बा ईयरवा' के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। इस गाने को शुभदयाल सोहरा एवं कृष्णा संगम ने लिखा है, जबकि संगीतकार विक्की वॉक्स हैं। वीडियो डायरेक्टर सुनील बाबा, कोरियोग्राफर गोल्डी जायसवाल, सनी सोनकर, डीओपी गौरव राय, राजन, एडिटर आलोक गुप्ता हैं। मिक्स एवं मास्टर अंकित अहीर, डीआई रोहित सिंह ने किया है। प्रोडक्शन पंकज सोनी का है।

## हिंदुस्तान के साथ अमेरिका में 29 को रिलीज होगी महादेव का गोरखपुर



मुंबई, एजेंसी। भोजपुरी, हिंदी, तमिल, तेलुगु और कन्नड़ भाषा में बनी भोजपुरी सिनेमा के मेगा स्टार रवि किशन की मल्टीलैंग्वेज फिल्म महादेव का गोरखपुर हिंदुस्तान के साथ अमेरिका में भी 29 मार्च को रिलीज होगी। रवि किशन अभिनीत फिल्म महादेव का गोरखपुर 29 मार्च से एक-साथ देश-विदेश में प्रदर्शन के लिए तैयार है। फिलहाल इस फिल्म को बिहार में 72, उत्तरप्रदेश में 52, पश्चिम बंगाल और आसाम के 23 थियेटर में सिनेपोलिस द्वारा रिलीज किया जा रहा है। आगामी लोकसभा चुनावों में महादेव भक्त रवि किशन इस बार पुनः गोरखपुर संसदीय क्षेत्र से चुनाव मैदान में हैं। रवि किशन ने बताया कि गोरखपुर वास्तव में शिव जी की ही नगरी है और फिल्म महादेव का गोरखपुर में महादेव प्रभु की जिस तरह से भक्ति स्तुति की गई है, वह अवर्णनीय है। पूरी शूटिंग गोरखपुर और आसपास के लोकेशन पर ही की गई है, जिसमें महादेव की गोरखपुर के प्रति आस्था भी बखूबी दिखाई गई है। महादेव का गोरखपुर एक बेहद ही शानदार फिल्म है और इसमें दर्शकों को भरपूर आनंद भी मिलेगा। रवि किशन के होम प्रोडक्शन रवि किशन प्रोडक्शन्स और वाया फिल्म्स के बैनर तले बनी फिल्म के लेखक साई नारायण हैं, फिल्म का निर्देशन दक्षिण भारतीय फिल्मों के मशहूर निर्देशक राजेश मोहनन ने किया है। महादेव का गोरखपुर के निर्माता प्रितेश शाह और सलिल शंकरन, वहीं फिल्म के सह निर्माता अरविंद सिंह, अमरजीत दहिया, एक्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर शंकर नारायण, सिनेमेटोग्राफर अरविंद सिंह हैं। संगीत निर्देशन अगम अग्रवाल और रंजिम राज ने किया है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली, पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

